सेंसेक्स 73,128.77 ▲ -199.16
डॉलर 83.076 ▲ +0.224

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 23.0 | 13.0 | 15.0 |
| धनबाद | 22.0 | 15.0 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 17.0 | 19.0 |
| पलामू | 23.0 | 13.0 | 14.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते





रांची, पौष शुक्ल पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 17 जनवरी 2024, वर्ष-24, अंक- 340, पृष्ठ-10, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय प्रेरणादायी हैं गुरु गोबिंद सिंह के ...8
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
राष्ट्रीय पुरस्कार मेरे लिए एक सपने के सच ... 12 देश-विदेश







## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,750

चांदी (1 किलो) 78,300

## एक नजर

### सीएम से मिले कोयला मंत्रालय के अपर सचिव एम नागराजू



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कोयला मंत्रालय के अपर सचिव एम नागराजू और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान सीसीएल के साथ टीवीएनएल के विस्तार पर चर्चा हुई। इस मौके पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे भी इस मौके पर मौजूद थे।

### प. सिंहभूम में 5 किलो का आईईडी बरामद

**पश्चिम सिंहभूम।** जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान में मंगलवार को गोइलकेरा थाना क्षेत्र के वनग्राम लेमसाडीह और बामियाबुरु जंगली इलाकों में सुरक्षाबलों ने एक पांच किलो का आईईडी बरामद किया। बाद में बम को उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की मदद से नष्ट कर दिया गया। कोल्हान जंगल में बड़े माओवादी नेता सक्रिय हैं, जिनकी तलाश में सुरक्षाबल के जवान लगातार अभियान चला रहे हैं। माओवादी पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने के लिए आईईडी प्लांट कर रहे हैं लेकिन सुरक्षाबल के जवान हर बार नक्सलियों को मात दे रहे हैं।

### सूर्यकुंड मेला जा रहे दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर थाना इलाके के जीटी रोड स्थित संतरुप्पी मोड़ में मंगलवार दोपहर सूर्यकुंड मेला देखने जा रहे बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। बताया गया कि थाना इलाके के डोंडलो गांव के रहने वाले 20 वर्षीय अजय कुमार और 19 वर्षीय सन्नी कुमार बाइक से घर से हजारीबाग-बरकट्ठा के सूर्यकुंड मेला देखने जा रहे थे। इसी दौरान हजारीबाग की ओर से आ रहे गैस सिलेंडर लोड ट्रक से बाइक की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों की मौत हो गयी।

# ईडी ने चेतावनी समझने में देर की तो गंभीर परिणाम होंगे : झामुमो

## ■ ईडी के नाम पर डराया जा रहा है, हम लड़नेवाले लोग हैं, डरेंगे नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झामुमो ने ईडी की कार्रवाई को एक बार फिर राजनीति से प्रेरित करार दिया है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को ईडी की कार्रवाई पर रोष जताते हुए कहा कि इससे राज्य की जनता में आक्रोश है। ईडी ने अगर चेतावनी को समझने में देर की तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने ईडी की कार्रवाई पर सवाल भी उठाए। कहा कि चुनावी वर्ष में अभी का समय काफी महत्वपूर्ण है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि वर्ष 2024 चुनाव का साल है, तीन से छह माह तक का समय हर राजनीतिक दल के लिए महत्वपूर्ण है। कहा कि मई के अंत तक नयी लोकसभा का गठन हो जायेगा। मार्च के दूसरे सप्ताह के बाद मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू होगा। उसके बाद तिथियों की घोषणा होगी। इस दौरान सभी दल, अपने द्वारा किये गये कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे। इसे प्रभावित करने और डराने का काम किया जा रहा है। ईडी के नाम पर डराया जा रहा है, मगर हमलोग डरनेवाले नहीं है, लड़ने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दलों को केंद्रीय एजेंसियां के माध्यम से डराने का काम किया जा रहा है। आरोप लगाया कि राजस्थान और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### न हेमंत झुके हैं, न झामुमो झुकेगा : विजय हांसदा



**साहिबगंज।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी से मिल रहे के लगातार समन के विरोध में मंगलवार को झामुमो ने रैली निकाली और प्रदर्शन किया। मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता हेमलाल मुर्मू ने कहा कि केंद्र सरकार जनता की चुनी हुई हेमंत सोरेन की सरकार को अस्थिर करने में लगी है। झामुमो इसका विरोध करेगी। हेमलाल ने घोषणा किया कि बुधवार को साहिबगंज जिला में शांतिपूर्ण बंद और रेल चक्का जाम भी किया जाएगा। वहीं राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर मुख्यमंत्री की छवि धूमिल करना चाह रही है। झामुमो इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। केंद्र सरकार होश में आये, नहीं तो पत्थर व कोयला बंद हुआ तो पूरे देश में हाहाकार मच जाएगा। केंद्र सरकार इस बात को समझ जाए कि न हेमंत झुके हैं, न झामुमो झुकेगा।

### सीएम की अकड़ हुई कम : बाबूलाल

सीएम ने ईडी को उनसे पूछताछ करने की इजाजत दे दी है। सीएम ने ईडी को सूचित किया है वह 20 जनवरी को सीएम आवास पर आकर उनसे पूछताछ कर सकती है। बाबूलाल मरांडी ने उन पर तंज कसा है। मरांडी ने कहा है कि सीएम की अकड़ कम होती नजर आ रही है।

### कोयला व्यवसायी इजहार गिरफ्तार

**हजारीबाग।** ईडी ने मनरेगा घोटाले में गिरफ्तार पूर्व आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के करीबी हजारीबाग के कोयला व्यवसायी इजहार अंसारी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी की टीम मंगलवार की सुबह इजहार अंसारी के मिल्लत कॉलोनी स्थित घर और कुजू ओपी क्षेत्र स्थित कोयला प्लांट में पहुंचकर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ईडी की टीम ने देर शाम इजहार अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। उसके ठिकानों से 13 लाख रुपये नकदी के अलावा विभिन्न शेल कंपनियों और काले धन के निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं, जिसका ईडी सत्यापन कर रही है। ईडी ने जहां छापेमारी की है, उनमें हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र के मिल्लत कालोनी स्थित आवास, रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र में इजहार की फैक्टरी और एक अन्य ठिकाना शामिल हैं।

### राजस्थान के पूर्व मंत्री महेश जोशी के ठिकानों पर ईडी का छापा



**जयपुर।** जल जीवन मिशन घोटाले के संबंध में मंगलवार को पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई की। ईडी की टीम ने पूर्व मंत्री जोशी के दो आवासों, जलदाय विभाग के दो ठेकेदारों और दो अधिकारियों के ठिकानों पर छापा मारा है।

### तृणमूल नेता के दफ्तर पर छापा बांग्लादेशी मुद्रा की बरामद



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आध्या से जुड़ी एक विदेशी मुद्रा विनिमय लेनदेन इकाई से भारी मात्रा में बांग्लादेशी मुद्रा बरामद की है। सूत्रों ने बताया कि कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके में स्थित उस कार्यालय से कुल 6,00,000 बांग्लादेशी टका बरामद किए गए।

### समन के बावजूद ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे सीएम के प्रेस सलाहकार

साहिबगंज में हुए अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन के बावजूद मंगलवार को ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। हालांकि, काफी देर तक ईडी के अधिकारी अभिषेक प्रसाद का इंतजार करते रहे लेकिन वह नहीं पहुंचे। ईडी ने गत छह जनवरी को समन जारी कर प्रेस सलाहकार को 16 जनवरी को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय पूछताछ के लिए बुलाया था। इससे पूर्व ईडी ने बीते 11 जनवरी को साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और 15 को आर्किटेक्ट विनोद सिंह को समन कर पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन दोनों ईडी कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। उल्लेखनीय है कि ईडी ने अवैध खनन मामले में 12 ठिकानों पर एक साथ तीन जनवरी को छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने विभिन्न आपत्तिजनक डिजिटल उपकरण, दस्तावेज, रिकॉर्ड और रुपये की नकदी बरामद की। साहिबगंज के डीसी राम निवास यादव के कैंप कार्यालय से 7.25 लाख सहित 36.99 लाख बरामद किये गये थे।

पीएम ने एनएसीआईएन के नए परिसर का किया उद्घाटन, बोले

# देश में व्यापार को आसान बनाने वाला इकोसिस्टम होगा तैयार

## पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले

## केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कर प्रणाली में बहुत बड़े सुधार किए



**एजेंसी। आंध्र प्रदेश**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, एनएसीआईएन की भूमिका देश को एक आधुनिक इकोसिस्टम देने की है। एक ऐसा इकोसिस्टम जो देश में व्यापार को आसान बना सके, जो भारत को वैश्विक व्यापार का अहम पार्टनर बनाने के लिए मैत्रीपूर्ण माहौल बना सके, जो टैक्स, सीमा शुल्क, नशीले पदार्थ, जैसे विषयों के माध्यम से देश में व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा दें। प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश में नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि हमारी सरकार के पिछले 9 वर्षों के दौरान करीब 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, जिस देश में दशकों तक गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते रहे, उस देश में सिर्फ 9 वर्ष में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कर प्रणाली में बहुत बड़े सुधार किए, जिसके परिणामस्वरूप रिकॉर्ड कर संग्रह हुआ है। उन्होंने कहा, पहले देश में भांति-भांति की टैक्स व्यवस्थाएं थीं, जो सामान्य नागरिक को जल्दी समझ में नहीं आती थीं। पारदर्शिता के अभाव में ईमानदार करदाता को, व्यापार से जुड़े लोगों को परेशान किया जाता था। हमने जीएसटी के रूप में देश को एक आधुनिक व्यवस्था दी। उन्होंने आगे कहा, सरकार ने आयकर प्रणाली को भी आसान बनाया। हमने देश में फेसलेस कर निर्धारण प्रणाली को शुरू किया। इन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### हमारे यहां प्रोजेक्ट्स को अटकाने की रही है प्रवृत्ति

प्रधानमंत्री ने कहा कि अतीत में हमारे यहां प्रोजेक्ट्स को अटकाने, लटकाने और भटकाने की प्रवृत्ति रही है, जिस कारण से देश को बहुत नुकसान हुआ है। बीते 10 वर्षों में हमारी सरकार ने लागत का ध्यान रखा है और योजनाओं को समय पर पूरा करने पर जोर दिया है। पिछले 10 वर्षों में गरीब, किसान, महिला व युवा इन सबको हमने सशक्त किया है। हमारी योजनाओं के केंद्र में वही लोग सर्वोपरि रहे हैं, जो वंचित थे, शोषित थे, समाज के अंतिम पायदान पर खड़े थे।

# राज्य में अभी सताएगी ठंड 19 तक कोहरे-धुंध का अलर्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राज्य में ठंड अभी और सतायेगी। कई जिले कोहरे और शीतलहर की चपेट में है। रांची मौसम विभाग ने मंगलवार को कई जिलों में कोहरे और धुंध को लेकर अलर्ट किया किया है। वहीं, बुधवार से कुछ जगहों पर बारिश को लेकर भी अलर्ट है। इसके बाद ठंड बढ़ेगी।मौसम विभाग के अनुसार 17 से 19 जनवरी तक रांची समेत गिरिडीह, देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, जामताड़ा, धनबाद, बोकारो, रामगढ़, खूंटी, सरायकेला खरसावां, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। राज्य में अगले दो से तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 3-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। 20 जनवरी से न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। वहीं, 20 जनवरी तक पूरे राज्य में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। बुधवार सुबह में कोहरे के बाद में आंशिक बादल छाये रहेंगे और मौसम शुष्क रहेगा।

### आतंकी पन्नू ने पंजाब के सीएम मान को दी जान से मारने की धमकी



**चंडीगढ़।** खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पंजाब के सीएम भगवंत मान को जान से मारने की धमकी दी है। पन्नू ने मंगलवार को वीडियो जारी कर पंजाब के गैंगस्टरों को उससे संपर्क करने के लिए कहा है। पन्नू ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी पंजाब का माहौल खराब करने की धमकी दी है। विदेश में बैठा आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू अक्सर पंजाब में सार्वजनिक स्थानों पर खालिस्तानी स्लोगन लिखवाने जैसे काम करता रहता है। आज जारी वीडियो में पंजाब में लॉ एंड ऑर्डर को सुधारने वाले पंजाब पुलिस के प्रयासों को गलत बताया।

# इटली को 5-1 से हराकर भारत सेमीफाइनल में

## ■ झारखंड की बेटी सलिमा टेटे ने दागा शानदार फील्ड गोल ■ गुरुवार को भारत की भिड़ंत जर्मनी से

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राजधानी रांची में चल रहे एफआईएच महिला हॉकी कवालीफायर में इटली पर 5-1 की धमाकेदार जीत दर्ज कर भारत ने शान से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब भारत का मुकाबला गुरुवार को जर्मनी से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में जापान की भिड़ंत अमेरिका से होगी। भारत ने मैच के पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और उदिता ने उसे गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने भी पीछे मुड़कर नहीं देखा। भारत की बेटियों ने आज कमाल का प्रदर्शन किया और अधिकतर समय गेंद अपने कब्जे में रखी। भारत ने इटली को एक भी पेनल्टी कॉर्नर बनाने का मौका नहीं दिया। अपने पहले मुकाबले में अमेरिका ने 1-0 से हारने के बाद भारतीय टीम ने जबर्दस्त वापसी की। इसके बाद भारत ने अपने से काफी मजबूत टीम न्यूजीलैंड को 3-1 से पटखनी दी थी। अब आखिरी मुकाबले में इटली को हराकर टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली। मंगलवार को हुए चार मुकाबले में चार सेमीफाइनलिस्ट तय हो गए। सेमीफाइनल में भारत अब जर्मनी से भिड़ेगा, जबकि जापान का मुकाबला अमेरिका से होगा।

### पहले मिनट में ही गोल दाग आगे निकल कई भारतीय टीम

भारत की ओर से पहले ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को उदिता ने गोल में बदल दी। दूसरा गोल दीपिका ने 41वें मिनट में किया। यह पेनाल्टी शूटआउट था। झारखंड की बेटी सलीमा टेटे ने मैच के 45वें मिनट में एक शानदार फिल्ड गोल कर भारत की बढ़त को 3 तक पहुंचा दिया। भारत के लिए आखिरी क्वार्टर में चौथा गोल नवनीत कौर ने किया। उन्होंने 53वें मिनट में काफी शानदार ढंग से फील्ड गोल दागा।

## इंडिया

# आदतें जो हमें इंसान या हैवान बनाती हैं और सादगी विजयी



सुनील बादल

***अक्सर*** कहा जाता है कि एक अच्छे या सफल मनुष्य की आदतें उसे अच्छा बनाती हैं और एक बुरे आदमी की आदत उसे बुरा बना देती है । एक ऋषि की कथा हम सभी ने पढ़ी थी कि नहाते समय ऋषि को तेज बहाव में बहता एक बिच्छू मिलता है जिसे ऋषि यह सोचकर उठा लेते हैं कि छोड़ देने पर वह निश्चित रूप से मर जाएगा पर उठाते ही बिच्छू उन्हें डंक मारता है और असह्य पीड़ा से वह उसे छोड़ देते हैं जिससे वह पानी में गिर जाता है । ऐसा कई बार होता है पर ऋषि उसे छोडते नहीं । किसी के पूछने पर कि आप उस दुष्ट बिच्छू को क्यों बचा रहे हैं जो बार आपको डंक मारता है ? ऋषि ने कहा कि वह उसकी आदत है और यह मेरा स्वभाव है कि मैं उसे बचाऊँ । आदत निर्माण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यवहार स्वचालित हो जाते हैं। आदतें किसी व्यक्ति द्वारा उन्हें हासिल करने की इच्छा के बिना भी बन सकती हैं, लेकिन किसी के व्यक्तिगत लक्ष्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए उन्हें जानबूझकर विकसित भी किया जा सकता है - या समाप्त किया जा सकता है । जब लोग दुनिया में भ्रमण करते हैं तो उनमें अनगिनत आदतें विकसित हो जाती हैं, भले ही वे उनके बारे में जानते हों या नहीं। इन व्यवहारों की सहज प्रकृति लोगों को दिनचर्या में उनकी आवश्यकताओं को अधिक कुशलता से पूरा करने में मदद कर सकती है। फिर भी तथ्य यह है कि आदतें हमारे दिमाग में गहराई से बैठ जाती हैं, इसका मतलब यह है कि भले ही कोई विशेष आदत हल होने की तुलना में अधिक समस्याएं पैदा करती है, लेकिन इसे तोड़ना मुश्किल हो सकता है। शुरूआत में आदतें कैसे आकार लेती हैं, यह समझना उन्हें खत्म करने और बदलने में मददगार हो सकता है। आदतें हानिकारक या स्वास्थ्य-वर्धक हो सकती हैं। जागने के बाद सहज रूप से सिगरेट - या विशेष संकेतों से जुड़ी कोई भी दवा - एक आदत है। तो हर दिन घर पहुंचने के बाद जूतों को उचित स्थान पर रखना या गाड़ी चलते समय सोचे बिना अपनी सीट बेल्ट बांधना भी शामिल है। मनुष्यों की आदतें क्यों होती हैं? लोगों के आदतों का गुलाम बनने एक संभावित कारण यह है कि आदतें कुशल होती हैं: लोग क्या करना है इसके बारे में विचार-विमर्श किए बिना समय और ऊर्जा बर्बाद किए बिना उपयोगी व्यवहार कर सकते हैं। हालाँकि, त्वरित और कुशल प्रतिक्रियाओं की यह प्रवृत्ति उल्टी भी पड़ सकती है - जैसे कि जब यह नशे की लत वाली दवाओं के उपयोग या अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन से हाईजैक हो जाती है। आदतें ही हमारी जिंदगी को निर्धारित करती हैं। हम तय समय पर सुबह उठते हैं, ब्रश करते हैं, चाय पीते हैं और फिर काम पर निकलते हैं। ये सब आदतें ही तो हैं। फिर एक नई स्वस्थ आदत डालने में परेशानी कहां आती है? व्यवहार वैज्ञानिकों के अनुसार हम गलत तरह से स्वस्थ आदत बनाने की कोशिश करते हैं। वजन कम करने के लिए हम कसरत करने का संकल्प गलत तरह से लेते हैं। बड़े संकल्पों को लेने से पहले सफलता के लिए खुद को तैयार करने की भी जरूरत होती है। लेकिन हम इस पर ध्यान नहीं देते। एक्सपर्ट बताते हैं कि नई आदतों की शुरूआत का सबसे बेहतर तरीका है कि उन्हें मौजूदा आदतों में जोड़ दिया जाए। आपको अपनी जिंदगी के पैटर्न में झांक कर देखना होगा कि सकारात्मक आदतें विकसित करने के लिए आप किन मौजूदा आदतों का उपयोग कर सकते हैं।ज्यादातर लोगों के लिए सुबह की दिनचर्या सबसे प्रभावी होती है, इसलिए यह नई आदत शुरू करने का एक सुअवसर पैदा कर सकती है। जैसे सुबह की एक कप चाय, पांच मिनट के ध्यान के अभ्यास की शुरूआत कर सकती है। ब्रश करते वक्त आप संतुलन का अभ्यास करने के लिए एक पैर पर खड़ा होना चुन सकते हैं। कई लोग शाम में सोफे पर लेटकर टीवी देखना पसंद करते हैं। ये प्रतिदिन योग करने का अच्छा समय हो सकता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता और टाइनी हैबिट्स पुस्तक के लेखक बीजे फॉग कहते हैं कि व्यवहार में बड़े परिवर्तन लाने के लिए उच्च स्तर की प्रेरणा की जरूरत होती है, जिसे अक्सर कायम नहीं रखा जा पाता है। इसलिए वह नई आदत को यथासंभव आसान बनाने के लिए छोटी-छोटी आदतों से शुरूआत करने का सुझाव देते हैं। जैसे, रोजाना थोड़ी देर टहलना व्यायाम की आदत की शुरूआत हो सकता है या हर दिन अपने बैग में एक सेब रखने से खाने की आदतें बेहतर हो सकती हैं।




# कोलकाता से रांची आ रही बस से 20 लाख की लूट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



दशम फॉल थाना क्षेत्र के नावाडीह के समीप चार अपराधियों ने मंगलवार को कोलकाता से रांची आ रही बस में हथियार के बल पर लूटपाट को अंजाम दिया है। अपराधियों ने हथियार के बल पर शिवम बस में सवार कई यात्री और कारोबारियों से लगभग 20 लाख लूटकर जंगल की ओर भाग गये। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई।

जानकारी के अनुसार शिवम बस यात्रियों को लेकर बाबूघाट कोलकाता से रांची की तरफ आ रही थी। इसी क्रम में दशम फॉल थाना क्षेत्र के समीप नावाडीह( नुनु होटल )के पास अपराधियों ने बस ड्राइवर को गाड़ी रोकने के लिए कहा। बस नहीं रोकने पर अपराधियों ने ड्राइवर पर बंदूक के बट से हमला किया और बस को नुनु होटल के पास रुकवाया। अपराधियों ने बंदूक और चाकू की नोंक पर तीन सब्जी कारोबारी से पैसों से भरे बैग लूट लिये। साथ ही अपराधियों ने एक यात्री के पैर में चाकू मारकर पांच लाख की लूटपाट की। घायल व्यक्ति को बुंडू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। लूटपाट की घटना को अंजाम देने के बाद अपराधियों ने उपचालक के सिर पर मारा और गेट खुलवाकर जंगल की तरफ भाग निकले।

## एक नजर

### पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ उठायें ग्रामीण : काशीनाथ महतो

**खूंटी।** पीएम विश्वकर्मा योजना के जिला संयोजक काशीनाथ महतो के नेतृत्व में मंगलवार को मुरहू प्रखंड के राजा कुंजला गांव में जागरुकता अभियान चलाया गया और लोगों से अपील की गई कि वे केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही इस जनोपयोगी योजना का लाभ उठायें। मौके पर काशीनाथ महतो ने कहा कि हमेशा गरीबों के हित की बात सोचने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ई मिस्त्री, सोनार, लोहार कुम्हार, पथेरा, मोची, राजमिस्त्री, बांस का काम करने वाले, नाई, धोबी, दर्जी,मालकार जैसे जरूरतमंद समाज के लोगों के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि आप सभी कोई प्रज्ञा केंद्र में जाएं और ऑनलाइन आवेदन करें और योजना का लाभ लेकर अपना जीवन स्तर बेहतर बनायें।

### सड़क सुरक्षा को लेकर एनएसएस ने चौक-चौराहों पर चलाया अभियान



**खूंटी।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को बिरसा कॉलेज खूंटी एनएसएस और नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में एनएसएस वॉलंटियर्स ने सड़क यातायात के नियमों और सुरक्षा संबंधी जानकारी से लोगों को जागरूक किया। जिले के विभिन्न चौक-चौराहों में बिरसा कॉलेज के विद्यार्थी मेरा भारत विकसित भारत के बैनर तले आम लोगों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील फूलों की माला पहनाकर कर रहे थे। हम हैं तो परिवार है का नारा लगाकर बच्चे, युवा और बुजुर्गों को हेलमेट पहनने की महत्ता बता रहे थे। ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से स्वयंसेवकों ने सफलतापूर्वक यह अभियान चलाया।

### बेड़ो में जंगली हाथी का उत्पात जारी

# चार किसानों की फसल रौंदकर किया बर्बाद



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया टेंगरिया गांव में एक जंगली हाथी ने सोमवार की रात लगभग आठ बजे गांव के चार किसानों के तैयार फसल जिसमें पंकज कच्छप व मनोज उरांव के गेहूं को और बलभद्र बैठा व फगुआ उरांव के आलू व फ्रेंचबीन लगे खेतों में हाथी ने घुस कर खाया और रौंद कर फसलों को बर्बाद कर दिया। गांव के बिरसा उरांव का कहना है कि ग्रामीण हाथियों के आतंक से हर दिन परेशान और भयभीत हैं। लेकिन प्रशासन और वन विभाग इनकी सुधि नहीं ले रहा है। गांव वालों की मानें तो हाथी ने गांव के पास के जंगलों में ही बसेरा बना लिया है और रात होते ही फसल को निशाना और निवाला बनाते हैं। उन्होंने किसानों की नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन द्वारा जल्द उपाय करने की मांग की है। जिससे क्षतिपूर्ति की भरपाई हो सके। ज्ञात हो कि प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथी का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। गांवों में लगातार जंगली हाथी का उत्पात जारी है। ग्रामीण इससे परेशान हैं। ग्रामीण व किसान प्रशासन तथा वन विभाग से जंगली हाथी को भगाने व इनके उत्पात से निजात दिलाने की मांग की हैं।

### उर्दू शिक्षकों के पदों को समाप्त किया गया तो होगा आंदोलन : मंजूर अंसारी

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अलपसंख्यक विभाग झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा उर्दू शिक्षकों के पद समाप्त करने के षड्यंत्र का पुरजोर विरोध करता है झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष श्री मंजूर अंसारी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश प्रभारी श्री गुलाम अहमद मीर से एआईसीसी दिल्ली में मुलाकात कर इस मुद्दे को उठाया है श्री अंसारी ने कहा कि उर्दू शिक्षकों के पदों को समाप्त किया गया तो झारखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस इसके विरोध में पूरे राज्य में आंदोलन करेगी राज्य के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा श्री अंसारी ने बताया कि झारखंड प्रभारी महोदय ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और उचित कारवाई करने का आश्वासन दिया है प्रदेश प्रभारी से प्रदेश अध्यक्ष श्री मंजूर अंसारी ने झारखंड लोकसभा चुनाव में दो टिकट अल्पसंख्यक समुदाय को देने की मांग रखा जिस पर प्रभारी द्वारा गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है।

# केरल में सम्मानित होंगे खलारी कोयलांचल के युवा मुन्नु शर्मा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी मोहन नगर निवासी युवा मुन्नू शर्मा को केरल में सम्मानित किया जाएगा। मुन्नू शर्मा को केरला के मलप्पुरम स्थित एसएमएसटीएम आर्ट एंड साइंस वीमेंस कालेज में आयोजित नेशनल सर्विस स्कीम के ओरिएंटेशन कैंप को मुख्य अतिथि बनाया गया है। मुन्नू शर्मा लापता हेल्प डेस्क रांची के सक्रिय सदस्य हैं। उनके द्वारा लापता लावारिस लोगों की सुध लेकर अब तक 200 से ज्यादा भूले भटके, लापता लोगों की मदद कर उन्हें उनके परिवार वालों से मिलाने का कार्य किया गया है। इस कार्यक्रम में मुन्नू शर्मा लापता लोगों के लिए किए जा रहे कार्यों, बिछड़े को मिलाने व लोगों के रेस्कयू संबंधी अपने अनुभव को साझा करेंगे। इस सम्मान समारोह का आयोजन केरला मिसिंग हेल्प लाइन समूह के द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन केरल के मलप्पुरम जिले के कुट्टीपुरम में 18 जनवरी को किया गया है। मुन्नु शर्मा को इसकी सूचना केरल कोझिकोड के चाइल्ड वेलफेयर इंस्पेक्टर मो. असरफ द्वारा दी गई है। इसकी सूचना मिलने पर मोहन नगर के लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है। वहीं मोहननगर निवासी पूजा समिति के अध्यक्ष सह एटक के क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा चौहान उर्फ मुखिया जी ने कहा कि दूसरे राज्य में अपने क्षेत्र के युवा को सम्मान मिलना पूरे कोयलांचल के लिए यह गर्व की बात है।

## न्यूज बॉक्स

### झारखंड पासमांदा मुस्लिम सोसाइटी की बैठक संपन्न



**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिंगपुर मैरिज हॉल में मंगलवार के दिन झारखंड पासमांदा राय (भाट) मुस्लिम सोसायटी का बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पूरे झारखंड से सोसाइटी के लोग मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता गुलाम मोहिउद्दीन ने की। बैठक में सर्व समिति से चुनाव कर नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक महमूद आलम राय, महासचिव इमरान राय (देवघर) अध्यक्ष मोहम्मद फखरुद्दीन राय, उपाध्यक्ष तोहिद राय आलम, सचिव तैबुल कादरी साहब, कोषाध्यक्ष इम्तियाज राय (धनबाद) कार्यकारिणी अध्यक्ष इमरान राय (बोकारो), निगरानी कमेटी अध्यक्ष मौलाना मुर्शिद (हजारीबाग) कार्यक्रम के दौरान समिति के सदस्यों के द्वारा संकल्प पत्र भी प्रस्तुत किया गया जिसमें शिक्षा को बढ़ावा देना एवं पूरा करना, दहेज प्रथा को रोकना, अपने समाज के पढ़े-लिखे बच्चों को रोजगार से जोड़ना, अपने कौम को दूसरे कौम के बराबर खड़ा कर देना, अपने समाज में अमीरी गरीबी का भेदभाव का खात्मा करना, अपने समाज में कुनीति का खात्मा करना, अपने समाज में अंतर जाति विवाह को रोकना, अपने समाज में सरनेम को सुधारना, अपने समाज के साथ हर परिस्थिति में खड़ा रहना इत्यादि साथ ही साथ हम लोगों का प्रयास सामानता विचारधारा बहाल करना एवं अपने समाज का नवनिर्माण करना और अपने समाज को निर्माण करने के लिए पूरी सोसाइटी कटिबद्ध है। बैठक का समापन मोहम्मद यासीन राय ने किया। इस मौके पर मंजूर राय, कलम राय साहब, जुल्फिकार राय, कमरुद्दीन राय, अलाउद्दीन राय, एनुल राय, इमरान राय, गुलाम राय, अकरम राय, समेत पूरे झारखंड प्रदेश के राय परिवार मौजूद रहे।

### पढ़ाई के साथ खेल जरूरी : अशोक कुमार




**मांडर।** खेलो झारखंड अभियान के तहत शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज चान्हो में मंगलवार को खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने की। इसमें कई प्रकार के खेल प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मैराथन दौड़, तेज दौड़, स्लो साइकलिंग आदि प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को लेकर छात्रों में काफी उत्साह था बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा पढ़ाई के साथ-साथ खेल खुद भी जरूरी है। शारीरिक अभ्यास से पढ़ाई में भी काफी फायदा मिलता है। दौड़ में पहला स्थान भरत उरांव वहीं लड़कियों में रेणु कुमारी, साइकिल रेस में जयंत कुजूर ने पहला स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा।

### इमा बेल्ट सेरेमनी में अंजली कुमारी को ब्लैक बेल्ट तीसरी डान की उपाधि

**रांची।** इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वाधान में प्रेस क्लब सभागार में बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें पिछले दिनों संपन्न कराटे ग्रेडिंग में सफल रहे 126 खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। जिसमें येलो बेल्ट के 53 ऑरेंज बेल्ट के 19 ग्रीन बेल्ट के 14 ब्लू बेल्ट के 12 पर्पल बेल्ट के 10 और ब्राउन बेल्ट के 17 खिलाड़ी शामिल हैं साथ ही इमा हिनू क्लब की अंजली कुमारी को ब्लैक बेल्ट तीसरी डान से नवाजा गया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने ब्लैक बेल्ट तीसरी डान की उपाधि अंजलि को प्रदान कर सम्मानित किया। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि निरंतर अभ्यास ही सफलता का मूल मंत्र है।

### जग्गू ने निरामया अस्पताल को दी जीवन रक्षक दवाइयां

**रांची।** मंगलवार को झारखंड के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश सिंह जग्गू ने अपने मित्र सपन कुमार गर्ग के साथ कोकर स्थित निरामया अस्पताल में ढेर सारी जीवन रक्षक और अन्य उपयोगी दवाइयां अस्पताल के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस के चौधरी को भेंट की यह दवाइयां उन निर्धन लोगों के लिए है जो कि उस अस्पताल में अपना इलाज के लिए आते हैं यह लोग जानते है कि उसे अस्पताल में अधिकतर निधन लोग अपना इलाज करते हैं। यह विजिट है कि निरामया अस्पताल में बीच-बीच में जग्गू जी अपने मित्रों पास पड़ोस से दवाइयां इकट्ठा कर वहां देते हैं .जग्गू जी के 91 वर्षीय पिताश्री रामकरण सिंह ने अपनी ओर से विशेष रूप से वहां के निधन रोगियों के लिए एक बैक रेस्ट दवाइयां के साथ भिजवाए । जगदीश सिंह जग्गू ने अपने संदेश में अपने मित्रों युवा साथियों एवं जागरूक नागरिकों से आह्वान किया है कि अपने पास बची हुए दवाइयां को फेके नहीं वह निर्धन लोगों के जरूरतमंद लोगों के काम आ सकती है।

### भाकपा माले के पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह का 19वां बलिदान दिवस मना

# जनसंघर्ष के सच्चे योद्धा थे बलिदानी महेन्द्र सिंह




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

खलारी से सटे चामा में खलारी, बुढ़मू, मांडर व चान्हो के भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने भाकपा माले के पूर्व विधायक कामरेड महेंद्र सिंह का 19वें बलिदान दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में भाकपा माले के वरिष्ठ कार्यकर्ता कामरेड दिनेश राम उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि महेन्द्र सिंह जनसंघर्ष सच्चे योद्धा माने जाते थे। कार्यक्रम के शुरूआत में बलिदानी कामरेड महेंद्र सिंह के चित्र पर उपस्थित लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे किशोर खंडित ने कहा कि हमलोग महेंद्र सिंह के 19वें बलिदान दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं। महेंद्र सिंह जनसंघर्षों के एक सच्चे योद्धा थे। उन्होने सड़क से लेकर सदन तक आमजन के हितों के सवालों को उठाया था। उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। खंडित ने सभी से उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। दिनेश राम ने कहा कि हम सभी को अपने हक और अधिकार लेने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। जब तक हम जागरूक नहीं होंगे हमारी समस्याओं का समाधान नहीं होगा। इस अवसर पर आबिद अंसारी, सिकंदर राम, संतोष, रवि, महेंद्र लोहरा, हरि करमाली, फ्रांसिस सहित अन्य महिला पुरूष उपस्थित थे।

### आईवीएफ सेंटर का 23वां स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न

**रांची।** एएच आईवीएफ एंड इन्फर्टिलिटी रिसर्च सेंटर, टैगोर हिल रोड, मोरहाबादी का 23 वां स्थापना दिवस समारोह, आईएमए भवन में धूमधाम से संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने समारोह में बेबी शो का उद्घाटन किया। इस मौके पर सुदेश महतो ने आईवीएफ सेंटर के 23 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ जय श्री भट्टाचार्या के आईवीएफ चिकित्सा की सराहना की। साथ ही समारोह में आयोजित मैजिक शो का भी आनंद लिया। समारोह में सेंटर की ओर से डॉ जय श्री भट्टाचार्या ने प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शोभा चक्रवर्ती, डॉ उषा रानी, डॉ उषा नाथ, डॉ तुलस्यान सहित अन्य वरीय चिकित्सकों को शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही सेंटर के स्टॉफ को भी उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने इस मौके पर आये सभी माता पिता एवं बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। समारोह में स्थापना दिवस के मौके पर राज्य सभा सांसद डॉ महुआ मांजी, डॉ जयश्री भट्टाचार्या, डॉ उषा नाथ ने केक काटा। समारोह में डॉ जयश्री भट्टाचार्या, डॉ शोभा चक्रवर्ती, डॉ उषा रानी, डॉ उषा नाथ, डॉ सुमन सिन्हा, डॉ तुलस्यान, सेंटर हेड आयशा सहित काफी संख्या में महिला चिकित्सक एवं आईवीएफ बच्चे उपस्थित थे।

## विधायक ने सड़क का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। संवाददाता बेड़ो**

जिला अनाबद्ध निधि अंतर्गत देवी मंडप से टिकरा टोली तक 1720 फीट बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का मंगलवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने नारियल फोडकर व शिलापट्ट का अनावरण करके शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि वर्षों से गांव के लोगों द्वारा इस सड़क को बनवाने की मांग की जा रही थी, जिसे पूरा किया। इस सडक के बनने से निश्चित रूप से ग्रामीण लाभान्वित होंगें। उन्होने कहा कि विधायक का काम है जनता के सुख दुख को समझना। इसलिए गांव में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ें विकास कार्य कराए जा रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र में लगभग सभी सड़कों का पक्कीकरण कार्य पूरा हो रहा है, जिससे हजारों लोग लाभांवित होंगे। उन्होंने कहा कि सड़क के बन जाने से विधुत सब स्टेशन आने जाने में काफी सहूलियत होगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय जिप सदस्य पार्वती कुमारी,बेरोनिका एक्का उपप्रमुख मोददसिर हक मुखिया सुशांति भगत पंसस राखी भगत,विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह,करमा उरांव, मनींद्र महतो,परना महतो मो शमशाद मो फहीम,शंभु बैठा, सिल्वेस्टर कच्छप मौजूद थे।

## विस्थापित रैयत को रोजगार में प्राथमिकता देगी टीसीपीएल

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

रैयत विस्थापित मोर्चा ने मंगलवार को सीसीएल एनके एरिया में काम कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी टीसीपीएल का काम बंद करा दिया। मोर्चा द्वारा क्षेत्र में काम करने वाली आउटसोर्सिंग कंपनियों में स्थानीय रैयत विस्थापित बेरोजगारों को नौकरी में प्राथमिकता देने की मांग को लेकर 16 को बंद आहूत किया गया था। इसी के तहत ट्रांस्पोर्टिंग का काम करने वाली टीसीपीएल का काम बंद करा दिया गया। मोर्चा के कई कार्यकर्ता मंगलवार को टीसीपीएल कंपनी के कैंप में गए और काम बंद करा दिया। मोर्चा ने कहा है कि एनके क्षेत्र में बहुत सारी आउटसोर्सिंग कंपनी चल रही है। इसके बावजूद स्थानीय रैयत विस्थापितो को रोजगार के लिए दूसरी जगह भटकना पड़ता है। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। मोर्चा स्थानीय रैयत विस्थापितो के रोजगार सहित उनके हक अधिकार दिलाने के लिए संघर्षरत है। काम बंद कराए जाने के बाद दोपहर में कंपनी व मोर्चा के साथ वार्ता हुई। जिसमें स्थानीय रैयत विस्थापितो को यथासंभव रोजगार देने पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया है। उंसके बाद मोर्चा ने टीसीपीएल कंपनी का बंदी वापस ले लिया और कंपनी का काम चालू हो सका।

## मुरी टुंगरी पार्क में पूजा-अर्चना के साथ टुसू मेला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

मुरी टुगरी विकास समिति के द्वारा पार्क में टुसू मेला का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने सुबह उठकर स्नान करके टुंगरी ग्राम देवता का पूजा अर्चना किया तत्पश्चात सफेद मुर्गा की बली ग्राम देवता को दी गई साथ-साथ यह बली आसपास के गांव में सुख समृद्धि के लिए दी जाती है। वहीं आसपास के गांव के महिलाओं के द्वारा टुसू लेकर मेले में नाशते गाते हुए पहुंची स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो के द्वारा उत्कृष्ट टुसू को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं मेला कमेटी के द्वारा मुर्गा लड़ाई में उत्कृष्ट प्रतिभागियों को संतान पुरस्कार दिया गया। बताते चले की वर्षों से गांव वालों के द्वारा ग्राम देवता की पूजा अर्चना किया जाता है तथा उनका मानना है कि गांव में किसी प्रकार का आपदा आता है तो ग्राम देवता अपने घोड़े पर सवार होकर गांव वालों का रक्षा करते हैं।

**प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान, धुर्वा, राँची**
**(गव्य विकास निदेशालय)**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**Email-ftcranchi@gmail.com**

**-: सूचना :-**

झारखण्ड राज्य के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश सं० 14 रा० (वि०) दिनांक - 21.07.2023 द्वारा प्रशिक्षण, प्रसार एवं कौशल विकास की स्वीकृत योजना अन्तर्गत **दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशुपोषण विशयक छः/सात दिवसीय** प्रशिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को दैनिक भत्ता 100 (एक सौ) रु० प्रतिदिन एवं आने-जाने का भाड़ा DBT के माध्यम से उनके बैंक खाता में हस्तांतरित किया जाना है। प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को भोजनादि एवं आवास निःशुल्क दिया जाएगा।

दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण विशयक प्रशिक्षण से संबंधित प्रशिक्षणार्थियों का जिलावार छः एवं सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है :-

**वित्तीय वर्ष 2023-2024 में स्वीकृत योजना अन्तर्गत दुधारू पशु प्रबंधन एवं पशु पोषण से संबंधित प्रशिक्षणार्थियों का जिलावार संशोधित प्रशिक्षण कार्यक्रम :-**

| क्र. सं. | प्रशिक्षण अवधि | बैच सं० | जिला | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या | | | | | | | | | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | OSP | | | TSP | | | SCSP | | | |
| | | | | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | पुरूष | महिला | कुल | |
| 1 | 24.01.2024 to 29.01.2024 (बुधवार से सोमवार) | A | राँची | 0 | 0 | 0 | 17 | 9 | 26 | 3 | 3 | 6 | 32 |
| | | | खूँटी | 0 | 0 | 0 | 17 | 9 | 26 | 3 | 3 | 6 | 32 |
| | | | हजारीबाग | 18 | 15 | 33 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | 6 | 39 |
| | | | **योग** | **18** | **15** | **33** | **34** | **18** | **52** | **9** | **9** | **18** | **103** |
| | | B | गुमला | 2 | 1 | 3 | 22 | 12 | 34 | 4 | 3 | 7 | 44 |
| | | | रामगढ़ | 20 | 15 | 35 | 0 | 0 | 0 | 4 | 3 | 7 | 42 |
| | | | **योग** | **22** | **16** | **38** | **22** | **12** | **34** | **8** | **6** | **14** | **86** |
| 2 | 30.01.2024 to 05.02.2024 (मंगलवार से सोमवार) | A | प० सिंहभूम | 0 | 0 | 0 | 16 | 10 | 26 | 3 | 3 | 6 | 32 |
| | | | पूर्वी सिंहभूम | 0 | 0 | 0 | 18 | 8 | 26 | 3 | 3 | 6 | 32 |
| | | | सरायकेला | 0 | 0 | 0 | 18 | 8 | 26 | 3 | 2 | 5 | 31 |
| | | | **योग** | **0** | **0** | **0** | **52** | **26** | **78** | **9** | **8** | **17** | **95** |
| | | B | पलामू | 18 | 10 | 28 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | 6 | 34 |
| | | | लातेहार | 0 | 0 | 0 | 17 | 9 | 26 | 3 | 3 | 6 | 32 |
| | | | बोकारो | 15 | 10 | 25 | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 5 | 30 |
| | | | **योग** | **33** | **20** | **53** | **17** | **9** | **26** | **9** | **8** | **17** | **96** |
| 3 | 06.02.2024 to 12.02.2024 (मंगलवार से सोमवार) | A | गढ़वा | 18 | 10 | 28 | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 5 | 33 |
| | | | प० सिंहभूम | 2 | 1 | 3 | 16 | 10 | 26 | 3 | 3 | 6 | 35 |
| | | | सरायकेला | 2 | 1 | 3 | 18 | 8 | 26 | 3 | 3 | 6 | 35 |
| | | | **योग** | **22** | **12** | **34** | **34** | **18** | **52** | **9** | **8** | **17** | **103** |
| | | B | पलामू | 18 | 10 | 28 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | 6 | 34 |
| | | | चतरा | 18 | 10 | 28 | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 5 | 33 |
| | | | बोकारो | 15 | 10 | 25 | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 5 | 30 |
| | | | **योग** | **51** | **30** | **81** | **0** | **0** | **0** | **9** | **7** | **16** | **97** |
| 4 | 13.02.2024 to 19.02.2024 (मंगलवार से सोमवार) | A | पूर्वी सिंहभूम | 0 | 0 | 0 | 18 | 10 | 28 | 3 | 3 | 6 | 34 |
| | | | लातेहार | 2 | 1 | 3 | 17 | 9 | 26 | 3 | 3 | 6 | 35 |
| | | | सिमडेगा | 0 | 0 | 0 | 16 | 10 | 26 | 3 | 3 | 6 | 32 |
| | | | **योग** | **2** | **1** | **3** | **51** | **29** | **80** | **9** | **9** | **18** | **101** |
| | | B | गढ़वा | 18 | 10 | 28 | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 5 | 33 |
| | | | कोडरमा | 18 | 15 | 33 | 0 | 0 | 0 | 3 | 3 | 6 | 39 |
| | | | **योग** | **36** | **25** | **61** | **0** | **0** | **0** | **6** | **5** | **11** | **72** |

ह०/-
मुख्य अनुदेशक
प्रशिक्षण एवं प्रसार संस्थान,राँची

PR 316194 Animal Husbandry(23-24).D

**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग।**

**बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रमांक 1 से 21का वित्तिय वर्ष 2024-2025 (01.04.2024 से 31.03.2025 तक) एवं क्रमाक 22 वित्तिय वर्ष 2024-2025 से 2026-2027 तक के लिए बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक का आयोजन दिनांक 10.02.2024 को 12:00 बजे पुर्वाहन से नगर निगम सभागार में आयोजित की जायेगी इच्छुंक व्यक्ति दिनांक 18.01.2024 से 08.02.2024 तक नगर निगम कार्यालय में आवेदन के साथ शुल्क जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते है:-

| क्र.स. | सैरात का नाम | अवधि | बन्दोवस्ती की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्टेडियम के निकट स्थित टैक्सी स्टैण्ड की निलामी। | 2024-2025 | 8,62,000 | 86,200 |
| 2 | स्दर थाना के सामने दोपहिया वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 4,07,000 | 40,700 |
| 3 | मालवीय मार्ग दक्षिण मुख्य नाला स्लैब पर टैम्पु वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 1,16,000 | 11,600 |
| 4 | खिरगाँव डम्पिंग ग्राउण्ड में स्थित वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 4,74,000 | 47,400 |
| 5 | गुरू गोविन्द सिंह पार्क के सामने दोनो तरफ वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 1,31,000 | 13,100 |
| 6 | बैंक ऑफ बडौदा के समाने दो पहिया वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 75,000 | 7,500 |
| 7 | कुणाल नर्सिंग होम से सरदार चौक तक ट्रैक्टर वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 25,35,500 | 2,53,550 |
| 8 | इन्द्रपूरी चौक से कल्लू चौक तक ट्रैक्टर वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 7,75,000 | 77,500 |
| 9 | सब्जी बाजार की निलामी। | 2024-2025 | 55,80,000 | 5,58,000 |
| 10 | सरकारी बस स्टैण्ड की निलामी। | 2024-2025 | 4,72,000 | 47,200 |
| 11 | स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया मुख्य शाखा के सामने वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 1,79,000 | 17,900 |
| 12 | कचहरी रोड/वकालत खाना रोड में वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 2,79,000 | 27,900 |
| 13 | आनन्दा कॉलेज गेट से गिरधारी साव के घर तक वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 2,80,000 | 28,000 |
| 14 | बैक ऑफ इण्डिया के समीप वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 69,000 | 6,900 |
| 15 | इन्द्रपूरी से पुलिस लाईन के बीच पश्चिम तरफ की वाहन पडाव निलामी। | 2024-2025 | 1,18,000 | 11,800 |
| 16 | समहरणालय से पश्चिम बगोदर रोड एवं उत्तर झील रोड बी.एड कॉलेज तक वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 2,63,000 | 26,300 |
| 17 | गुरू गोविन्द सिंह रोड उर्दू स्कुल के सामने दो पहिया एवं टेम्पू वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 5,75,000 | 57,500 |
| 18 | पोस्ट ऑफिस के सामने दो पहिया की वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 62,500 | 6,250 |
| 19 | काली बाडी मीठा तालाब सब्जी बाजार की निलामी। | 2024-2025 | 13,51,000 | 1,35,100 |
| 20 | त्रिमूति चौक के पास वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 1,23,500 | 12,350 |
| 21 | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सदर) परिसर में वाहन पडाव की निलामी। | 2024-2025 | 4,01,000 | 40,100 |
| 22 | छडवा डैम की निलामी। | 2024-2025 से 2026-2027 | 8,11,000 | 81,100 |

-डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाक वक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो नगर आयुक्त नगर निगम, हजारीबाग के पदनाम से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा हजारीबाग में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
-किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर निगम को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
-सफल डाक वक्ता द्वारा बिना निगम कार्यालय के सहमति के स्वीकृत डाक की संपूर्ण राशि जमा नहीं करने या बन्दोबस्ती लेने से इन्कार करने पर कार्यालय द्वारा उनके विरूद्ध कडी कानूनी कार्रवाई करते हुए उनका नाम काली सूची में दर्ज की जायेगी।
-डाक की शेश नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर निगम, हजारीबाग कार्यालय के सूचना पट्टपर में देखा जा सकता है।

PR 316228 Urban Development and Housing(23-24)D

नगर आयुक्त-सह-प्रशासक नगर निगम, हजारीबाग।

## फैल रहे शहर में महसूस की जा रही है वेंडर मार्केट की जरूरत

# सड़क किनारे सब्जी बेचने की मजबूरी

अमित कुमार। रांची। सब्जी हमारी रोजमर्रा की जरूरत है। भोजन में स्वाद और पोषण में भी इसकी महती भूमिका है। लेकिन 16 लाख आबादी वाले शहर को सहजता से सब्जी उपलब्ध कराना कोई आसान काम नहीं। इसके लिए एक केंद्रीकृत व्यवस्था बनाना भी प्रशासन के लिए बेहद चुनौतिपूर्ण काम है। लोग प्रायः घर के आसपास फल-सब्जी-मांस-मछली के बाजार की अपेक्षा करते हैं, रोजमर्रा की खरीदारी के लिए दूर जाना लोगों को पसंद नहीं। इसलिए शहर के हर गली-चौराहे पर मांस-मछली, फल-सब्जी की दुकानें मिल जाती हैं। राजधानी में सड़क के किनारे प्रायः हर इलाके में सब्जी बाजार मिल जाते हैं। इससे सड़क किनारे जाम की स्थिति बनी रहती है, कई बार आमलोग इसका विरोध भी करते हैं। प्रशासन भी कार्रवाई करती है लेकिन कोई स्थाई समाधान नहीं निकलता। मौजूं सवाल भी है कि आखिर किसान और व्यवसायी अपने सामान बेचें तो बेचें कहां।



### सड़क किनारे यहां बिकती है सब्जी

लालपुर-डिस्टिलरी पुल तक, डेली मार्केट सड़क के किनारे, बहुबाजार से कर्बला चौक तक, चुटिया भगत सिंह चौक से थाने तक, डोरंडा तुलसी चौक से डोरंडा थाना तक, कड़रू पुल के पास, अरगोड़ा चौक के पास, हरमू सड़क, धुर्वा पुराने विधानसभा के पास, पंडरा रविस्तिल कमड़े, पिस्का मोड़, अपर बाजार, आईटीआई बस स्टैंड, कटहल मोड़, पुंदाग, सिंह मोड़, घाघरा, चिरौंदी अंतु चौक।

### बढ़ता शहर, बढ़ती परेशानी

राजधानी में शहर का विस्तार तेजी से हो रहा है। घर, दुकान, कॉमप्लेक्स, अपार्टमेंट आदि का निर्माण भी हो रहे हैं। इसके लिए निगम की ओर से नक्शा भी पास किया जाता है। ऐसे में सवाल उठता है कि लोग जहां रहते हैं वहीं या निकट में उन्हें सब्जी कौन उपलब्ध कराए। नया बाजार और लोगों की आवश्यकता को देखते हुए स्थानीय लोग और किसान वहीं बाजार लगाने लगते हैं।

### मार्केट के अंदर जाना नहीं चाहते विक्रेता, क्रेता भी सड़क किनारे खरीदारी को देते हैं प्राथमिकता

हाल के कुछ वर्षों में नगर निगम ने नागाबाबा खटाल, डिस्टिलरी पुल, सुखदेवनगर खादगढ़ा के पास सब्जी मार्केट बनाया है। नागाबाबा खटाल के सब्जी विक्रेताओं को मार्केट में शिफ्ट भी किया गया लेकिन अब भी अधिकतर विक्रेता सड़क पर ही सब्जी बेचते नजर आते हैं। डिस्टिलरी सब्जी मार्केट में तो विक्रेता गए ही नहीं वहां मांस-मछली विक्रेताओं को शिफ्ट किया गया है और सब्जी अब भी सड़क पर ही बिक रही है। विक्रेताओं का कहना है कि लोग मार्केट के अंदर जाकर खरीदारी करने के मुकाबले सड़क पर खरीदारी करना पसंद करते हैं। प्रशासन भी निगम के निर्णय को कड़ाई से लागू कराने में दिलचस्पी नहीं दिखाती। कोर्ट का कभी आदेश होता है तो एक दिन के लिए पुलिस तैनात कर सब्जी विक्रेताओं को खदेड़ दिया जाात है। फिर सब कुछ पहले की तरह चलने लगता है।

### वेजफेड से हो सकेगा समाधान

किसानों सहित आम लोग भी यह चाहते है कि वेजफेड की सुविधा शहर में व्यापक रूप से बहाल हो ताकि क्रेता और विक्रेता सभी को लााभ मिले। 2020 में शहर के धुर्वा, डोरंडा सहित कई स्थानों पर वेजफेड की ओर से दुकानें संचालित की जा रही थी लेकिन अब ये दुकानें बंद पड़ी हैं। वेजफेकड की ओर से ऐसी दुकानें गिरिडीह, साहेबगंज, बोकारो, रामगढ़ तथा गुमला में भी खोले जाने की बात कही गई थी।

**कोट** > हमारा देश स्वतंत्र है किसान जहां चाहें वहां सब्जी बेच सकते हैं। हलांकि 2016 सब्जी बेचने के लिए वेंडर जॉन चिन्हित किए गए हैं। सरकार जगह उपलब्ध कराये तो काम जल्द पूरा हो जाएगा। **कुंवर सिंह पाहन, कमिश्नर नगरनिगम**



**1. प्रमिला बेलांगी, लोहरदगा**
मेरा गांव काफी दूर है, इसलिए शहर के नजदीक में ही बेच कर जाना होता है। इसी मजबूरी से सड़क पर सब्जी बेचना पड़ता है।



**2. रिंकी उरांव, ठाकुरगांव**
सुबह और शाम सब्जी बेचने आते है ऐसे में ठंड में ही बैठ कर सब्जी बेचते हैं। सरकार हमारी सब्जी खरीदती तो हमें यहां नहीं आना पड़ता।



**3. खुशबू उरांव, बेड़ो**
सब्जी बेचने के लिए लोहरदगा से आना पड़ता है क्योंकि यहां अच्छे भाव पर सारी सब्जियां बिक जाती है। हमें भी दुकान मिले तो यह अच्छा होगा।



**4. लेबगा उरांव, मांडर**
जाड़ा-गर्मी-बरसात सड़क के किनारे सब्जी बेचना अच्छा तो नहीं लगता है। यदि सरकार हमारे गांव से सब्जी खरीदे तो यह और अच्छा रहेगा।

## मंच चौपाल के सदस्यों ने बिरसा मुंडा स्मृति पार्क का किया भ्रमण



**रांची।** माहेश्वरी समाज ने अपने बुजुर्गों की आवश्यकताओं एवं उनके जीवन में नई ऊर्जा के संचरण के लिए मंच चौपाल का सृजन किया है। इस मंच के अंतर्गत समाज के बुजुर्ग सदस्य प्रत्येक महीने माहेश्वरी भवन में आपस में मिलते हैं। इसके साथ ही बीच-बीच में मनोरंजन के लिए राजधानी के आसपास की स्थानों का भ्रमण भी करते हैं। इसी कड़ी में बुजुर्गों ने नवनिर्मित बिरसा मुंडा स्मृति पार्क का भ्रमण किया और मिलकर पिकनिक का आनंद उठाया। समाज के कुल 31 सदस्यों ने संध्या 4:00 बजे से रात्रि 7:00 बजे तक स्मृति पार्क के बिरसा संग्रहालय का भ्रमण किया। आदिवासी संस्कृति एवं उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के इतिहास को जाना।

## श्री माहेश्वरी सभा का रक्तदान और निःशुल्क मेगा चिकित्सा कैंप



**रांची।** श्री माहेश्वरी सभा ने नागरमल मोदी सेवासदन के सहयोग से माहेश्वरी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कुल 103 यूनिट रक्तदान हुआ, जिसमें महिलाओं की भागीदारी 30 फीसदी रही। रक्तदान शिविर के संयोजक विपिन भाला, दिनेश काबरा, उत्सव मंत्री एवं रितिका सारडा थी। शैलबी डिवाइन सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं श्री पद्मनाभ आई इंस्टीट्यूट के सहयोग से निशुल्क मेघा चिकित्सा कैंप एवं नेत्र जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। मेगा कैंप में ऑथो के डॉ विवेक कुमार डेविड, न्यूरो सर्जन डॉ हेमंत अलडा एवं जेनरल फिजिशियन डॉ आर के उपाध्याय ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में बीपी, सुगर, इसीजी और इसीजी की जॉच निःशुल्क की गयी। इस सुविधा का लाभ 80से अधिक लोगों ने लिया।

## बकाया भुगतान की मांग पर सामूहिक अवकाश पर रहे एचइसी के अधिकारी



**रांची।** बकाये वेतन भुगतान की मांग को लेकर एचईसी ऑफिसर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को सामूहिक अवकाश पर रहकर प्रदर्शन किया। एसोसिएशन 22 महीने से बकाये वेतन का एकमुश्त भुगतान और कंपनी को चलाने का रोडमैप बनाने की मांग को लेकर आंदोलनरत है। एचईसी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पीएस पासवान ने कहा कि मांगों को लेकर एसोसिएशन की ओर से एचइसी प्रबंधन को गत 2 जनवरी को सूचना दी गयी थी कि सात दिनों के अंदर बकाये का एकमुश्त भुगतान किया जाय अन्यथा एसोसिएशन से जुड़े अधिकारी सामूहिक अवकाश में जाएंगे। इस सूचना के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण मंगलवार को सामूहिक अवकाश लेकर मांगों के लेकर में मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया।

## श्री श्याम मंदिर में 85 वां श्री सुंदरकांड और हनुमान चालीसा पाठ



**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 85 वॉ श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ हुआ। डॉ श्याम सुंदर नारनौली, गिरिजा नारनौली, विष्णु नारनौली, सरोज नारनौली, डॉ आदित्य, डॉ दिशा अभिषेक, प्राची नारनौली ने परिवार संग हनुमान जी की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित कर सवामनी का महाप्रसाद अर्पित किया। भगवान को केसरिया पेड़ा, गुड़, चना और फल का प्रसाद अर्पित किया गया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। इस अवसर पर श्रवण ढानढनिया, बिष्णु नारनौली, मनीष सारस्वत एवं ओम शर्मा ने भगवान को भोग लगाया। मौके पर ढोलक, ढफली, झांझ और करताल के सुरताल के साथ श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया।

## श्रीस्वामी अनिरूद्धाचार्य जी महाराज वृंदावन रवाना



रांची। धनुर्मास गोदा महोत्सव के समापन समारोह में श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में पधारे जगतगुरु श्रीस्वामी मंगलवार को श्रीधाम वृंदावन प्रस्थान कर गये। उन्होंने भक्तों से कहा कि भगवान हमारे हैं और हम भगवान के हैं। सप्तपुरियों में अयोध्या का प्रथम नाम है। सातों पुरी मोक्ष दायक हैं। परंतु अयोध्या पुरी सभी पुरियों में प्रतिष्ठित है। अयोध्या, मथुरा, माया, काशी, कांची, अवंतिका एवं जगन्नाथपुरी इन सातों पुरी का बड़ा ही महत्व बताया गया है। वृंदावन भगवान का हृदय है और अयोध्या साकेत भूमि है। प्रभु श्रीराम धर्म और संस्कृति के प्रतिमान रूप हैं। अयोध्या जी के कण-कण में राम का निवास है। श्रीराम जन्मोत्सव के समय सारे तीर्थ अयोध्या में आ जाते हैं। प्रयागराज भी अपने पापों को धोने के लिए अयोध्या आते हैं और सरजू जी में स्नान करते हैं।

## फरार चल रहे अवर सचिव के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**रांची।** फरार चल रहे अवर सचिव अनिल कुमार सिंह के घर पर पुलिस ने मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने सरेंडर नहीं करने पर कुर्की जब्ती की भी चेतावनी दी है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पंडरा ओपी की पुलिस ने बिहार के छपरा जिला स्थित अनिल सिंह के आवास पर इश्तेहार चिपकाया है। ज्ञात हो कि 12 दिसंबर 2023 को कृषि विभाग के अवर सचिव सह तत्कालीन हेहल सीओ अनिल कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। पंडरा में आदिवासी जमीन को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने के मामले में पूर्व सीओ अनिल कुमार सिंह के खिलाफ वारंट जारी हुआ है।

## एक नजर

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 22 जनवरी को होगा भव्य आयोजन

रांची। श्री रामलला 22 जनवरी को अपनी जन्मस्थली पर बने मंदिर में पुनः प्राण-प्रतिष्ठा के साथ स्थापित होंगे। इस समारोह के गवाह सभी बनेंगे। इस दिन को यादगार बनाने के लिए श्री माहेश्वरी सभा और श्री हनुमान मंडल द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में सुबह 11.30 बजे से एलइडी स्क्रीन के माध्यम से अयोध्या धाम के श्री रामजन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान की सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। हनुमान मंडल द्वारा संध्या 5.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक संगीतमय भजन प्रस्तुत किया जाएगा। रात्रि 8.00 बजे आरती के बाद लक्ष्मीनारायण मंदिर सभागार में भगवान का प्रसाद वितरण होगा।

### प्राण प्रतिष्ठा पर बरियातू महावीर मंदिर में होगा भव्य आयोजन

रांची। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महावीर मंदिर इंद्रप्रस्थ कॉलोनी जोड़ा तालाब बरियातू में भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरों पर है। पूरे कॉलोनी को भगवा झंडा से सजाया जा रहा है। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक प्रकाश चंद्र सिन्हा ने दी। उन्होंने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होना है। इस अवसर पर 21 जनवरी को सुबह 9 बजे से 24 घंटे का अष्टजाम किया जाएगा। इस दौरान श्रीराम जय राम, जय जय राम का जाप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को प्रोजेक्टर के माध्यम से सुबह 11 बजे से अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का लाइव टेलिकास्ट दिखाया जाएगा।

## अतिथि शिक्षकों ने कुलपति से मुलाकात की

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में पिछले 2015-16 से कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों ने कुलपति डॉ अजीत सिन्हा से मुलाकात की। शिक्षकों ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के प्रधान सचिव के निर्देश का अनुपालन करने का आग्रह किया। शिक्षकों ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश के अनुसार विश्वविद्यालय में वर्ष 2015-16 से कार्य कर रहे हैं अतिथि शिक्षकों का समायोजन नीड बेस्ट शिक्षक के रूप में किया जाना निर्देशित है। परंतु अभी तक रांची विश्वविद्यालय के द्वारा इनका समायोजन नहीं किया गया है। शिक्षकों ने कुलपति से मुलाकात कर मांग किया कि जल्द से जल्द नीड बेस्ट सहायक प्राध्यापक के रूप में हमें अधिसूचित किया जाए। कुलपति ने शिक्षकों को आश्वास्त किया कि अभी छुटियों के कारण कर्मचारियों की कमी है। जिसके कारण थोड़ा विलंब हो रहा है।

# बीएयू के सुचारू संचालन के लिए रिक्त पदों पर शीघ्र होगी नियुक्ति

### डॉ एससी दूबे ने बिरसा कृषि विवि के कुलपति का ग्रहण किया पदभार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में सहायक महानिदेशक (पौधा संरक्षण एवं बायोसेफ्टी) के पद पर कार्यरत डॉ सुनील चंद्र दुबे ने मंगलवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। उनका कार्यकाल 3 वर्षों के लिए है। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ दूबे ने बीएयू परिसर स्थित बिरसा भगवान और कार्तिक उरांव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी निदेशकों और अधिष्ठाताओं को निर्देश दिया कि अधिकारियों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों और सभी स्तर के शिक्षकेतर कर्मचारियों के रिक्त पदों का ब्योरा एक सप्ताह के अंदर निदेशक प्रशासन के पास जमा करें। ताकि एक माह के अंदर सभी रिक्तियां जेपीएससी और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से विज्ञापित कराने की कार्रवाई की जा सके। प्रबंध पर्षद के सदस्यों के रिक्त स्थानों पर मनोनयन के लिए संबंधित विभागों को यथाशीघ्र पत्र लिखने का भी निर्देश कुलसचिव को दिया। उन्होंने कहा कि डीन, डायरेक्टर सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अपनी शक्तियों का समुचित इस्तेमाल करना होगा और फाइल में स्पष्ट मंतव्य देना होगा। फाइल मूवमेंट की प्रक्रिया को भी छोटा किया जाएगा।



### पहले भी रांची में रहे है पदास्थापित

डॉ दूबे वर्ष 1989 से 2001 तक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची में सहायक प्राध्यापक एवं एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्य कर चुके हैं। बाद में वह आईसीएआर, नई दिल्ली चले गए थे जहां उन्होंने वरीय वैज्ञानिक, प्रधान वैज्ञानिक, विभागाध्यक्ष, निदेशक और सहायक महानिदेशक के रूप में कार्य किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पंकज वत्सल ने दी।

## पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास

रांची। पत्नी की निर्मम हत्या करने के मामले में आरोपी पति पौलुस मुंडा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। रांची सिविल कोर्ट में मामले में अपर न्यायुक्त प्रकाश झा की न्यायालय में आरोपी को सजा सुनाई गई। मामले में अभियोजन के पक्ष ने 7 गवाहों का बयान दर्ज कराया था। जिसमें सभी के गवाह और साक्ष्य के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी पाते हुए आजीवन करावास की सजा सुनाई। दरअसल यह पूरा मामला टाटीसिलवे थाना क्षेत्र का मामला का है। आरोपी पति ने वर्ष 2020 में अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी थी। जानकारी के अनुसार आरोपी नशे का आदी था और नशे में हमेशा अपनी पत्नी से झगड़ा किया करता था। एक दिन नशे की हालत पत्नी से हुए विवाद में आरोपी ने लोहे के रॉड से हमला करके अपनी पत्नी की निर्मम हत्या कर दी थी। मामले में कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तार करने के बाद उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रॉड को भी बरामद कर लिया था।

## जेएसएससी कार्यालय के समक्ष अभ्यर्थियों ने किया धरना-प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। कनीय अभियंता परीक्षा परिणाम घोषित करने की मांग को लेकर अभ्यिर्थियों ने जेएसएससी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि तीन साल पहले की वैकेंसी अब तक अधूरी है। बार बार के आग्रह के बाद भी परीक्षा परिणाम नहीं निकाले जाने पर अभ्यर्थियों ने कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर अधिकारियों को जगाने प्रयास किया। अभ्यर्थियों ने बताया कि अक्टूबर 2023 में ली गयी जेई परीक्षा का परिणाम अभी तक जारी नहीं किया गया है। अभ्यर्थियों ने बताया कि इससे पहले मुख्यमंत्री सचिवालय, राजभवन समेत कई सरकारी कार्यालयों में परीक्षा परिणाम जारी करने की मांग को लेकर आवेदन दे चुके हैं। इसके अलावा जेएसएससी कार्यालय को भी आवेदन दिया था। इसके बावजूद जेएसएससी ने रिजल्ट जारी नहीं किया गया। जिसके बाद गुस्साये अभ्यर्थियों ने मंगलवार को जेएसएससी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गये। अभ्यर्थियों ने कहा था कि जेएसएससी जेई की परीक्षा तीन बार हो चुकी है।

## पूजा सिंघल का करीबी रहा है इजहार अंसारी

**रांची।** ईडी ने मंगलवार की शाम हजारीबाग के जिस बड़े कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को गिरफ्तार किया है वह मनरेगा घोटाले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल का बेहद करीबी है। वह कहकशां ग्रुप ऑफ कंपनीज के अलावा कई शेल कंपनियों का संचालक है, जिनके माध्यम से काले धन का संचालन कर रहा था। ईडी ने मंगलवार को इजहार अंसारी के हजारीबाग, रामगढ़ के तीन ठिकानों पर दिनभर चली छापेमारी के बाद उसे गिरफ्तार किया है। उसके ठिकानों से 13 लाख रुपये नकदी के अलावा विभिन्न शेल कंपनियों व काले धन के निवेश से संबंधित दस्तावेज मिले हैं, जिसका ईडी सत्यापन कर रही है। ईडी ने जहां छापेमारी की है, उनमें हजारीबाग के लोहसिंघना थाना क्षेत्र के मिल्लत कालोनी स्थित आवास, रामगढ़ के कुजू ओपी क्षेत्र में इजहार की फैक्ट्री व एक अन्य ठिकाना शामिल है।

## छात्रों को मिला यातायात नियमों के बारीकियों को समझने का अवसर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के छठे दिन युवाओं ने विभिन्न चौक चौराहों पर यातायात को सुगम बनाने में सहयोग किया। रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र संगठन, यातायात पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा सप्ताह सह यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को छठे दिन नेहरू युवा केंद्र संगठन के राज्य निदेशक हनी सिन्हा भी शामिल हुई। उन्होंने एनएसएस के स्वयंसेवकों से करमटोली चौक पर जाकर मिली और उनका मनोबल एवं उत्साह वर्धन किया। हनी सिन्हा ने स्वयंसेवकों के साथ यातायात व्यवस्था में अपना सहयोग भी दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि यातायात पुलिस के सहयोग से यातायात नियमों को नजदीक से सीखने को मिल रहा है। यह प्रशिक्षण आप सभी के जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है। इस अवसर पर राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि जितने भी स्वयंसेवक विभिन्न चौक चौराहों पर यातायात व्यवस्था में लगे हुए हैं।

## जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक में लिये गये कई निर्णय

# कोर्ट के आदेश के बाद सेवा मुक्त शिक्षक फिर होंगे बहाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक-ए कार्यालय कक्ष में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक हुई। जिला शिक्षक स्थापना समिति के बैठक में कई निर्णय लिए गए। जिसमें सेवा मुक्त शिक्षकों को पुनः बहाल करने के लिए कुल तीन शिक्षकों न्यायालय के आदेश के आलोक में बहाल करना, शिक्षक व शिक्षिकाओं के अवकाश स्वीकृति प्रदान करने पर एक शिक्षिका के अवकाश की स्वीकृति का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रारंभिक विद्यालयों के शिक्षक की सेवा संपुष्टी के संबंध में कुल 5 शिक्षकों का सेवा संपुष्टी करने का निर्णय लिया गया। प्रारंभिक विद्यालयों के शिक्षक की नियुक्ति तिथि से (ग्रेड-01) की स्वीकृति का भी निर्णय लिया गया। एक अन्य मामले में विगत 5 वर्षो से अनुपस्थित शिक्षिका से दूसरा कारण पृच्छा करने का निर्णय लिया गया।




आरोप मुक्त शिक्षक को विभागीय कार्रवाई से मुक्त करने से संबंधित निर्णय लिया गया। प्रशासनिक दृष्टिकोण से अंयत्र प्रतिनियोजन करने में एक शिक्षक को अन्यत्र प्रतिनियोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में गैर अनुसूचित जिला से अनुसूचित जिला में अवमानना वाद सख्या-612/2022 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में पुनः वाद दायर करने वालें 33 वादियों का स्थानांतरण से संबंधित निर्णय लिया गया। बैठक में रांची के जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक मिथलेश केरकेट्टा एवं जिला शिक्षक स्थापना समिति के सभी पदाधिकारी और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अनुकंपा पर होगी दो लोगों की नियुक्ति

**रांची।** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला अनुकंपा समिति रांची की बैठक हुई। जिसमें सामान्य व चौकीदार के आश्रितों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कार्यालय कक्ष में बैठक हुई। बैठक में अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्ति संबंधित जिसमें सामान्य व चौकीदार के आश्रित से संबंधित मामले थे, उसकी समीक्षा की गई। बैठक में जिला स्थापना उप-समाहर्ता स्वेता वेद एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जिला अनुकंपा समिति के द्वारा जिन प्रस्तावों में नियुक्ति की अनुशंसा की गई, उसमें ग्रामीण पुलिस चौकीदार के अनुकंपा में कुल-01 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। जिला अनुकंपा समिति की ओर से सामान्य मामलो में कुल 2 नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई।

## भूतपूर्व जस्टिस की पत्नियों को सुविधा मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई

**रांची।** दो भूतपूर्व जस्टिस की पत्नियों को झारखंड सरकार से मिलने वाली सुविधा दिलाने के मामले में हाई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। इस मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल किया गया। हालांकि, राज्य सरकार के अधिवक्ता कोर्ट के समक्ष उपस्थित नहीं हो सके, जिसे देखते हुए कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 19 जनवरी निर्धारित की गई है। हाई कोर्ट की ओर से अधिवक्ता अनूप कुमार मेहता ने पैरवी की। अधिवक्ता अनूप कुमार मेहता के मुताबिक, पैराग्राफ सात में राज्य सरकार की ओर से दायर शपथ पत्र में बताया गया है कि दो भूतपूर्व जस्टिस की पत्नियों को सरकारी सुविधा दिलाने मामले में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सरकार इस दिशा में काम कर रही है। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पिछले सुनवाई में राज्य सरकार से जवाब मांगा था।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान चीफ रिपोर्टर, समाचार संपादक, पेजिनेटर/सब एडिटर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक 'राष्ट्रीय नवीन मेल', 502 बी, मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)।

# लक्ष्य सही हो तो संसाधन भी मिल जाते हैं, तभी विकास संभव : जयंत सिन्हा

दिव्यांगों के बीच सांसद ने बांटी ट्राई साइकिल, जरूरतमंदों को दिया कंबल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लक्ष्य सही हो तो संसाधन भी मिल जाते हैं। तभी जनहित का कार्य संभव हो पता है। यह बात मंगलवार को रामगढ़ में एक समारोह में सांसद जयंत सिन्हा ने कही। समारोह में उन्होंने 10 दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल और 500 जरूरतमंदों को कंबल दिया। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि हमारा लक्ष्य जनहित, देशहित और समाजहित है। आपका लक्ष्य सही है तो आपको हर साधन उपलब्ध होगा और आपको हमेशा सफलता मिलेगी।

## हजारीबाग में बनकर तैयार हो गया अक्षय पात्र, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

कार्यक्रम के दौरान सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि राज्य का पहला अक्षय पत्र हजारीबाग में बनकर तैयार हो गया है। जिसका उद्घाटन 19 जनवरी को राज्यपाल के कर कमल से होगा। उन्होंने बताया कि इस अक्षय पत्र से जिले की एक लाख बच्चों को पोषण आहार मिलेगा। विद्यालयों में बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार 6. 20 रुपए राज्य सरकार को देती है। इसमें राज्य में काम कर रही अन्य कंपनियां 8 रुपए की सहयोग राशि जोड़ रही है। जिससे बच्चों को वह पोषण आहार मिलेगा जो बाजार में 40 से 50 रुपए में भी नहीं मिलता है। भाजपा नेता प्रकाश मिश्रा ने कहा सांसद जयंत सिन्हा हमेशा जनता के सुख-दुख में शामिल रहते हैं। यह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता का ही आशीर्वाद है कि उन्हें सांसद महारत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों को जोड़ेगा : सुबोधकांत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची महानगर कांग्रेस कमेटी की बैठक अध्यक्ष कुमार राजा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने पर चर्चा की गयी। बिहार क्लब में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय कहा ने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों को एक साथ जोड़ने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। मणिपुर में ही दिख गया कि इस न्याय यात्रा में लाखों की संख्या में लोग शामिल हुए। वहां की जनता ने राहुल गांधी को सुना और विश्वास जताया कि हम आपके साथ हैं।

श्री सहाय ने कहा कि झारखंड में भी राहुल गांधी का 8 दिन का दौरा है। इससे झारखंड में युवाओं के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलेगा। ग्रामीण स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के कार्यकर्ता काफी उत्साहित है। महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार राजा ने कहा कि यह न्याय यात्रा मणिपुर से आखिर क्यों शुरूआत की गई। इसको आप समझ सकते हैं कि राहुल गांधी मणिपुर की जनता से ज्यादा लगाव रखते हैं। गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी ने मणिपुर की जनता की समस्याओं को सुना।

**झारखंड में भी राहुल गांधी का 8 दिन का दौरा है। इससे झारखंड में युवाओं के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिलेगा।**

उन्होंने दुखी और परेशान मणिपुर की जनता को हिम्मत देने का काम किया है। बैठक में झारखंड में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को कैसे सफल बनाया जाए इस पर चर्चा की गई है। इस यात्रा से झारखंड में पार्टी भी मजबूत होगी और आगामी लोकसभा चुनाव में फायदा मिलेगा। मौजूदा केंद्र में सरकार सिर्फ जनता को सपना दिखाने का काम कर रही है। लेकिन राहुल गांधी के आने से झारखंड में जनता के बीच एक पॉजिटिव मैसेज जाएगा।

# 'सीएम ईडी को घर बुलाते हैं और उनके नेता धमकी देते हैं'

## पश्चिम बंगाल से भी ज्यादा भयावह स्थिति उत्पन्न कर सकती हेमंत सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीव वर्मा ने मंगलवार को कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ईडी अधिकारियों को पूछताछ के लिए अपने घर बुलाते हैं वहीं उनकी पार्टी के महासचिव ईडी अधिकारियों को धमकी दे रहे हैं। कहा, बेहतर होगा मुख्यमंत्री कैबिनेट से यह निर्णय करा लें कि राज्य के किसी व्यक्ति को पूछताछ के लिए अधिकारी अपने ऑफिस में नही बुलाएं। अधिकारी पूछताछ के लिए घर जाएं। जब अपराध के लिए सजा सबके लिए बराबर है तो फिर कानूनी प्रक्रिया भी बराबर होनी चाहिए। वैसे झामुमो के बयान से साफ है कि मुख्यमंत्री के पास ईडी के सवालों का जवाब नहीं है। कहा कि ईडी ने बार बार बताया है कि आखिर मुख्यमंत्री को वह क्यों बुला रही है लेकिन वावजूद इसके झामुमो जनता को दिग्भ्रमित करने में जुटा है। कहा कि पूछे जाने वाले सवालों के संबंध में जिस प्रकार से झामुमो ने मखौल उड़ाया है यह झामुमो के दिवालियापन को दशार्ता है।



उन्होंने कहा कि झामुमो और उनके सहयोगी दलों को जनता का आक्रोश स्पष्ट दिखलाई पड़ रहा परंतु सत्ता के चश्मे में उन्हें यह नहीं दिखाई पड़ रहा कि यह उन्हीं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि कौन सी ऐसी पूछताछ होती है जिसमे पहले से प्रश्न बता दिए जाते हैं। कोई इंटरव्यू लेने के लिए ईडी थोड़े बुला रही है। उसके पास जमीन की लूट के साक्ष्य होंगे। और पकड़े गए लोगो से कुछ कागजात मिले होंगे। तो फिर जो मुख्यमंत्री के स्तर की बात होगी वो तो उनके पार्टी के नेता नही न बता पाएंगे। कहा कि झामुमो नेता के धमकी भरे बयानों से स्पष्ट हो रहा है कि ये ईडी के अधिकारियों के साथ पश्चिम बंगाल में हुए वारदात से भी ज्यादा भयावह स्थिति उत्पन्न करने की कोशिश की जा रही है।

## झामुमो महासचिव सुप्रियो के बयान पर भाजपा प्रदेश महामंत्री ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

## चार वर्षो में राज्य महिला आयोग का गठन नहीं कर पाई हेमंत सरकार : लुईस मरांडी



**रांची।** पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार ने बीते चार वर्षों में काम तो कुछ नहीं किया है, बस काम गिनाने में लग जाती है। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार समाज कल्याण विभाग में आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका-सहायिका को किसी भी तरह का यूनिफार्म उपलब्ध नहीं कर पाई। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार चार वर्षों में महिलाओं के लिए संवैधानिक सहारा बनने वाली संस्था महिला आयोग का गठन नहीं किया। डॉ मरांडी मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि बढ़े हुए कुपोषण को रघुवर सरकार में बहुत हद तक कंट्रोल किया गया था लेकिन आज कुपोषण दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। रघुवर दास की सरकार में पोषण सखी का नियुक्तियां हुई थी और वे सभी अपनी सेवाएं भी दे रही थी लेकिन जैसे ही हेमन्त सोरेन सरकार आयी उन्होंने पोषण सखी की नियुक्तियां को रद्द कर दिया। कहा, जिस तरह से हेमन्त सरकार महिलाओं के लिए बड़े वादा कर सत्ता में आई थी ठीक उसके उलट सरकार काम कर रही है। रघुवर दास के समय मुख्यमंत्री सुकन्या योजना शुरू हुआ था उसे इस सरकार ने सिर्फ नाम बदलकर सावित्री बाई फुले योजना को शुरू कर वाहवाही लूटी रही है। डॉ मरांडी ने कहा कि रघुवर सरकार में 0 वर्ष से ऊपर के कक्षा तक पैसा देने का प्रावधान था लेकिन हेमन्त सरकार ने सिर्फ 8वीं कक्षा से ऊपर तक को पैसा देने का काम कर रही है।

# एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम और नियमावली कार्यान्वयन के लिए बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम और नियमावली के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय निगरानी एवं अनुश्रवण समिति की बैठक, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए सामान्य निकाय की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने बैठक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए सामान्य निकाय की बैठक की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राप्त आवेदन का अनुमोदन एवं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त आवेदन के अनुमोदन पर चर्चा की।



## अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा भुगतान करने की सहमति

उपायुक्त ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम और नियमावली के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय निगरानी एवं अनुश्रवण समिति की बैठक करते हुए क्रमवार समीक्षा की गई। इसमें अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं निगरानी समिति के द्वारा कुल-75 प्रस्ताव पर निर्णय लेते हुए सभी मामलों पर एक-एक कर समीक्षा करते हुए अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा भुगतान करने की सहमति प्रदान की गई। यह अधिनियम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के विरुद्ध किए गए अपराधों के निवारण के लिए है। ऐसे अपराधों के संबंध में मुकदमा चलाने तथा ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों के लिए राहत एवं पुनर्वास का प्रावधान करता है। उपायुक्त ने अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्गों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति की क्रमवार बैठक करते हुए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना में सिविल सर्जन, अनुशंसित लाभुकों की विवरणी के आधार जिला स्तरीय समिति द्वारा अनुशंसा किया गया।

# झारखंड में ट्रांसजेंडर्स के उत्थान के लिए किया जाएगा बोर्ड का गठन : कृपानंद झा

**राज्य के 6850 केंद्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में किया जायेगा विकसित**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में ट्रांसजेंडर्स के उत्थान के लिये बोर्ड का गठन किया जायेगा। राज्य के प्रत्येक जिला में उपायुक्त की अध्यक्षता में कमेटी का गठन होगा।
वर्तमान में ट्रांसजेंडरों को ओबीसी-टू का दर्जा दिया गया है और विभाग उनके उत्थान के लिये एक समेकित योजना तैयार कर रहा है। यह जानकारी महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव कृपानंद झा ने सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय में पत्रकार वार्ता में दी। कृपानंद झा ने बताया कि विभागीय स्तर पर सामाजिक उत्थान की दिशा में मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर विभिन्न स्तर पर सामाजिक सुरक्षा के तहत कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत राज्य में कुल नौ योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें तीन योजनाएं केंद्र संपोषित और 6 योजनाएं राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनधारियों को ससमय लाभान्वित किया जा सके। इसके लिये सरकार ने अलग से 100 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड की व्यवस्था किया है।
चार वर्षों में राज्य के पेंशनधारियों में 82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। 2023 में आपके अधिकार, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुल 6.56 लाख से ज्यादा पेंशन के आवेदन प्राप्त हुए हैं। 50 से 60 आयु वर्ग की एससी-एसटी महिलाएं भी वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र होंगी। अतिरिक्त लाभार्थी की अपेक्षित संख्या लगभग 18 लाख है।

## 6850 आंगनबाड़ी केंद्रों को किया जायेगा विकसित

कृपानंद झा ने बताया कि राज्य में कुल 378 हजार 432 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 6850 केन्द्रों को सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र के रूप में विकसित किया जायेगा। 29 हजार से ज्यादा सेविकाओं को स्मार्ट मोबाइल उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 10 हजार से ज्यादा आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन का निर्माण डीएमएफटी/सीएसआर फंड के तहत कराने की योजना है। केन्द्रों में एलपीजी सिलेंडर, वाटर प्यूरीफायर और स्मार्ट टीवी आदि जैसी सुविधा दी जायेगी। आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिये 9500 रुपये प्रतिमाह तथा सहायिकाओं के लिये 4750 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है।

# सरकार 22 को राजकीय अवकाश घोषित करे : चंद्रकांत रायपत

**31026 गांवों के 47 लाख 72 हजार परिवारों तक प्राण प्रतिष्ठा का दिया गया निमंत्रण**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि विहिप झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री से मांग करती है कि 22 जनवरी को एक दिन का राजकीय अवकाश की घोषणा करे। साथ ही प्रदेश में 21 और 22 जनवरी को मांस मदिरा की बिक्री पर रोक लगाई जाए। क्योंकि, उस दिन देशभर के साथ पूरे प्रदेश के गांव-गांव में बड़े पैमाने पर धार्मिक अनुष्ठान होंगे। रायपत मंगलवार को रांची के एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकर्स में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अभियान में लगे कार्यकताओं के अनुसार, पूरे हिंदू समाज ने भक्तिपूर्ण भाव से अक्षत कलश का स्वागत किया। जैसे मानों उनके घर साक्षात श्रीराम आए हों। पूरा प्रदेश ही राममय हो गया है। उन्होंने कहा कि अब अभियान के दूसरे चरण में हिंदू समाज मंदिरों की सफाई, मंदिरों की साज सज्जा और मंदिरों में कोई ना कोई धार्मिक अनुष्ठान के लिए कार्यक्रम की योजना बनाकर उसकी पूर्ण व्यवस्था की चिंता करें। उन्होंने विशेष आग्रह करते हुए कहा कि 22 जनवरी को संपूर्ण हिंदू समाज प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक अपने निकट के मंदिरों में एकत्र होकर कोई न कोई धार्मिक अनुष्ठान करे। मंदिरों में प्रोजेक्टर, स्क्रीन, टीवी आदि के द्वारा अयोध्या से सीधा प्रसारण की व्यवस्था करे। जब अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम आरती हो तो उस आरती में अपने स्थान पर उपस्थित सभी लोग खड़े होकर उस आरती में शामिल हो जाएं।

## आर्म्स एक्ट मामले में चार अपराधियों को तीन साल की सजा

**दुमका।** न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सार्थक शर्मा की अदालत ने मंगलवार को आर्म्स एक्ट में दोषी करार देते हुए हंसडीहा के चार अपराधियों को तीन-तीन साल की सजा एवं जुमार्ना किया है। अपराधियों में जयकांत यादव, मुजाहिद अंसारी, विभास चौधरी एवं आनंद राउत है। न्यायालय ने अभियुक्तों को आर्म्स एक्ट 25(1-बी) के दोषी पाते हुए तीन साल और पांच हजार रुपया जुमार्ना की सजा सुनाई। जुमार्ना नहीं जमा करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। वहीं आर्म्स एक्ट 26 (1) में भी न्यायालय ने तीन साल की सजा एवं 5 हजार जुमार्ना किया है। जुमार्ना नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। मामले में 9 गवाहों की गवाही गुजरी।

# देश की समृद्धि में किसान की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल

**कृषि को बढ़ावा देने के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि किसान समाज की रीढ़ हैं। किसान न सिर्फ अन्न उपलब्ध कराने में, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण ही हमें भोजन मिल पाता है। उनकी अमूल्य भूमिका के लिए हम सब उनके आभारी हैं।
उनके सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। राज्यपाल मंगलवार को रांची के होटल रेडिसन ब्लू में आयोजित झारखंड किसान सम्मान 2024 कार्यक्रम में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि तमिलनाडु में आज किसान दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मैं किसानों के मध्य रहा करता था।



संयोग से आज भी किसानों के मध्य रहने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसान अपने मेहनत एवं योगदान से देश की सेवा कर रहे हैं। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने संस्कृति के बारे में पूछे जाने पर कहा था, मेरी संस्कृति कृषि है। कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री की ओर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को सम्मान राशि दी जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को नए सिरे से परिभाषित किया है, जिसके कारण किसान लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर ही वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेट् ईयर घोषित किया गया है।
इससे किसानों को तो लाभ हो ही रहा है, लोगों का पोषण भी हो रहा है। राज्यपाल ने कहा कि समाचार पत्रों की यह अहम जिम्मेदारी है कि वे किसानों को बेहतर कृषि पद्धतियों, आधुनिक सिचाई प्रणाली एवं प्रौद्योगिकी इत्यादि की जानकारी प्रदान करें तथा सदैव उनके हित में खड़ा रहे। राज्यपाल ने 24 जिलों से आए 41 किसानों एवं बैंकर्स को सम्मानित किया। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं भी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड विधानसभा के अधिकारियों कर्मचारियों ने किया रक्तदान




**रांची।** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को रिम्स ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्त जांच के प्रबंध भी किये गये थे। कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के अधिकारियों एवं कर्मियों ने रक्तदान किया। इस दौरान स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने रक्तदान शिविर का निरीक्षण किया एवं रक्तदान करने वाले कर्मियों को रक्तदान से संबंधित प्रमाण पत्र भी दिया। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो रक्तदान के लिए मेडिकल रूप से फिट हैं, उन्हें समय अंतराल पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से जरूरतमंदों के सहयोग के साथ शरीर को भी कई फायदे हैं। इस दौरान उनके साथ झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर भी उपस्थित थे। रक्तदान शिविर में रिम्स की डॉक्टर कविता देवघरिया, डॉक्टर ऊषा सरोज के अलावा तथा झारखंड विधानसभा औषधालय की मेडिकल टीम ने अहम भूमिका निभाई।

### पीएलएफआई सुप्रीमो का सहयोगी फिर ईडी के तीन दिनों के रिमांड पर

**रांची।** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी निवेश कुमार की पांच दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद मंगलवार को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने फिर से पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए तीन दिनों की रिमांड अवधि बढ़ने का आग्रह किया। इस पर ईडी के विशेष जज दिनेश राय की कोर्ट ने निवेश से पूछताछ के लिए तीन दिनों की रिमांड ईडी को प्रदान की। इससे पूर्व गत आठ जनवरी को ईडी ने कोर्ट के माध्यम से ईडी ने निवेश को मेमो ऑफ अरेस्टिंग दिया था। इसके बाद बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया था। एनआईए ने पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) उग्रवादी संगठन के खिलाफ झारखंड सहित चार राज्यों में 15 दिसंबर को छापेमारी की थी। इस दौरान एनआईए ने दो आरोपितों निवेश कुमार और सोनू पंडित उर्फ रमण को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने पीएलएफआई उग्रवादी संगठन से जुड़े झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और नई दिल्ली में कुल 23 स्थानों की तलाशी ली थी। इनमें झारखंड में 19 स्थान (गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पलामू और पश्चिमी सिंहभूम जिले), बिहार (पटना जिला) और मध्य प्रदेश (सिद्धि जिले) में एक-एक स्थान और नई दिल्ली में दो स्थान शामिल हैं। एनआईए ने जिन आरोपितों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की, वे सभी झारखंड में पीएलएफआई के कैडर और समर्थक थे। वे हिंसक वारदातों और आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश में शामिल थे। छापेमारी के दौरान दो पिस्तौल, कारतूस (7.86 मिमी) तीन लाख रुपये समेत अन्य सामान बरामद किए गये थे। एनआईए की अब तक की जांच से पता चला है कि पीएलएफआई के कैडर झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में विभिन्न कोयला व्यापारियों, ट्रांसपोर्टरों, रेलवे ठेकेदारों और व्यापारियों से जबरन वसूली के माध्यम से धन जुटाने में शामिल थे।

### सांसद संजय सेठ ने बांटे राम ध्वज



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने मंगलवार को अपने आवास पर 1000 लोगों के बीच दीय, बाती के साथ राम ध्वज का वितरण किया। सेठ ने कहा पूरे रांची लोकसभा में प्रत्येक पंचायत और वार्ड में 5 लाख दीया और रामध्वज का वितरण किया जाएगा जिसकी शुरूआत आज से की गई है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के बाद भगवान श्री राम का मंदिर बनकर तैयार है। पूरा भारत ही नहीं पूरा विश्व 22 तारीख को राम मय होगा और पूरे देश में दीपावली के साथ रामनवमी मनाई जाएगी। लंबे इंतजार के बाद यह शुभ घड़ी आई है। इस पल के लिए हमारे कितने पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम लोग सौभाग्यशाली हैं कि हम लोगों के सामने भगवान राम विराजमान होंगे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष खूंटी के प्रभारी सत्यनारायण सिंह, पूर्व पार्षद रोशनी खलखो मंडल के अध्यक्ष सुबेश पांडे सहित संजय पोद्दार मंटू केसरी सतीश सिंह सुधीर सिंह आलोक सिंह सोनू श्रीवास्तव पीयूष कुमार राजकुमार साहू, देवेंद्र होता, अरुण साहू, माला कुमारी, सोनी कुमारी, कुमुद झा, राजेश प्रसाद, प्रदीप सिंह तथा अभय कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### महुआ के बॉडीगार्ड ने ताना एके-47, सस्पेंड

**रांची।** राजधानी रांची में दिनों-दिन नशेबाज वर्दीधरियो के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। आए दिन एसे कई मामले सामने आ रहे हैं। खबर राजधानी के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के अशोक नगर रोड नंबर-2 का है जहां एक शख्स पर बॉडीगार्ड ने एके-47 तान दी। वहीं इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएसपी ने बॉडीगार्ड को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल, यह पूरा मामला सोमवार (15 जनवरी) देर रात का है। जहां जेएमएम नेता और सांसद महुआ माजी के बॉडीगार्ड तनवीर खान ने एक शख्स के साथ गाली-गलौज की थी और उसके बाद उसपर अपने सर्विस रायफल तान दी थी। लोगों के मुताबिक, बॉडीगार्ड नशे की हालत में था, वहीं इस मामले की जानकारी जब पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचकर पुलिस ने बॉडीगार्ड को हिरासत में लिया। इसपर कार्रवाई करते हुए अब एसएसपी ने बॉडीगार्ड को सस्पेंड कर दिया है।

### कृषि घोटाला मामले में मंत्री सत्यानंद भोक्ता का डिस्चार्ज पीटीशन खारिज

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने मंगलवार को कृषि घोटाला मामले में तत्कालीन कृषि मंत्री सह वर्तमान नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता के डिस्चार्ज पीटीशन को खारिज कर दिया है। मामले में जल्द ही उन पर आरोप तय किया जाएगा। इससे पूर्व अदालत ने छह जनवरी डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने मंगलवार को अपना सुरक्षित आदेश सुनाया। मंत्री सत्यनाद भोक्ता ने आरोप मुक्त करने के लिए आठ दिसंबर 2022 को ही डिस्चार्ज पीटीशन अदालत में दाखिल की है। इस पर सुनवाई एक साल में पूरी हो सकी है। उल्लेखनीय है कि बीज घोटाला का यह मामला वर्ष 2003 से 2005 के बीच का है। निगरानी थाना में इस संबंध में 46.10 करोड़ के बीज घोटाला के संबंध में वर्ष 2009 में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई थी।

### हावड़ा-मुंबई मेल ट्रेन के ठहराव का विधायक ने हरी झंडी दिखाकर कर किया शुभारंभ

**कोडरमा।** केंद्रीय रेल मंत्रालय से परसाबाद स्टेशन पर 12321/12322 हावड़ा-मुंबई मेल अप व डाउन ट्रेन के ठहराव की मंजूरी मिलने के बाद मंगलवार को विधायक अमित कुमार यादव ने अहले सुबह 5 बजे हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रेन के ठहराव के दौरान पायलट एवं सह पायलट का अभिनंदन किया गया। विधायक ने परसाबाद स्टेशन से पहली बार जाने वाले शामिल सभी यात्रियों को शुभ यात्रा की बधाई दी।

## एक नजर

### दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक सदस्य के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**हजारीबाग।** बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति के संस्थापक सदस्य सदानंद सेन की बीते 9 जनवरी को संध्या 7:30 बजे निधन हो गई थी। जिसको लेकर मंगलवार को बड़ा बाजार स्थित जैन भवन के सभागार में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने किया। वहीं महा समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी बंशीधर रुखैयार ने सदानंद सेन के महासमिति में बिताए गए पल को लोगों के बीच साझा किया। कार्यक्रम का मंच संचालन महासमिति के सहसंयोजक रितेश खंडेलवाल ने किया। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत सर्वप्रथम सबसे पहले सदानंद सेन की तस्वीर पर मौजूद सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद सभी लोगों ने सदानंद सेन के साथ बिताए गए पाल को लोगों के साथ साझा किया। श्रद्धांजलि सभा में कई समाज के प्रतिनिधि गण मौजूद रहे। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि सदानंद सेन का महासमिति के प्रति काफी लगाव था। महासमिति के प्रारंभ से ही इनका आशीर्वाद सभी को मिल रहा था। सदानंद सेन जी हमेशा भक्ति भाव के कार्यों में समर्पित रहते थे। मौके पर अध्यक्ष प्रमोद यादव, सचिव दीप नारायण निषाद, शिवदीप सिंह, गुड्डुन सोनकर, किशोर सोनी, प्रमोद खण्डेलवाल, सुरेश प्रसाद, तरुण कुमार, लखन निषाद, रितेश खण्डेलवाल, सतीश गुप्ता, अनिल मद्धेशिया पंकज कसेरा, हितेश रंजन सहित कई लोग मौजूद थे।

### सांसद को महारत्न पुरस्कार मिलने पर दी बधाई : अनूप भाई



हजारीबाग। लोकप्रिय सांसद सह के अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न किए जाने पर उनके आवास ऋषभ वाटिका में पहुंचकर सांसद प्रतिनिधि सह जैविक कृषि प्रकोष्ठ भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश संयोजक अनूप भाई बधाई देते हुए ,अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर का मॉडल भेंट कर शुभकामना दिया। हजारीबाग जिला के कृषि विभाग के सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह ,समाजसेवी चंद्रदेव शर्मा पुष्प फूल का गुलदस्ता देकर एवं मिठाई खिलाकर बधाई दिया। सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई ने कहा कि होने वाली लोकसभा चुनाव में हम सब मिलकर 5 लाख से अधिक मतों से हजारीबाग लोकसभा में विजय प्राप्त करेंगे ,जिसके लिए अभी से ही कमर कर चुके हैं। विरोधियों को चुनाव में धूल चटाने के लिए तैयार है।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना


# ग्रामीण प्रखंडों में भ्रमण कर आमजन को करेगा जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर 15 जनवरी से 15 फरवरी, 2024 तक हजारीबाग जिला में एक माह तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में मंगलवार को उपायुक्त नैन्सी सहाय ने समरहणालय परिसर से सड़क सुरक्षा माह जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखण्डों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों जागरूक करेगा। साथ पूरे माह भर संचालित जागरूकता अभियान के दौरान जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित कर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा सड़कों पर चलने वाले वाहन चालक व आम राहगीरों को भी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देकर जागरूक करने पर विशेष फोकस किया जायेगा। इस क्रम में परिवहन विभाग पुलिस-ट्रैफिक पुलिस, अभियंत्रण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विभिन सरकारी व गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी से सड़क सुरक्षा एवं सड़कों में होने वाले हादसों को कम करने के लिए परस्पर भागीदारी से प्रयास करेंगे। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी वैद्यनाथ कामती सहित कई अन्य मौजूद थे।

### हिंदू राष्ट्र संघ ने 22 जनवरी को होनेवाले आयोजन को लेकर की बैठक

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना सभी हिंदूओं के लिए गौरव बात है : शशि केशरी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हिंदू राष्ट्र संघ के द्वारा पंच मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर चूड़ा तिलकुट वितरण के आयोजन के साथ हीं श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर एक बैठक की गई। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि भुषण केशरी के द्वारा किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि ऐतिहासिक पल में श्री राम शोभायात्रा 22 जनवरी को दोपहर 12 बजे पंच मंदिर प्रांगण से निकाला जाएगा। शोभा यात्रा में श्रीराम जी की 9 फीट की प्रतिमा के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष शशि केशरी ने आम जनों से अपील करते हुए कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के दिन शोभा यात्रा में सम्मिलित हों और घरों में भगवा ध्वज, मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ करें एवं चौक-चौराहों को सजायें। संध्या में दीप प्रज्ज्वलित करके आतिशबाजी पटाखे फोड़ें, मिठाई खाएं और दिवाली जैसा उत्सव मनाएं। वहीं संरक्षक अमित गुप्ता ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना सभी हिंदूओं के लिए गौरव, सम्मान व हर्ष का विषय है। बैठक में रंजीत चटर्जी, जागेश्वर साव, विशाल वाल्मीकि, बल्लू गुप्ता, मनोज गुप्ता, राकेश गुप्ता ,विनोद कुमार, अनिल यादव, अनुज रौनियार, विशाल कुमार, राजेश कुमार, अभय कुमार, अभिनव कुमार, अनिल राय, विवेक कुमार, सोनू रक्षित, अमित कुमार, विक्की कुमार, पवन प्रताप सिंह, पवन कुमार, पंकज कुमार, विकास हरि, दीपक देवराज ,देवेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, जोगी जागेश्वर साव, राजशेखर सिंहा, सोनू सिंह, संतोष यादव, अंकु साहू सूरज कुमार साव, गणेश यादव, नकुल कुमार, ललन ओझा, हितेश रंजन, डब्लू कुमार, राजशेखर सिंहा, हिंदू राष्ट्र संघ नारी शक्ति की माता बहनों समेत कई अन्य मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव से संबंधित डीसी ने की बैठक

# संवेदशनशील स्थानों को अच्छी तहर चिन्हित करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से कराने से सम्बन्धित बैठक ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में आयोजित मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हितीकरण कार्य में वर्तमान स्थितियों के मद्देनजर निर्णय लेते हुए सूची को अंतिम रूप देने पर बल दिया गया। ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि रिपोर्ट तैयार करने में वर्तमान हालात को ध्यान में रखते हुए दो दिन में रिपोर्ट भेजने को कहा। साथ ही श्रीमति सहाय ने कहा कि सम्बन्धित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी संयुक्त रूप से स्थानीय स्थिति का समुचित एवं व्यवहारिक आकलन कर अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी के संयुक्त हस्ताक्षर से जल्द प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया। सूची तैयार करने में लापरवाही न बरतने, पुराने रिपोर्ट की कॉपी के बजाय वर्तमान हालात का अध्ययन को आधार बनाकर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया, साथ ही मतदान टीम को हेलीकॉप्टर से पहुंचाने की आवश्यकता को लेकर रिपोर्ट बनाने को कहा गया।

## जिला महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की बैठक संपन्न




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में जिला महिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जिला महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष बेबी देवी नें किया। मुख्य अतिथि पिंकी सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार की तानाशाही रवैया को देखते अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी ने सभी जिले में मैत्री महासम्मेलन करने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में 19 जनवरी को हजारीबाग में लोकसभा के चुनाव को लेकर मैत्री महासम्मेलन करना है इसे युद्ध स्तर पर करने के लिए जिला महिला कांग्रेस तैयार रहेंगी। अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव नें कहा कि आगामी हजारीबाग में 19 जनवरी को जिला महिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर मैत्री महासम्मेलन करना है उसकी सफलता के लिए जिला कांग्रेस कमिटी जिला महिला कांग्रेस कमिटी के साथ खड़ी है । कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव असगरी अंजूम तथा धन्यवाद ज्ञापन ओबीसी के प्रदेश सचिव रेणू देवी ने किया। मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, जिला महासचिव डॉ. प्रकाश कुमार पूर्व जिला महिला अध्यक्ष अन्नू विश्वकर्मा प्रखंड अध्यक्ष पूनम कुमारी, पूनम देवी, गीता देवी, संगीता देवी, प्रतिमा देवी, पूजा कुमारी, कुसुम कुमारी, सरस्वती देवी, फूलवंती देवी, लक्ष्मी देवी, उर्मिला देवी, बबिता देवी, सुषमा देवी, सरोज देवी, काजल कुमारी के अतिरिक्त कई महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थी।

## न्यूज बॉक्स

### कटकमदाग के बेस पंचायत में गजराजों ने मचाया तांडव



**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत बेस पंचायत के ग्राम बेस व हारम में बीती रात 11 हाथियों के झुंड ने बेस के कान्ति देवी पति बासुदेव भुइयां के घर को क्षतिग्रस्त कर दिय। वहां फारेस्ट विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से आईएफए उन्हे गांव से बाहर निकाला। तत्पश्चात ग्राम हारम में हाथियों के झुण्ड ने सुखनंदन उरांव पिता रोड़े उरांव के घर को क्षतिग्रस्त किया और लगभग 5 क्विंटल धान खा गए, वहीं लक्ष्मण टोप्पो पिता रोड़े उरांव के खेतों में लगे लगभग एक क्विंटल आलू, 2 कट्ठा में लगे मटर, 4 कट्ठा में लगे राहड़ एवं 50 किलो कच्चा केला खा गए। हाथियों का झुंड यही नहीं रुका वहीं सूरजमुनी देवी पति संजय टोप्पो के लगभग 5 किंटल धान चट कर गए। फिर किरण पूर्ति के घर को क्षतिग्रस्त किया एवं 2 कट्ठा में लगे राहड़ खा गए। बेस पंचायत मुखिया दीपक यादव ने क्षति का जायजा लेने के साथ ही संबंधित विभाग से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन देने के साथ ही लोगों को धान महुआ को अच्छी जगह पर रखने की हिदायत भी दी। साथ ही उन्होंने पर्यटकों को बेलगिरी झरना में अभी नहीं आने की नसीहत भी दी। उन्होंने कहा कि हाथियों का झुंड अमन धारा वॉटरफॉल में ही अड्डा जमाए हुए है।

### स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकार मोर्चा ने की बैठक



**हजारीबाग।** झारखंड राज्य अनुसूचित जाति जनजाति अधिकार मोर्चा की बैठक बड़ा बाजार स्थित कार्यालय में केंद्रीय अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में की गई। बैठक में संस्थापक सदस्य जय श्रीराम, केंद्रीय सदस्य शशि भूषण प्रसाद, प्रधान महासचिव नदुंवीर राम भुइयां, केंद्रीय सचिव राजकुमार रवि, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार रजक, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार दास उपस्थित थे। बैठक में सर्व समिति से आगामी 21 जनवरी को संगठन के स्थापना दिवस केबी सहाय पार्क में मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें झारखंड प्रांत के सभी जिलों के प्रखंडों एवं पंचायत से लोगों की उपस्थिति होगी। बैठक में संगठन विस्तार पर भी चर्चा की गई।

### तीन छात्राओं ने जीता राज्य ताइक्वांडो में गोल्ड



हजारीबाग। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली हजारीबाग की बहन सृष्टि कुमारी, लकी कुमारी एवं तानिया मित्तल ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बेटी को आत्मरक्षा सिखाओ के भाव के साथ धनबाद में आयोजित दो दिवसीय तृतीय महिला झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में तीनों बहनों के स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव, संजय उपाध्याय एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव रंजन ने बधाई एवं शुभकामना दिया है।मंगलवार को वंदना सभा में तीनों बहनों को बधाई एवं शुभकामना संदेश दी गई। मौके पर विद्यालय के आचार्य अमरदीप कुमार, प्रशिक्षक हेमंत कुमार, आचार्य राहुल कुमार पासवान,नरेंद्र कुमा सिन्हा, भैया- बहन एवं आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे।

### समाजसेवियों संग विधायक प्रतिनिधि ने घर-घर जाकर बांटे पूजित अक्षत



**हजारीबाग।** श्री अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम मंदिर में आगामी 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व देश भर में चल रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के कॉलेज मोड़ के समीप स्थित सेमेंट्री रोड और आसपास के क्षेत्र में श्रद्धा भावना से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के विधायक प्रतिनिधियों और स्थानीय समाजसेवियों ने घर-घर जाकर पूजित अक्षत का वितरण किया। सभी ने घर- घर जाकर राममंदिर निर्माण को लेकर यह संदेश पहुंचाया और 22 जनवरी को घर-घर रामोत्सव मनाते हुए दीप प्रज्ज्वलन का आग्रह किया। मौके पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की समस्त मानव जगत को प्रेरित करने वाले इस गौरवशाली क्षण का 22 जनवरी को हम गवाह बनेंगे। अक्षत वितरण कार्यक्रम में प्रो चंद्रशेखर सिंह, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, विधायक खेलकूद विभाग के प्रतिनिधि बंटी तिवारी, समाजसेवी सह मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार, समाजसेवी अंगेश ठाकुर, भाजयुमो नेता राजकरण पांडेय, सागर कुमार, अनुज कुमार, रमन कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहें।

### भ्रष्टाचार में आकंठ डूब चुकी है कटकमसांडी :भुवनेश्वर मेहता




**हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कटकमसांडी प्रखंड कार्यालय के समक्ष आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया, जिसमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक डॉक्टर प्रोफेसर अनवर हुसैन सहायक जिला सचिव निजाम अंसारी उपस्थित थे । पूर्व सांसद मेहता ने कहा कि कटकमसांडी प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी हुई है। दाखिल खारिज से लेकर जाति आवासीय बनाने तक में भी बड़े पैमाने पर रुपए की वसूली की जा रही है? उन्होंने कहा कि देश में धर्म के नाम पर लोगों को बरगलाया जा रहा है। देश में महंगाई बेकारी भ्रष्टाचार चरम पर है। जिससे निजात पाने के लिए जनता को संघर्ष में आगे आना होगा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धर्म के नाम पर राजनीतिक कर रही है। श्री पाठक ने कहा कि देश में महंगाई बड़ी समस्या है। बेरोजगारी के आलम चरम पर है लेकिन अपने 10 साल के नाकामी को छिपाने के लिए भारतीय जनता पार्टी अयोध्या और राम मंदिर की सहारा ले रही है । अपने किए गए चुनावी वादे में भुल चुकी है। देश को कर्ज में डुबो दिया ,जनता हिसाब मांग रही है, तो धर्म के नाम पर लोगों को बांटा जा रहा है। देश में भ्रष्टाचार चरम पर है।

## प्राणिक हीलिंग सेंटर ने बिरहोर बस्ती में मनायी मकर संक्रान्ति



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मकर संक्रांति का महापर्व संपन्न हो गया ऐसे मौके पर हर किसी ने अपने-अपने माध्यम से विभिन्न स्थानों पर सेवा प्रदान की। इन्ही उत्सवों के बीच प्राणिक हीलिंग सेंटर हजारीबाग शाखा की महिलाओं द्वारा मिशन रोड स्थित बिरहोर बस्ती में सेवा प्रदान किया गया तथा वहां के बच्चों के बीच तिलकुट चूड़ा का वितरण किया गया। जिससे बच्चों के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिली। अकसर देखा जाता है की त्योहारों की मौके पर जहां हर कोई अपनी खुशियों में मगन रहता है,ऐसे मौके पर प्राणिक हीलिंग सेंटर हजारीबाग की महिलाओं ने इन बच्चों के साथ अपनी खुशी बाटना उचित समझा। मौके पर प्राणिक हीलिंग सेंटर की सदस्य लता जैन ने बताया कि मानव सेवा से बढ़कर जीवन में और कोई सेवा नहीं है मैं स्वयं देखती हूं कि मेरे घर में मेरे पति तथा उनके साथ सभी लोग किस तरह सेवा में समर्पित रहते हैं। इन बच्चों के बीच सेवा करने से मन प्रसन्न हो गया है। मौके पर प्राणिक हीलिंग सेंटर के कई सदस्य उपस्थित थी।

# चूड़ा-तिलकुट वितरण के साथ ही साईं मन्दिर में विशाल भंडारे का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
साईं परिवार के द्वारा साईं मंदिर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर इन्द्रपुरी में साईं भण्डारा का कार्यक्रम किया गया। साईं परिवार हजारीबाग के तत्वावधान में अहले सुबह साईं मंदिर में आरती और बाबा के भव्य अभिषेक के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी मकर संक्रांति पर साईं परिवार, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के इंद्रपुरी चौक स्थित साईं मंदिर परिसर में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। इस विशाल भंडारे में चूड़ा, तिलकुट, गुड़, दही के साथ दोपहर में खिचड़ी, चोखा और चटनी का वितरण किया गया। सैकडों श्रद्धालुओं ने साईं बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।
बता दें कि साईं परिवार समाजिक सरोकार से जुड़े अन्य सेवा कार्यों में भी हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। कई जरूरतमंदों को व्यक्तिगत रूप से भी यह समूह अपनी सक्षमता के अनुरूप सहयोग पहुंचाने का सकारात्मक कार्य करता है। समूह का लक्ष्य साईं भक्तों का एकजुट रहना और समाज हित में कार्य करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य संयोजक सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष मनोज कुमार सिन्हा, सचिव संजय कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, सुशील जायसवाल, राकेश सिन्हा, मनीष चौरसिया, प्रदीप मालाकार, डॉ अमरेंद्र सिंह, बल्ली गुप्ता समेत अन्य सदस्यों ने महती भूमिका निभाई।

### मदद सदर विधायक ने मरीजों को उपचार के लिए दी आर्थिक सहायता

# जरूरतमंदों की मदद पहली प्राथमिकता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग।**
जरूरतमंद मरीजों के इलाज में सहयोग के लिए हर वक्त तत्पर रहने वाले सदर विधायक मनीष जायसवाल क्षेत्र के गरीब,लाचार और बेबस मरीजों के लिए मसीहा बनकर उभरे हैं। मंगलवार को हजारीबाग के ऐसे ही दो जरूरतमंद मरीजों के ईलाज में श्री जायसवाल ने आर्थिक सहयोग किया। हजारीबाग शहर के जीवन पथ, कुम्हारटोली निवासी कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीज धनंजय कश्यप अपनी धर्मपत्नी के साथ और दारू निवासी सड़क दुर्घटनाग्रस्त मरीज नीरज कुमार के पिता तुलसी राम विधायक मनीष जायसवाल के दफ्तर में सहयोग मांगने पहुंचे थे। विधायक मनीष जायसवाल ने तत्काल कैंसर से जूझ रहे मरीज धनंजय कश्यप को निजी स्तर से 25 हजार रुपए का सहयोग पहुंचाया। इनका इलाज गुजरात के सूरत स्थित किरण हॉस्पिटल सेंटर में चल रहा है। वहीं सड़क दुर्घटना में घायल हुए मरीज 20 वर्षीय नीरज कुमार के इलाज के लिए 10 हजार का सहयोग दिया। नीरज कुमार का इलाज चेन्नई के एक निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। इससे पहले भी कई मरीजों को उन्होंने निजी स्तर से इलाज के लिए सहयोग किया है। विधायक ने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करनी हमारी पहली प्राथमिकता है, जिससे लोगों को सहयोग पहुंचाया जाये। इधर सहयोग पाकर जरूरतमंद मरीजों और उनके परिजनों ने विधायक मनीष जायसवाल का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस बाबत पूछे जाने पर श्री जायसवाल ने दो टूक कहा,'मैं अपने दायित्व का निर्वहन करने का सकारात्मक प्रयास करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। किसी का भाई बनकर तो किसी का बेटा बनकर।

### सदर विधायक ने तीन पंचायतों का किया दौरा

## रामोत्सव मनाने की अपील की



नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग
सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड क्षेत्र के तीन पंचायतों का सघन दौरा किया और आने वाले 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इस ऐतिहासिक बनाने के लिए घर-घर पहुंचकर अक्षत वितरण किया और लोगों से दीपोत्सव व रामोत्सव मनाने का अपील की। विधायक मनीष जायसवाल ने सदर प्रखंड के अमृतनगर, अमनारी और चुटियारो पंचायत के कई गांवों में पहुंचकर गाजे-बाजे और ढोल- तासे के साथ ग्रामीणों संग बड़े ही श्रद्धा भाव से लोगों के बीच पहुंचे और उनसे रामलला के आगमन पर खुलकर खुशियां मनाने का अपील किया। विधायक मनीष जायसवाल अमृतनगर के घर- घर में अक्षत बांटे, डंडई कला स्थित मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों के द्वारा निकले शोभायात्रा के समापन पर उनके बीच पहुंचकर उन्हें संबोधित किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सनातनियों के सदियों का सपना साकार हो रहा है। मौके पर विशेष रूप से सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजपा सदर पूर्वी मंडल अध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद, अमृतनगर मुखिया दिनेश कुमार, अमनारी कृष्णा मेहता,भाजपा एससी मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, बालेश्वर साव, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

## एक नजर

### नगर परिषद चुनाव को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आगामी नगर परिषद निर्वाचन के मद्देनजर नगरपालिका निर्वाचन के मतदान केंद्रों में सामान्य एवं संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की चिन्हित करने से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगरपालिका अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी मतदान केंद्र का भ्रमण करने का निर्देश दिया।बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार, एलआरडीसी अरुणा कुमारी,अंचलाधिकारी मो० इम्तियाज अहमद, प्रशासक नगर परिषद् सुमित कुमार महतो, सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत समिति के साथ डीसी ने की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विशेष केंद्रीय सहायता योजना अंतर्गत पुराने स्वीकृत योजनाओं को रद्द करते हुए उसके जगह पर नई योजनाओं के चयन पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने नये चयनित योजनाओं का ससमय स्वीकृत करते हुए धरातल पर क्रियान्वित सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिले के सभी थानों में लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की बात कहीं। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, एल.आर.डी.सी अरुणा कुमारी, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### धनबाद मंडल के विभिन्न स्टेशनों में चलाया टिकट चेकिंग अभियान

**झुमरी तिलैया ।** धनबाद मंडल द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों में बड़े स्तर पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 14 जनवरी को मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 1121 यात्रियों को पकड़ा गया। इसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे। इस दौरान उनसे 3 लाख 90 हजार 560 रुपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई। चेकिंग अभियान में 156 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था।

उकौली पंचायत में 'हमारा संकल्प विकसित भारत' कार्यक्रम आयोजित

# भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को बानो प्रखंड के उकौली पंचायत में कार्यक्रम आयोजित की गई। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एव इन योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' कार्यक्रम आयोजित की गयी। पंचायत में कार्यक्रम करते हुए, सर्वप्रथम स्वागत समिति के द्वारा स्वागत गान के माध्यम से सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया कृपा हेमरोम, पंचायत समिति सीमा कंडुलना, बिलकन बगरैला ग्राम अध्यक्ष उकौली एवं बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी द्वारा किया गया। इस मौके पर बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हम सभी संकल्प लें।

विकसित भारत निर्माण के लिए सभी के द्वारा संकल्प लिया गया। उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। वहीं भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित पंपलेट एवं कैलेंडर का वितरण कार्यक्रम में किया गया। इस के बाद स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश उपस्थित सभी लोगों को दिया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभ लिए लाभार्थियों के अनुभव साझा कराए गए। मौके पर परिसंपत्तियों के वितरण के तहत उज्ज्वला गैस के लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

मकर संक्रांति के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना जरूरी : संदेश एक्का



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर** प्रखंड के नन्दी धाम अलसंगा में मकर संक्रांति के मौके पर देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत रिबन काटकर किया गया इस दौरान आयोजन समिति के द्वारा अतिथि को अंगवस्त्र माला एवं बैच देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने सबसे पहले सभी को मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए इस प्रकार का आयोजन करने को लेकर समिति की सराहना की। वहीं उन्होंने आगे संबोधित करते हुए कहा कि हमारा क्षेत्र में लगातार सांस्कृतिक कार्यक्रम का होना इस बात को दर्शाता है कि हमारे लोग अपनी संस्कृति और विरासत को बचाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित करते हुए समाज में फैली कुरीतियों को दूर करना जरूरी है। उनका की सभी लोग इसी प्रकार संगठित होकर कार्य करें ताकि संगठन में बल है।

## न्यूज बॉक्स

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता रथ को झंडी दिखाकर किया गया रवाना



**सिमडेगा।** आमजनों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए ₹सड़क सुरक्षा सप्ताह₹ अंतर्गत जिले में प्रति दिन कार्यक्रम की जा रही है।इस क्रम में सड़क सुरक्षा सप्ताह अंतर्गत समाहरणालय परिसर से मंगलवार को जागरूकता रथ रवाना किया गया. उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, विधायक प्रतिनिधि, कोलेबिरा मो शमी आलम, सिविल सर्जन, डॉ अजीत खलखो, नगर परिषद् कार्यपालक पदाधिकारी सुमित कुमार महतो ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया।रथ के माध्यम से आम जनों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी और पालन के प्रति जागरूक किया जाएगा. सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यह जागरूकता रथ शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगी। जागरूकता रथ के माध्यम से साप्ताहिक बाजारों व भीड़-भाड़ स्थानों पर यातायात संबंधी जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि जागरूकता रथ जिले प्रखंडों में जाकर सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करेगी, हमें उम्मीद है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान यातायात एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की जानकारी मिलने से लोगों को लाभ होगा मौके पर जिला परिवहन कार्यालय के कर्मीगण एवं अन्य उपस्थित थे।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर सिमडेगा कांग्रेस कार्यालय में की गयी प्रेसवार्ता



**सिमडेगा।** राहुल गांधी के द्वारा 14 जनवरी से मणिपुर के इंफाल से शुरू किए गए भारत जोड़ो नया यात्रा को लेकर सिमडेगा कांग्रेस के जिला कार्यालय में जिला प्रभारी विधानसभा प्रभारी के द्वारा भारत जोड़ने यात्रा की सफलता हेतु बैठक हुई, जिसके बाद व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। मौके पर कोलेबिरा विधायक ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा आयोजित भारत जोड़ो नया यात्रा झारखंड प्रदेश में भारत कुल आठ दिनों तक लगभग 804 किलोमीटर की दूरी तय करेगी ।उन्होंने कहा राहुल गांधी बेरोजगार युवाओं कर्ज में डूबे किसानों , और महंगाई की मार के बीच पढ़ाई ,कमाई और दवाई के लिए जूझता और संघर्ष करने वाले को न्याय मिलने तक भारत जोड़ो न्याय यात्रा करने की बात कही है । एक ओर जहां किसान और खेतिहर मजदूर कर्ज में डूब रहे हैं वही मोदी सरकार अमीरों का कर्ज माफ कर रही है ।सिमडेगा विधायक ने कहा बेटी बचाओ जैसे खोखले नारे देकर महिलाओं पर अत्याचार जारी है जिसका कारण है केंद्र सरकार द्वारा लगातार अपराधियों को संरक्षण देना और पीड़ित को कटघरे में खड़ा करना जो पीड़ित को और पीड़ित करता है । हमें अपने संघीय ढांचे को बचाना है जो लोकतंत्र की रक्षा करता है। प्रेसवार्ता में जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की जिला प्रभारी रंजन बोइपोई,सिमड़ेगा विधान सभा प्रभारी रोशन बरवा, कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी अकील अहमद, सिंमड़ेगा एलडीएम देवीजीत देवघरिया , 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल,मो सम्मी आलम, शिशिर मिंज, कौशल किशोर रोहिल्ला, अनूप लकड़ा, युवा अध्यक्ष आकाश सिंह , सोनू नायक, बिपिन पंकज मिंज, नवीन तिर्की, देवनिष खलखो , जमीर खान, अजित लकड़ा बिजय ,पूनम लकड़ा, लुइस कुजूर, अक्षण खान, शकील अहमद, मनोज प्रसाद ,जेफरेंन केरकेट्टा ,अख्तर खान, असफाक आलम उपस्थित थे।

### नव अभिषिक्त पुरोहित को विधायक भूषण बाड़ा ने दी बधाई



**सिमडेगा।** रेंगारी के पाइकपारा रूगरीटोली में नव अभिषिक्त पुरोहित फादर सेलेस्टिन मिंज ने प्रथम धन्यवादी खीस्तयान मिस्सा बलिदान चढ़ाया। मौके पर मिस्सा पूजा के माध्यम से ईश्वर के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। मौके पर सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी धन्यवादी खीस्तयाग में शामिल होकर नव अभिषिक्त फादर को बधाई दी। विधायक ने कहा कि पुरोहित का जीवन जीना बहुत कठिन है। इसके बाद भी हमारी धर्मबहने एवं पुरोहित शिक्षक, धर्मगुरु सहित अनेकों रूप में मानव सेवा कर रहे हैं। समाज को एक नई दिशा देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फादर सेलेस्टिन मिंज ने ईश्वर के बुलावे पर मानव सेवा एवं ईश्वर की सेवा के लिए पुरोहित का मार्ग चुना है। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि पुरोहित ईश्वर का चरवाहे होते हैं। जिनका सारा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित होता है। जोसिमा खाखा ने ईश्वर से फादर सेलेस्टिन मिंज को मानव सेवा एवं एवं ईश्वर के संदेश को जन जन तक पहुंचाने के लिए शक्ति देने की भी दुआ मांगी।इधर कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा,प्रमिला कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा,नीला नाग,मिनी नाग,संगीता लकड़ा,समीर किंडो आदि ने भी नव अभिषिक्त पुरोहित को बधाई दी।

### राजस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लचरागढ़ स्कूल के आचार्या को मिला गोल्ड मेडल



**सिमडेगा।** राज्यस्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में दीक्षित कुमारी को मिला गोल्ड मेडल।यह प्रतियोगिता दिनाँक 11 एवं 12 जनवरी 2024 को धनबाद में आयोजित थी।दीक्षित कुमारी विवेकानन्द शिशु/ विद्या मंदिर लचरागढ़ में आचार्या हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू ने बुके देकर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। गोल्ड मेडल मिलने पर पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मार्च 2024 से विद्यालय के छात्रों को भी ताईक्वांडो का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर सुदर्शन कुमार, अर्जुन महतो,गणेश सिंह,जगेश्वर सिंह, प्रमोद पाणिग्राही, लक्ष्मी कुमारी, विमला देवी, शकुन्तला कुमारी, प्रगति कुमारी, यमुना कुमारी, बसंती बड़ाईक, सुनीति कुमारी,विमल टेटे उपस्थित थे।

# कोडरमा की नूर फातिमा को बीपीएससी में 221 वां रैंक मिला

**नवीनं मेल संवाददाता। कोडरमा** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा 2023 सोमवार को घोषित कर दिया गया। इसमें कोडरमा की नूर फातिमा ने सफलता हासिल की है और उसकी बिहार में 221 रैंक है। चयन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के रूप में हुआ है। फातिमा का परिवार पुराना बस स्टैंड,झुमरी तिलैया इमाम क्लीनिक के निकट है। फातिमा के मुताबिक सेल्फ स्टडी की। 66 वीं बीपीएससी में मैंने पीटी पास किया। फिर 67 वीं में पीटी क्लियर नहीं हुआ। इस बार 68 वीं बीपीएससी में फाइनल सेलेक्शन हो गया। फातिमा अपनी सफलता का श्रेय हर उस व्यक्ति को देना चाहती है, जिन्होंने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसने 10वीं की पढ़ाई पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया, 12वीं की जेवीएम श्यामली रांची और बीसीए की पढ़ाई जेजे कॉलेज से की। छह भाई बहनों में फातिमा तीसरी नंबर पर है। उनके पिता मो बदरुद्दीन रामगढ़ जिला उपायुक्त कार्यालय से बड़ा बाबू के पद से रिटायर हुए हैं। जबकि मां गृहणी है। जबकि भाई अफजल रेलवे में कार्यरत और फैजल इंजीनियर है। फातिमा के लिए शादी के बाद पढ़ाई को जारी रखना आसान नहीं था। लेकिन इसमें उनके पति और ससुर ने उनका बहुत साथ दिया। 2016 में बरही के करियातपुर, दुल्हमुहां गांव के हाशिम मियां के पुत्र हारून रसीद से उनका निकाह कर दिया गया। उसी समय शादी के तुरंत बाद आईबीपीएस के मेंस की परीक्षा थी, जिसमें उन्हें असफलता हासिल हुई। पति ने उन्हें बहुत साथ दिया, जो दुगार्पुर में प्राइवेट कंपनी में बतौर अकाउंटेंट कार्यरत हैं। साल 2016 की शादी के बाद वह परीक्षा की तैयारी में लग गई। उन्होंने संकल्प लिया कि नौकरी पाने के बाद ही वह बच्चा होने देगी। इसके वजह से उन्हें समाज की ताने भी सुनने पड़े। लेकिन इसमें उनके पति और ससुर उनके साथ खड़े रहे।

उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने होमगार्ड की मांग मानी

# कार्यालय, यातायात व खेल मैदानों में होमगार्ड की ड्यूटी सुनिश्चित करें



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में होमगार्ड से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने गृह रक्षा वाहिनी की जानकारी ली। बैठक में गृहरक्षकों की ड्यूटी रोस्टर आदि समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त के संज्ञान में लाया गया कि गृहरक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त होने के बाद भी ड्यूटी के लिए चक्कर काटना पड़ रहा है। जिले में गृह रक्षकों की संख्या 624 है और विधि व्यवस्था हेतू जिले में कुल 70 सीट हैं। जिसके कारण सभी गृहरक्षकों को डयूटी नहीं मिल पा रही है। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि जिले के सभी प्रखंड कार्यालय, यातायात व्यवस्था, खेल मैदान, बैंक, कॉलेज, एकलव्य आवासीय विद्यालय, पर्यटक स्थल, स्वास्थ्य केंद्र, वन विभाग आदि में गृह रक्षकों को डयूटी दिया गया है जिसका समय-समय पर ड्यूटी हेतु रोस्टर निकलते रहना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने जिस जवान को कभी भी ड्यूटी नहीं दिया गया है उसका मूल्यांकन कर ड्यूटी हेतु रोस्टर निकालने की बात कहीं। उपायुक्त द्वारा बताया गया कि कई सारे होमगार्ड के जवान कई समस्या लेकर हमारी जनता दरबार में आते हैं उन सभी समस्याओं को दूर करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, सिमडेगा भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिमडेगा, डीएसपी पतरस बरवा एवं अन्य उपस्थित थे।

डाक बंगला परिसर में कांग्रेस सेवा दल का खूंटी लोकसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न

# पार्टी की रीढ़ हैं कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ता : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** डाक बंगला परिसर में कांग्रेस सेवा दल का खुंटी लोकसभा स्तरीय एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य रूप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी, प्रदेश से आई सेवा दल की मुख्य संघटक नेली नाथन , जिला प्रभारी रंजन बोइपोई, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, सिमडेगा विधानसभा प्रभारी रोशन बरवा कोलेबिरा विधानसभा प्रभारी अकील अहमद आदि उपस्थित थे। सम्मेलन का उद्घाटन संगठन का झंडोत्तोलन कर एवं राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि सेवादल कांग्रेस की एक सैनिक टुकड़ी के रूप में है, जो अनुशासित दल है। दल के माध्यम से कांग्रेस पार्टी भविष्य में होने जा रहे लोकसभा चुनाव को पूरी मजबूती के साथ लड़ने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी की रीढ़ हैं। आप सब लोग बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने में जुट जाएं। आप सब लोग पार्टी के लिए कार्य करें और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएं। कार्यक्रम में मंच संचालन सेवा दल के जिला मुख्य संघटक सह जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो ने किया।

### लोस चुनाव में सेवा दल की भागीदारी महत्वपूर्ण : कोंगाड़ी

विधायक विक्सल कोंगाडी ने कहा कि कमजोर मतदान केंद्रों का जिम्मा सेवादल कार्यकताओं को सौंपें। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सेवा दल को बूथ स्तर तक सक्रिय और मजबूत करें। लोकसभा चुनाव में सेवा दल के कार्यकताओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी। सेवा दल की मुख्य संगठक नेली नाथन ने कहा कि कांग्रेस सेवादल का हर कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर महिलाओं को भाजपा की जनविरोधी नीतियों के प्रति जागरूक करेगा। सेवा दल के कार्यकर्ताओं के दम पर कांग्रेस लोकसभा चुनाव में अपना परचम लहराएगी। निश्चित तौर पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को विजयश्री हासिल होगी। मौके पर कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम, महिला जिला मुख्य संघटक प्रेमा बड़ा, जोसीमा खाखा, पुष्पा कुल्लू, रणधीर रंजन, नॉमिता बा, देवीजीत देवघरिया जी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, शिशिर मिंज, कौशल किशोर रोहिल्ला, अनूप लकड़ा, युवा अध्यक्ष आकाश सिंह, जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा, सोनू नायक, बिपिन पंकज मिंज, नवीन तिर्की, देवनिष खलखो, जमीर खान, अजित लकड़ा बिजय, पूनम लकड़ा, लुइस कुजूर, अक्षण खान, शकील अहमद, मनोज प्रसाद, जेफरेंन केरकेट्टा, अख्तर खान, असफाक आलम आदि उपस्थित थे।

### महेंद्र सिंह ने सड़क से लेकर सदन में गरीबों के लिए लड़ी लड़ाई : रामधन

**डोमचांच।** डोमचांच के राइजिंग पब्लिक स्कूल, पुरनाडीह में मंगलवार को भाकपा माले प्रखंड कमेटी ने कॉ महेंद्र सिंह का 19 वां शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान कॉ महेंद्र सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। अध्यक्षता जिला सचिव राजेन्द्र मेहता और संचालन विनोद पांडेय ने किया। जिप अध्यक्ष सह राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि कॉ महेंद्र सिंह ने गरीब,गुरबों और अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ने वाले योद्धा के रूप में पहचान बनाई थी। कॉ महेंद्र सिंह संयुक्त बिहार और झारखंड निर्माण के बाद खेतिहर मजदूर से लेकर आम आवाम के लिए संघर्ष का रास्ता प्रशस्त किया। लेकिन उनकी हत्या कर दी गयी, ताकि उनकी आवाज सदन में नही गूंज पाए। उन्होंने कहा कि कॉ महेंद्र सिंह की विचारधारा से झारखंड की तस्वीर बदलेगी। जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने कहा कि लाल झंडा का बुलंद आवाज कॉ महेंद्र सिंह ने विचारधारा से कोई समझौता नहीं किया।

सिमडेगा बीरू हाई स्कूल मैदान में शौण्डिक समाज का हुआ वार्षिक अधिवेशन

# केंद्र व राज्य सरकार ने समाज को किया छलने का काम : वीरेंद्र साहू



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा बीरू हाई स्कूल मैदान मे मंगलवार को शौण्डिक (सूड़ी) समाज का वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप अतिथि के रूप मे प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता वीरेंद्र साहू, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, संयोजक पंच परगना अजीत साहू, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में गुमला जिला अध्यक्ष सूरज साहू,लोहरदगा से गुप्तेश्वर गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित करते हुए व कश्यप मुनि की तस्वीर पर माल्यार्पण करते हुए की गई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष अरविंद प्रसाद के द्वारा देते हुए कहा कि समाज को संगठित करने के उद्देश्य से आयोजन किया है, जिसके माध्यम से समाज के सभी लोगों को एक बैनर के तले लाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज हमारा समाज में पढ़ाई लिखाई और अपनी मेहनत के बदौलत सिमडेगा में दर्जनों लोगों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यों से एक अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा आज हमें संगठित रहने की आवश्यकता है, क्योंकि कलयुग में संगठन में ही बल है। उन्होंने आगे कहा कि सूड़ी समाज को हक व अधिकार के लिए एकजुट होना होगा। हमें अपनी पहचान स्थापित करनी होगी। कहा कि बंगाल सहित अन्य राज्यों में सूड़ी समाज एससी सूची में दर्ज है। झारखंड में भी इस समाज को एससी सूची में सूचीबद्ध करने की मांग करेगें। राज्य सरकार हमें हमारा हक अधिकार देने का कार्य करें केंद्र से समाज लड़कर लेने का कार्य करेगी। मौके पर अधिवेशन में सांगठनिक मजबूती पर चर्चा की गयी एवं कहा गया कि महिलाओं की 100 प्रतिशत भागीदारी संगठन में सुनिश्चित किया जाये।

### समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को किया गया सम्मानित

आयोजन सम्मेलन में चूड़ी समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया जिसमें स्वास्थ्य के क्षेत्र में ललित प्रसाद, तकनीकी क्षेत्र में विपुल प्रसाद निशांत कुमार ,पत्रकारिता में विकास साहू, अमित रंजन, अमित कुमार, हलदर प्रसाद ,दुग्ध उत्पादन त्रिवेणी प्रसाद ,मत्स्य में रमेश प्रसाद ,शिक्षा के क्षेत्र में सत्यजीत कुमार, समुद्रगुप्त सहित अन्य क्षेत्रों में भी बेहतर कार्य करने वाले लोगों को अंग वस्त्र एवं पौध देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड उड़ीसा छत्तीसगढ़ सहित अलग-अलग जगह से हजारों की संख्या में लोगों की जनसैलाब उमड़ी।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष अरविंद प्रसाद, उपाध्यक्ष हालधर प्रसाद, महासचिव अनूप प्रसाद, रायबोगा मंडल सहित जिले भर के समाज के लोगों की भूमिका रही।

मंदिरों को स्वच्छ सुंदर बनाने में जुटे जिले के भाजपाई

# स्वच्छता अभियान है आदर्शवादी दर्शन का परिचायक : विमला प्रधान



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी की अपील पर सिमडेगा विधानसभा की प्रखर एवं कर्मठ नेतृत्वकारिणी पूर्व विधायक एवं मंत्री झारखंड सरकार, वर्तमान एचपीसीएल निदेशक विमला प्रधान, भाजपा कार्यकताओं के साथ स्वच्छ भारत अभियान का संदेश दिया। उनके नेतृत्व में केला घाट स्थित मंदिरों में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान समस्त कार्यकताओं द्वारा आसपास की गंदगियों को उठाकर डस्टबिन में डालने का कार्य किया और जल के द्वारा मंदिरों को धोने का कार्य किया गया। मोके पर. राकेश रविकांत प्रधान,श्रीलाल साहू, अशोक राजक, सवित्री देवी, शिखा अग्रवाल, सतीष पाण्डे, नवीन सिंह, डॉ अनिरुद्ध सिंह, घनशायाम केसरी इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# रोजगार, भ्रष्टाचार के खिलाफ शब्दविहीन मोदी अक्षत पर लोगों को भटकाने में जुटे हैं : दीपांकर

## झारखंड के जननायक शहीद महेंद्र सिंह की मनाया गया 19वां शहादत दिवस






**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**
झारखंड के बगोदर विधानसभा के विधायक रहे शहीद महेंद्र सिंह के याद में कार्यकर्ता व महेंद्र सिंह के विचारों पर चलने वाले लोगों की महाजुटान होकर शहीद महेंद्र सिंह के 19वें शहादत दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शहीद महेंद्र सिंह के जन्मस्थान खंबरा में लोगों ने महेंद्र सिंह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

जिसके बाद बगोदर विधानसभा एवम गिरीडीह के विभिन्न क्षेत्र से आये लोगों का महजुटान बगोदर बस स्टैंड में हुआ जंहा भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य सरीख हुए।

लोगों को संबोधित करते हुए दीपांकर ने कहा कि जहां मोदी को देश की आर्थिक व्यवस्था एवं रोजगार पर ध्यान देना चाहिए। वहां लोगों को मंदिर-मस्जिद के मामले में युवाओं को भटका रहे हैं।

दीपांकर ने कहा कि महेंद्र सिंह के शहीद हुए 19 वर्ष हो गए हैं। बावजूद उनके प्रति लोगों की भावना व कद्र कम नही हुआ है अपितु हर वर्ष दोगुनी ताकत के साथ उनके शहादत दिवस पर लोग इकट्ठे होते हैं महेंद्र सिंह हमारे लिए प्रेरणादायक हैं।

इन्होंने की अभी देश में अराजकता की विकराल स्थिति हैं। सरकार ने लोगों के निजी आस्था को सरकार ने अपना काम मान लिया हैं। हम सबों ने आज संकल्प लिया हैं कि महेंद्र अंग के शहादत दिवस से लेकर महात्मा गांधी के शहीद दिवस तक झारखंड में जन संकल्प अभियान चलेगा। इस दौरान गिरीडीह व कोडरमा के जन-जन तक हम सभी पहुंचेंगे और महेंद्र सिंह के विचारों को बताएंगे।

दीपांकर ने कहा कि 2009 और 2014 में माले ने कोडरमा लोकसभा में दूसरे नंबर पर रहे हैं और इस बार 2024 में भाकपा माले भारी मतों से भाजपा को शिकस्त देने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी हैं।

इन्होंने कहा कि रोजगार और युवाओं के सवाल को लेकर हम जनता के बीच जाएंगे और लोगों को भाकपा माले के पक्ष में लोगों का समर्थन देने की अपील करेंगे।

बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि महेंद्र सिंह एक विचार हैं जिस विचारों के साथ चलने का आज संकल्प सभा थी। इस दिन हजारों लोगों ने संकल्प लिया कि भाकपा माले विधायक रहे महेंद्र सिंह ने जिस प्रकार से जनता के हक और अधिकार को लड़ा है उनके नक्शे कदमों पर चलकर आम लोगों के अधिकार लेने का संकल्प लिया गया हैं।

उन्होंने कहा कि गिरीडीह व कोडरमा लोकसभा में भाजपा को लगातार 7 बार सरकार रही हैं फिर जो लोगों की इच्छाएं होती हैं उस पर भाजपा खरा नहीं उतर पाई हैं इसलिए जनता भी इस बार भाजपा से सवाल करने के लिए बिल्कुल तैयार है।

मौके पर विधायक अरुप चटर्जी, पूर्व विधायक राजकुमार यादव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

## भाकपा माले ने गिरिडीह में निकाला महेंद्र सिंह शहादत श्रद्धांजलि संकल्प मार्च




**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**
भाकपा माले ने आज गिरिडीह शहर में महेंद्र सिंह तुम जिंदा हो, खेतों में खलिहानों में, जनता के अरमानों में तथा 'भाजपा हटाओ, देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ' आदि नारे के साथ महेंद्र सिंह के 19 वें शहादत बरसी पर 'शहादत श्रद्धांजलि संकल्प मार्च' निकाला और सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ बगोदर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने रवाना हुए। यह मार्च माले नेता श्री यादव के मकतपुर स्थित आवास से निकलकर जिला परिषद, कचहरी, टावर चौक, अंबेडकर चौक, झंडा मैदान होते हुए सर्कस मैदान तक जाकर बगोदर के लिए रवाना हो गया। संकल्प मार्च की अगुवाई कर रहे पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य राजेश यादव ने कहा कि, महेंद्र सिंह की 19 वीं शहादत बरसी पर हम सभी उन्हें नमन करते हैं तथा देशव्यापी इस मुश्किल की घड़ी में कॉमरेड महेंद्र सिंह के बताए जनसंघर्ष के रास्ते का अनुसरण कर आगे बढ़ने का संकल्प लेते हैं।

संकल्प मार्च में मुख्य रूप से मेहताब अली मिर्जा, शिवनंदन यादव, श्याम किशोर हांसदा, मनोज कुमार यादव, सुखदेव गोस्वामी, सलामत अंसारी, शंभू ठाकुर, कमरुद्दीन अंसारी, रामलाल मंडल, रामलाल मुर्मू, फोदार सिंह, प्रदीप यादव, रोहित यादव, महेंद्र साव, शंकर यादव, हीरालाल पंडित, महेश वर्मा, भीखन अंसारी समेत अन्य थे।

## खबरें बरकट्ठा की

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुईयो में रसोईया का चयन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुईयो स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय तुईयो में एक रसोइया का चयन तथा पूर्व कार्यरत एक रसोईया का सम्मान पूर्वक विदाई किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी किशोर कुमार के आदेशानुसार चयन की गई। बैठक की अध्यक्षता उप प्रमुख सुरजी देवी ने की। जिसमें पूर्व की रसोइया मसोमत पनवा का 60 वर्ष पूर्ण होने पर नए रसोइया राधिका मसोमत का चयन किया गया। इस मौके पर उप प्रमुख प्रतिनिधि उतीम महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, उप मुखिया प्रतिनिधि विजय प्रसाद, प्रधानाध्यापक हीरालाल प्रसाद, मालती देवी, बसंत कुमार समेत आदि लोग शामिल थे।

### प्रखंड वार्ड सदस्य संघ का हुआ गठन



**चंद्रदीप बने प्रखंड अध्यक्ष**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के सभी 17 पंचायत के निर्वाचित वार्ड सदस्यों की प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित उत्तरी पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई। मौके पर वार्ड सदस्य संघ का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संदीप कुमार साव व संचालन जागेश्वर रजक ने किया गया। बैठक में उपस्थित सभी वार्ड सदस्यों ने अनेक बिन्दुओं पर विचार विमर्श करते हुए अपना अपना मंतव्य और सहमति जताते हुए वार्ड सदस्य संघ का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए गैंडा पंचायत के वार्ड सदस्य चंद्रदीप पांडेय, उपाध्यक्ष शिलाड़ीह पंचायत के सबीहानाज व गैड़ा पंचायत के किताबुन खातून, सचिव सलैया पंचायत के जागेश्वर रजक, सह सचिव चुगलामो पंचायत के किशोर वर्णवाल, कोषाध्यक्ष मंजु देवी कपका पंचायत, उप कोषाध्यक्ष उर्मिला देवी मीडिया व प्रभारी के रूप में दीपक कुमार सोनी को मनोनीत किया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अमर कुमार गुप्ता, सहदेव पासवान, मिकी गुप्ता, अरुणा कुमारी व मंजू देवी को मनोनीत किया गया। मौके पर त्रिभुवन महतो, पप्पू कुमार, रेखा देवी, प्रदीप कुमार पांडेय, गोपेश्वर प्रसाद, संतोष कुमार, राम कालो बास्के, शहनाज बेगम, किरण देवी, बबुनी मिर्धा, दशरथ प्रसाद, राजेश राणा समेत दर्जनों वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### बीपीएल के अंतर्गत डिवाइन पब्लिक स्कूल में 20 बच्चों का होगा नि:शुल्क नामांकन



**बरकट्ठा।** प्रखंड अंतर्गत गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई। विद्यालय निदेशक डॉ आईपी भारती तथा प्राचार्या स्वाती की मौजूदगी में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी सत्र को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। बैठक में समिति के अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद, कमलेश कुमार, नामांकन प्रभारी संजय कुमार यादव समेत अन्य लोग भी मौजूद थे। विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए प्रथम वर्ग में 20 छात्र छात्राओं का नामांकन निःशुल्क करने का निर्णय लिया गया। नामांकन कराने के लिए बीपीएल परिवार के बच्चों को 31 जनवरी तक फार्म जमा करना होगा तथा नांमाकन के लिए चार फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड की छाया प्रति, माता-पिता का आधार कार्ड, बच्चे का आधार कार्ड होना अनिवार्य है। यह जानकारी विद्यालय प्राचार्या ने दिया। विद्यालय निदेशक डॉआई पी भारती ने कहा कि विद्यालय आर्थिक रूप से कमजोर व मेधावी छात्रों को सदैव मदद करता है ताकि उन्हें शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई न हो।

## खबरें रामगढ़ की

### सांसद मद से बनने वाले पीसीसी पथ का कुंटू बाबू ने किया शिलान्यास



**रामगढ़।** चितरपुर के रविदास मुहल्ला में 2 लाख 75 हजार की लागत से सांसद मद से बनने वाले पीसीसी पथ का 16 जनवरी को शिलान्यास किया गया। सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, सांसद प्रतिनिधि दीनबंधु पोद्दार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामकृष्ण दुबे, आईटी सेल के वासुदेव प्रजापति, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष एवं बाबा विश्वनाथ ज्योतिष केंद्र के संचालक मिथलेश तिवारी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा की सांसद जयंत सिन्हा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में हर जगह पर विकास कार्य कर रहा है। कहा की सांसद के प्रयास से सभी जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मौके पर प्रकाश प्रसाद, कमल रविदास, भीम राम, कल्लू नायक, युवा मोर्चा अध्यक्ष विक्रम चौधरी, त्रिवेणी प्रसाद, खेदन साव, अनिल अग्रवाल, अमित कुमार वर्मा, अजय दांगी, शिवाजी लाल, सुनीता देवी, अनिता देवी, वीणा कुमार आदि मौजूद थे।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक



**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की पतरातु प्रखंड अंतर्गत तालाटांड पंचायत में कमेटी विस्तार को लेकर मंगलवार को बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता बैजनाथ महतो एवम संचालन फारूक अंसारी ने किया। बैठक में जिला संयोजक मंडली सदस्य, जिला मीडिया प्रभारी, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत कोर कमेटी सदस्य एवं सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे। सभी ने टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने की बात कही। पतरातु प्रखंड के सुदूर वर्ती क्षेत्र ताला टांड पंचायत वासियों में जेबीकेएसएस के प्रति काफी रुझान दिखा। सभी ने टाइगर जयराम महतो के हाथो को मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जयराम महतो आज के समय में एक व्यक्ति नहीं एक विचारधारा है, जिनकी सोच और विचार अच्छे हैं। लोगों को एकजुट होकर बुनकर साथ देने की जरूरत है। तालाटांड पंचायत कमेटी में अध्यक्ष फारूक अंसारी, उपाध्यक्ष पप्पू अंसारी, नरेश कुमार महतो, सचिव राजेश कुमार महतो, सह सचिव देवेन्द्र करमाली, सुनील कुमार कोषाध्यक्ष जलेश्वर महतो संगठन सचिव नागेश्वर महतो, राजेंश मुंडा, मीडिया प्रभारी साजिद अंसारी, परमेश्वर महतो को सर्वसम्मति से बनाया गया। सभी ने अपना दायित्व बखूबी से निभाने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से गिरी शंकर महतो, पणेश्र्व महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, सुभान अंसारी, श्याम सुंदर महतो, मनोरंजन महतो, छोटेलाल महतो, अय्याज आलम, गुलाम हसन, मनोज कुमार, कामेश्वर सिंह, राजेश कुमार, नालो देवी, नीता देवी, तन्नू कुमारी, प्रिया कुमारी, अनू कुमारी, पानो देवी, रीना देवी, सराफत अंसारी, रामचंद्र महतो आदि उपस्थित थे।

### गंगा दौड़ का आयोजन




**रामगढ़।** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड रांची द्वारा नमामि गंगे योजना अंतर्गत प्रचार प्रसार एवं व्यापक जन जागरूकता हेतु 15 जनवरी 2024 से 17 जनवरी 2024 तक विशेष अभियान चलाने को लेकर प्राप्त निर्देश के आलोक में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला गंगा समिति रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार मंगलवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न पंचायतों एवं प्रखंड स्तर पर गंगा दौड़ आयोजन का आयोजन किया गया। मौके पर जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा दौड़ में उपस्थित बच्चों एवं युवाओं को नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों के प्रति जागरूक किया गया। सभी को नदियों तथा अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के प्रति जागरूक करने की भी अपील की गई। इसके साथ ही दौड़ के विजेताओं को स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## पोक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**
बिरनी पुलिस ने सरिया-बगोडीह रोड से मंगलवार की सुबह तीन वर्षों से फरार चल रहे पोक्सो एक्ट के प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त बिरनी थाना क्षेत्र के झरखी निवासी रवि विश्वकर्मा पिता अजय विश्वकर्मा है। कोविड व मेडिकल जांच के बाद अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया गया।

बताया जाता है कि रवि विश्वकर्मा पर दिनांक 05/06/20 को बिरनी थाना कांड संख्या 114/2020 के तहत धारा 341/376(2) (i)/506 भादवी एवं 4/8 पोकसो एक्ट का मामला दर्ज किया गया था।

जिसके बाद से ही पुलिस रवि की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी लेकिन अभियुक्त लम्बे समय से फरार चल रहा था। इस मामले में न्यायालय द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध वारंट भी निर्गत किया गया था।

### पूजित अक्षत सिंगदाहा में घर-घर वितरित

**गिरीडीह।** सरिया प्रखंड क्षेत्र के सिंगदाहा में के रामभक्त सुन्दर यादव की अगवाई में गाजे बाजे व रामलला के साथ नगर भर्मण करते हुए पूजित अक्षत वितरण किया गया। पूजित अक्षत सिंगदाहा, कुबाडीह गांव में जाकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत, पुष्प, और श्री राम मंदिर का पंपलेट के साथ सामूहिक रूप से घर-घर जाकर प्रभु श्री राम की नारा लगाते हुए वितरण किया गया।

## नफरत और हिंसा के राजनीति को बढ़ावा दिया जा रहा है : शेर मोहम्मद



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड मुख्यालय गेट के समीप पूर्व माले विधायक जन नायक स्व महेंद्र सिंह की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। माले कार्यकर्ताओं ने महेंद्र सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संकल्प सभा की शुरूआत शहीद न भुलाबो तोर बलिदान के जनगीत से शुरू की गई। सभा की अध्यक्षता किसुन मोदी ने किया तथा संचालन कुंजलाल महतो ने किया। सभा को संबोधित करते हुए कोडरमा बरकट्ठा विधानसभा के प्रभारी कामरेड भुवनेश्वर केवट ने कहा कि आज के दौर में सत्ता प्रतिशोध का हथियार बन गया है। लोक कल्याण से अधिक नेता मंत्री अपने कल्याण में मस्त हैं। ऐसे दौर में कामरेड महेंद्र सिंह ने कॉरपोरेट राजनीतिक दिशा को मोड़कर जनपक्षीय राजनीतिक की दिशा में मोड़ दिया ।सदन से सड़क तक हर गरीब गुरबों, हर तबके की आवाज बुलंद करते रहें। सत्ता संरक्षित राजनीतिक अपराधीकरण की घटना अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को सबक सिखाने के लिए होता है।

कार्यक्रम को प्रदीप कोल, कार्तिक महतो, दाऊद अंसारी, खलील अंसारी, सिकंदर अंसारी, दिवाकर मोदी, शंकर मोदी, नारायण भगत, बिशून यादव, रघु भुइयां, राजेंद्र ठाकुर, मोहन साव, नागेश्वर नायक, नारायण दास, किशोर पासवान, श्याम पासवान, योगेंद्र पांडेय ने भी संबोधित किया।

### तीरंदाजी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गिरिडीह।** प्रखंड के टेंगराखुर्द पंचायत अंतर्गत बालेडीह के बुढ़ीसराय फुटबॉल मैदान में मकर संक्रांति के अवसर पर मांझी बाबा छोटेलाल मरांडी के नेतृत्व में बेझा तुंय (तीरंदाजी) खेल का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम पुरस्कार नावाडीह के चांदो हेम्ब्रम को द्वितीय पुरस्कार बेलरगड्डा के लालदेव बेसरा को और तृतीय पुरस्कार चंदनकुरुवा के सुशील मरांडी को दिया गया। मुख्य अतिथि बिरजू मुर्मू ने कहा कि बेझा तुंय (तीरंदाजी) खेल हमारे सांस्कृतिक रीति रिवाज के साथ जुड़ा हुआ पर्व है। यह खेल युगों से हमारे समाज के लोग मनाते रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता वाहन किया गया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। गिरीडीह**
सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के रथ को उपायुक्त, गिरिडीह श्री नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शर्मा द्वारा समाहरणालय भवन परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता रथ आज से 14 फरवरी तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न माध्यमों से जागरूक करने का कार्य करेगा।

उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि इस रथ के माध्यम से सड़क सुरक्षा एवं मोटर वाहन अधिनियम के बारे में प्रचार-प्रसार किया जायेगा। लोगों को ट्रैफिक के नियमों से से अवगत कराने, हेलमेट पहनने के फायदे, कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, वाहन चलाते समय नशा नहीं करने, वाहन चलाते वक्त मोबाइल फोन व दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग नहीं करने, वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाने, वाहनों को ओवरटेक नहीं करने के अलावा अन्य कई जानकारी लोगों को दी जायेगी। पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि जिले में बड़ी तेजी के साथ सड़क हादसे बढ़ते जा रहे है। और युवाओं की मौत भी हो रहा है। इसके बाद भी हालात बदल नहीं रहे। इस दौरान उपविकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, डीएसई, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कल्याण अधिकारी, डीपीआरओ समेत कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### जमुआ में कांग्रेस का धरना जारी

**गिरिडीह।** धरना में बैठे लोगों ने साफ किया है कि जब तक उनकी मांगों पर विधि सम्मत कानूनी कार्यवाई नहीं होती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। जरूरत पड़ी तो आंदोलन और उग्र हो सकता है। वक्ताओं ने कहा इसकी पूरी जिम्मेवारी प्रशासन की होगी। जमुआ में भरष्टाचार चरम पर है। धरना कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष महशर इमाम के अलावा विमल प्रसाद सिंह, जिला परिषद सदस्य सह 20 सूत्री सदस्य देवरी रामनारायण दास, सीताराम पासवान, मुख्य संगठक सेवा दल गिरिडीह सच्चिदानंद सिंह आदि लोग शामिल थे।

## ईडी ने मेसर्स ओम कोक इंडस्ट्रीज में किया जांच



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
कुजू ओपी क्षेत्र के बोंगावार स्थित मो इजहार नामक कोल व्यवसायी के मेसर्स ओम कोक इंडस्ट्रीज में जांच को लेकर मंगलवार की सुबह लगभग सात बजे ईडी के अधिकारी पहुंचे। ईडी के अधिकारी दो इनोवा कार से सीआरपीएफ के जवानों के साथ फैक्ट्री पहुंचे। जहां फैक्ट्री को अपने कब्जे में लेकर गेट बंद कर ईडी के अधिकारियों ने फैक्ट्री मैनेजर से पूछताछ की। साथ ही कई जरूरी दस्तावेजों को खंगाला। बताया जा रहा है कि मामला कोयला से जुड़ा है। बताया जाता है कि इससे पूर्व ईडी ने गत 3 मार्च को भी बोंगावार के बोंगाबार स्थित ओला हार्डकोक फैक्ट्री में छापामारी किया था।

### नकली सिलाई मशीन बरामद

**रामगढ़।** शहर के पुराना बस स्टेंड में पुलिस की छापेमारी में मंगलवार को अमन इंटरप्राइजेज से 21 नकली सिलाई मशीन जब्त किया गया। घटना के संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया की नूर सिलाई मशीन कंपनी के दो अधिकारी बंगाल से रामगढ़ थाना पहुंचे। इनका आरोप था की पुराना बस स्टैंड के समीप अमन इंटरप्राइजेज दुकान से नकली नूर कंपनी के सिलाई मशीन का अवैध कारोबार हो रहा है। जिसके बाद पुलिस द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी में 21 सिलाई मशीन को जब्त कर पुलिस अपने साथ ले गयी। कंपनी की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें बरही की

### आज प्रखंड के तीन प्रमुख पथों का स्थानीय विधायक करेंगे शिलान्यास, ग्रामीणों में हर्ष



**बरही।** बुधवार को प्रखंड के तीन चिर प्रतीक्षित पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया जाना है। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला यादव होंगे। उक्त जानकारी कांग्रेस के बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी ने दी। उन्होंने बताया कि विधायक के आप्त सचिव अजय राय से मिली जानकारी के अनुसार गुजरा मोड़ से मलकोको, बैंक मोड़ विजैया से गरजामो और चितरामो पहाड़ से कोल्हुआकला तक जाने वाले मार्ग का शिलान्यास बुधवार को होगा। जानकारी के अनुसार निर्माण कला के बाद से आज तक इस पथ की मरम्मती नहीं हुई थी। जिससे मार्ग की स्थिति दयनीय थी। बरसात में इस मार्ग से गुजरना काफी मुश्किल हो जाता है। वह अपने किये गये हर एक वायदे को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। उनके विस क्षेत्र का कोई भी गांव मार्गविहीन नहीं रहे इस दिशा में वह हमेशा प्रयासरत हैं।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने 15 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन दिया



**बरही।** 15 सूत्री मांगो को लेकर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा बरही इकाई के अनुमंडलीय अध्यक्ष ने महामहिम राज्यपाल के नाम बीडीओ सीआर इंदीवार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में झारखंड आंदोलनकारियों के संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित करने, झारखंड आंदोलनकारी की चिह्नितिकरण के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, चिह्नितिकरण युद्ध स्तर पर करने, चिह्नित किये गये आंदोलनकारियों को संपुष्टि कर अधिसूचित करने व गजट में नाम प्रकाशित करने, झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान, प्रति माह पचास हजार रुपये सम्मान राशि, नियोजन व रोजगार में दस प्रतिशत क्षेत्रिय आरक्षण, चिह्नितिकरण आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों को राजमंत्री का दर्जा देने सहित अन्य कई मांगों का उल्लेख किया गया है। ज्ञापन पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के बरही अनुमंडल संयोजक जावेद इस्लाम, अनवर हुसैन, युवराज प्रसाद, मो निसार, खुर्शीद अनवर, कमरुद्दीन, डॉ जागेश्वर प्रसाद, नेहाल, शहजाद अंसारी सहित कई आंदोलनकारियों के हस्ताक्षर है।

### 93 फीसदी सनातनियों को आमंत्रण : चंदन



**बरही।** अयोध्या मंदिर के उद्घाटन व राम लल्ला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर आमंत्रण सह पूजित अक्षत-वितरण कार्यक्रम 93 फीसदी सनातन परिवार के बीच 15 जनवरी को संपन्न हुआ। उक्त जानकारी वितरण कार्यक्रम के प्रखंड संयोजक चंदन केसरी ने दिया। कार्यक्रम सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं सहित सनातन धमार्लंबियों का आभार जताया है।

# कांग्रेस भाजपा का शंकराचार्य विवाद

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हो रहा है। इसे लेकर देशभर के आस्थावान लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, तो वहीं दूसरी ओर इसे लेकर राजनीति भी गरमाई हुई है। कांग्रेस ने इस समारोह के लिए मिले निमंत्रण को ठुकरा दिया है, जिसके बाद पार्टी में दो फाड़ देखने को मिल रही है। राम मंदिर को लेकर कांग्रेस के कई नेता सरकार और पीएम मोदी की सराहना कर रहे हैं। मगर कांग्रेस का आरोप है कि ये कार्यक्रम धार्मिक नहीं, बल्कि भाजपा का है। कांग्रेस ने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को लेकर ये दावा किया कि चारों शंकराचार्य स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि एक अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा नहीं की जा सकती। हालांकि कांग्रेस का ये दावा कितना सच्चा है इसका अंदाजा विश्व हिंदू परिषद के इस बयान से लगाया जा सकता है कि चार शंकराचार्यों में से दो ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का 'खुलकर स्वागत किया' है, लेकिन उनमें कोई भी 22 जनवरी को अयोध्या में इस भव्य अनुष्ठान में शामिल नहीं होंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ती जा रही है, ऐसे में कांग्रेस का ये फैसला उसे किस हद तक नुकसान झेलने पर मजबूर कर सकता है ये समझना मुश्किल नहीं है। ये कहा जाए कि चुनाव से पहले ऐसे कदम उठाकर कांग्रेस अपने ही पांव पर कुल्हाड़ी मार रही है, तो गलत नहीं होगा। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह को एक 'पूरी तरह से एक राजनीतिक कार्यक्रम' बना दिया है, जो शंकराचार्यों की सलाह के बिना और धार्मिक प्रक्रियाओं की उपेक्षा करके आयोजित किया जा रहा है। यदि कांग्रेस को धार्मिक भावनाओं का इतना ही ख्याल है तो वो ये क्यों भूल रही है कि कई धार्मिक हस्तियों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अनुष्ठान करने के लिए खुलकर मोदी की प्रशंसा की है। कांग्रेस अगर अपना नुकसान कर रही है, तो भाजपा को सीधे फायदा भी पहुंचा रही है।

**कांग्रेस ने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह को लेकर ये दावा किया कि चारों शंकराचार्य स्पष्ट रूप से कह चुके हैं कि एक अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा नहीं की जा सकती। हालांकि कांग्रेस का ये दावा कितना सच्चा है इसका अंदाजा विश्व हिंदू परिषद के इस बयान से लगाया जा सकता है कि चार शंकराचार्यों में से दो ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का 'खुलकर स्वागत किया' है, लेकिन उनमें कोई भी 22 जनवरी को अयोध्या में इस भव्य अनुष्ठान में शामिल नहीं होंगे। लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ती जा रही है, ऐसे में कांग्रेस का ये फैसला उसे किस हद तक नुकसान झेलने पर मजबूर कर सकता है ये समझना मुश्किल नहीं है।**

कांग्रेस इसे राजनीतिक कार्यक्रम करार दे रही है। मगर करोड़ों श्रद्धालुओं के आस्था का केंद्र प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर मंदिर निर्माण का मुद्दा भाजपा के हर चुनावी घोषणापत्र में शामिल रहा है। 500 से अधिक वर्षों के इंतजार के बाद करोड़ों भक्तों का ये सपना साकार हो रहा है, ऐसे में अगर कांग्रेस इस मुद्दे पर भी सियासत करेगी तो लोगों की भावनाएं जरूर आहत होंगी। निश्चित तौर पर इसका सबसे अधिक नुकसान तो कांग्रेस को होगा, मगर अपने वादे को पूरा करने के लिए लोगों का झुकाव ओर आकर्षण भाजपा की ओट ओर बढ़ेगा, कांग्रेस का विरोध भाजपा को चुनाव में लाभ पहुंचा सकता है। कांग्रेस मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आरोप लगाया और कहा कि 'किसी भी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान और धर्मशास्त्र के हिसाब से होती है।

इन दिनों

# रामभद्राचार्य श्रीराम के अद्भुत शिल्पकार व व्याख्याकार




ललित गर्ग

**देश** में कितने ही पवित्र संत, गुरु, ऋषियों ने अपने दैवीय शक्ति, आनंद, प्राचीन ग्रंथों के ज्ञान और आध्यात्मिक ज्ञान के साथ दुनिया को अलौकिक एवं चमत्कृत किया है, परम सत्ता से साक्षात्कार के लिये अग्रसर किया है। इनमें श्रद्धेय पद्म विभूषण जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज भी हैं, जिन्होंने श्रीरामचरित मानस एवं श्रीमद्भागवतजी का ऐसा प्रचार प्रसार किया और एक ऐसी आध्यात्मिक लहर चलायी है जिसने हर इंसान का जीवन ही बदल दिया है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व उनका अमृत महोत्सव भव्य रूप में आयोजित हो रहा है। टेंट से निकाल कर प्रभु को मन्दिर में प्रतिष्ठापित करने का श्रेय जिन महाशक्तियों को दिया जाता है, उनमें वे अग्रणी है और उनकी भूमिका अस्मिरणीय हैं। दो वर्ष की आयु से ही नेत्रहीन जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्यजी का नाम हिंदू समाज में बड़े ही आदर सम्मान के साथ लिया जाता है। रामभद्राचार्यजी रामानंद संप्रदाय के चार प्रमुख जगद्गुरुओं में से एक हैं। हिंदू धर्म में साधु-संतों का खास महत्व रहा है। वे एक सच्चे, अद्वितीय और तपस्वी संत हैं, जिन्होंने अपने प्रवचनों और ज्ञान के भंडार से भक्तों को सही मार्ग बताकर उनके जीवन का उद्धार किया है। उन्होंने अपने गहन प्रेम और भक्ति के सहारे न केवल अपने प्रभु श्रीराम एवं बिहारीजी से स्वयं साक्षात्कार किया बल्कि अपने भक्तों को भी उनसे मिलवाया। एक अद्भुत छवि, एक अद्भुत जीवन, एक अद्भुत संत, एक विलक्षण कथावाचक के रूप में उनका जीवन तनावों की भीड़ में शांति का सन्देश है, समस्याओं एवं परेशानियों के बीच मुस्कुराहट का पैगाम है, चंचल चित्त के लिये एकाग्रता एवं प्रभु श्रीराम एवं श्रीकृष्ण-भक्ति की प्रेरणा है। वे दुनियाभर के कई लोगों के लिए एक आध्यात्मिक नेता और गुरु हैं। विश्व के अनेक राष्ट्रों सहित भारत में उनकी 1275 से अधिक श्रीराम चरितमानस एवं 1115 श्रीमद्भागवत पर कथाएं सम्पन्न हुई हैं। भारतीय वांगमय के लगभग डेढ़ लाख पृष्ठों का लेखन आपने किया है। उनके मस्तिष्क में डेढ़ लाख से अधिक श्लोक रचनाएं रची-बसी हैं। वे एक घंटे में सौ से अधिक श्लोक एवं चौपाइयां बनाने की क्षमता रखते हैं। हिन्दू संस्कृति और आध्यात्मिकता के बारे में उनका ज्ञान लोगों को आत्म-प्राप्ति और सर्वोच्च शक्ति के करीब महसूस करने में मदद करता है। वे अपने मधुर भजनों को सुनाते हैं, तो वह भक्तों को दिव्य शांति और प्रेम (भक्ति) की अनूठी दुनिया में ले जाता है जगद्गुरु रामभद्राचार्य का जन्म 14 जनवरी 1950 को जौनपुर के उत्तर प्रदेश में हुआ था। उनका वास्तविक नाम गिरिधर मिश्र है। बचपन में ही आंख जाने के बाद उनके सामने समस्याएं काफी अधिक थीं। लेकिन उन्होंने अपनी शारीरिक विकलांगता को अपनी ताकत बनाया। दादा ने उन्हें प्रारंभिक शिक्षा दी। रामायण, महाभारत, विश्रामसागर, सुखसागर, प्रेमसागर, ब्रजविलास जैसे किताबों का पाठ कराया। विलक्षण प्रतिभा के धनी गिरधर ने महज तीन साल की उम्र में अपनी पहली रचना अपने दादा को सुनाई तो सब दंग रह गए। जब वे पांच वर्ष के हुए तो श्रीमद्भागवत गीता और आठ वर्ष की आयु में श्रीराम चरितमानस को पूरी तरह कठंस्थ कर लिया था। रामभद्राचार्य महान शिक्षक, संस्कृत विद्वान, बहुभाषाविद, महामनीषी, कवि, लेखक, पाठ्य टीकाकार, कथावाचक, दार्शनिक, संगीतकार, गायक, नाटककार के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने संत तुलसीदास के नाम पर चित्रकूट में एक धार्मिक और सामाजिक सेवा संस्थान तुलसी पीठ की स्थापना की। वे चित्रकूट में ही जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के संस्थापक और आजीवन चांसलर हैं। रामानंद संप्रदाय के चार जगद्गुरु में से वे एक हैं। वर्ष 1988 में उन्होंने यह पद धारक हैं। उनकी विलक्षण प्रतिभा एवं दैवीय क्षमताओं का हर कोई कायल है। वे अपने असाधरण कार्यों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण को समर्पित किया। नेत्रहीन होते हुए भी उन्होंने अपनी दिव्य दृष्टि से कई भविष्यवाणियां की जिनमें कई सत्य हुई। वे केवल सुनकर ही सीखते हैं और बोलकर अपनी रचनाएं लिखवाते हैं। उन्होंने अपने विवेक प्रदीप्त मस्तिष्क से, विशाल परिकल्पना से, दैवीय शक्ति से प्रभु श्रीराम के जीवन के अन्तर्रहस्यों का उद्घाटन किया है। आपने जो अभूतपूर्व एवं अनूठी दिव्य दृष्टि प्रदान की है, जो भक्ति-ज्ञान का विश्लेषण तथा समन्वय, शब्द ब्रह्म के माध्यम से विश्व के सम्मुख रखा है। आपके अनुपम शास्त्रीय पाण्डित्य द्वारा, न केवल आस्तिकों का ही ज्ञानवर्धन होता है अपितु नयी पीढ़ी के शंकालु युवकों में भी धर्म और कर्म का भाव संचित हो जाता है। ऐसा प्रतीत होता है आपका प्रभु से सीधा साक्षात्कार होता रहता है। जुलाई 2003 में रामभद्राचार्य ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में श्रीराम जन्मभूमि बाबरी मस्जिद विवाद मामले के अन्य मूल मुकदमा संख्या 5 में धार्मिक मामलों के विशेषज्ञ गवाह के रूप में गवाही दी । उनके हलफनामे और जिरह के कुछ अंश उच्च न्यायालय के अंतिम फैसले में उद्धृत किये गये हैं। अपने हलफनामे में, उन्होंने रामायण, रामतापनीय उपनिषद, स्कंद पुराण, यजुर्वेद, अथर्ववेद सहित प्राचीन हिंदू ग्रंथों का हवाला दिया, जिसमें अयोध्या को हिंदुओं के लिए पवित्र शहर और श्रीराम की जन्मस्थली बताया गया है। उन्होंने तुलसीदास द्वारा रचित दो रचनाओं के छंदों का हवाला भी दिया, जो उनकी राय में, विवाद के समाधान के लिए प्रासंगिक हैं। पहले उद्धरण में दोहा शतक नामक कृति के आठ छंद शामिल थे, जिसमें मुगल शासक बाबर द्वारा 1528 ईस्वी में विवादित स्थल पर एक मंदिर के विनाश और एक मस्जिद के निर्माण का वर्णन किया गया था, जिसने जनरल मीर बाकी को राम मंदिर को नष्ट करने का आदेश दिया था। जो सनातन धर्मियों द्वारा पूजा का प्रतीक माना जाता है।

**दो वर्ष की आयु से ही नेत्रहीन जगद्गुरु श्री रामभद्राचार्यजी का नाम हिंदू समाज में बड़े ही आदर सम्मान के साथ लिया जाता है। रामभद्राचार्यजी रामानंद संप्रदाय के चार प्रमुख जगद्गुरुओं में से एक हैं। हिंदू धर्म में साधु-संतों का खास महत्व रहा है। वे एक सच्चे, अद्वितीय और तपस्वी संत हैं, जिन्होंने अपने प्रवचनों और ज्ञान के भंडार से भक्तों को सही मार्ग बताकर उनके जीवन का उद्धार किया है। उन्होंने अपने गहन प्रेम और भक्ति के सहारे न केवल अपने प्रभु श्रीराम एवं बिहारीजी से स्वयं साक्षात्कार किया बल्कि अपने भक्तों को भी उनसे मिलवाया।**

## आपकी बात

### महिलाओं के अनुकूल हो राजधानी या कोई दूसरा शहर


डॉ. रंजू सैनी

आधुनिक भारत में बड़ी संख्या में महिलाएं नौकरी,व्यवसाय से लेकर मार्केटिंग के लिए निकलती हैं पर उनकी बड़ी समस्या है कि उनके लिए साफ सुथरे महिला अनुकूल सार्वजनिक शौचालय कहीं नहीं हैं । कहने को रांची नगर निगम के शौचालय हैं पर उनकी हालत ऐसी नहीं कि कोई महिला वहां जा सके । स्वच्छ भारत अभियान के समय पेट्रोल पंपों में भी शौचालय शुरू किए गए थे पर उनकी भी हालत खराब है और शहरी क्षेत्र में पेट्रोल पंपों की संख्या है भी बहुत कम।

### अलाव की व्यवस्था से लोगों को राहत

कोडरमा में इन दिनों ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। सड़क किनारे और रेलवे स्टेशन पर रात गुजारने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। कड़ाके की ठंड को देखते हुए प्रशासन ने जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की है। जिससे गरीब और लाचार लोगों को काफी ठंड से राहत मिली है। वहीं जिला प्रशासन द्वारा गरीब और लाचार लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया जा रहा है। इधर ठंड को देखते हुए नगर पंचायत के प्रशासक की देखरेख में नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। जबकि सड़क किनारे रात गुजारने वाले लोगों के बीच कंबल का वितरण भी नगर प्रशासक ने किया। कड़ाके की ठंड तक अलाव जलाने की व्यवस्था जारी रहेगी। इधर बाजार समिति सचिव अभिषेक आनंद और नगर परिषद प्रशासक हर्षवर्द्धन ने स्टेशन के आसपास रहने वाले जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया,ताकि ठंड से राहत मिल सके। उपरोक्त व्यवस्था से गरीब व असहाय लोगों को काफी राहत महशूस कर रहे हैं। मौसम विभाग अभी आगे भी ठंड बढ़ने का संकेत दे रहा है। जिसे देखते हुए आम गरीब व फुटपाथी बेसहारों को अलाव और कंबल के सहारे की जरुरत पड़ेगी। हालांकि इस विषय में जिला प्रशासन लागतार कार्य कर रहा है। इसके बाद भी समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्रशासन को लगातार मुआयना कर आवश्यक स्थानों पर अलाव का प्रबंध करना चाहिए।

- निलेश कुमार, कोडरमा

संगीत की दुनिया

# प्रेरणादायी हैं गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश


योगेश कुमार गोयल

**सिखों** के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्ध कलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिये जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरु पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य 'सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं' सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी । शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है।

**गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है।**


बोधि वृक्ष

# पशुपतिनाथ व्रत की विधि व कथा

**3.** भगवान शिव को प्रिय यह पशुपति व्रत निश्चय ही सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला है। व्रत के दौरान काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे विकारों से दूर रहें। व्रत के दौरान भूलकर भी कभी भी तामसिक पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए।

**4.** वैसे तो कभी भी हिंसा नहीं करनी चाहिए, लेकिन इस दौरान कभी भी इंसान या किसी जानवर के साथ हिंसक व्यवहार नहीं करना चाहिए।

**5.** महिलाओं और बच्चों को सम्मान दें और किसी भी प्रकार के अनावश्यक वाद-विवाद और कलह में न पड़ें।

**पशुपति व्रत कब नहीं करना चाहिए**

वैसे तो कोई भी व्यक्ति पूरी श्रद्धा से इस व्रत को कर सकता है, लेकिन यदि कोई बीमार है या वृद्धावस्था के कारण इस व्रत को करने में असमर्थ है तो उसे इस व्रत को नहीं करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को यह व्रत नहीं करना चाहिए और मासिक धर्म के दौरान ऐसी महिलाएं अपने पति के न होने पर अपने पुत्र से पूजा का कार्य करवा सकती हैं। इनके लिए केवल पूजा विधि ही वर्जित है, अन्यथा ये व्रत भी रख सकते हैं।

**पशुपति व्रत कितने करे**

मुख्य रूप से सभी को पांच व्रत करने चाहिए। बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए की जब से आप व्रत शुरू करे उस दिन सोमवार होना आवश्यक है। उसके ठीक पांच सोमवार बाद व्रत को पूर्ण करे।

**(समाप्त)**

**कैलाश पर्वत की कथा, इतिहास व रहस्य**

कैलाश पर्वत भारत के उत्तरी पडोसी देश तिब्बत की पर्वतीय श्रंखला है. कैलाश पर्वत अपने आप में अद्भुत रहा है। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत में फिर से श्रीराम बिराजें- 10

## ।।।। रामो विग्रहवान धर्म : ।।।।


डॉ. मयंक मुरारी
चिंतक और आध्यात्मिक लेखक

**भारत** का जो भौतिक संसार है, जो वृक्ष और पादप हैं, पशु-पक्षी और पर्वतमालाएं हैं। उनका सर्वोत्तम चित्रण वाल्मीकि के रामायण में मिलता है। उस वाल्मीकि ने राम के आख्यान को गाने के लिए कथ्य सामग्री को लोक से संग्रह किया ताकि उनके चरित्र का समग्रता से गायन किया जा सके। वाल्मीकि के रामायण में उनका समूचा आग्रह श्रीराम के चरित्र पर होता है। जीवन में चरित्र और जगत में चरित्रवान व्यक्ति को खोजना बहुत कठिन है। त्रेता में श्रीराम और द्वापर में युधिष्ठिर जैसे चंद नाम ही इतिहास के पन्नों पर है। वाल्मीकि ने चरित्र को धर्म का पर्यायवाची माना है। उनकी दृष्टि में श्रीराम धर्म के प्रत्यक्ष मूर्ति है- रामो विग्रहवा धर्मः। (अरण्य, 37/13)। राम का चरित्र यूं ही वाल्मीकि के समक्ष नहीं आ गया। उन्होंने महर्षि नारद से सवाल किया कि इस समय लोक में गुणवान, वीर्यवान, धर्मज्ञ, सत्यवादी, चरित्रयुक्त आदि विभिन्न सद्गुणों से संपन्न व्यक्ति कौन है ? इसके जवाब में नारद ने गुणों की पूरी तालिका बतायी और अंत में कहा- राम नियतात्मा है। उन्होंने इंद्रियों का जय किया है। वे महावीर्य हैं। वाल्मीकि ने राम के चरित्र को आधा श्लोक में समेट दिया है। वह कहते है कि- समुद इव गांभीर्ये धैर्येण हिमवानिव (बाल, 01/17)। उनकी नजरों में राम से अधिक कोई सत्पथ में स्थित नहीं है। सीता और राम के संदर्भ में वह कहते है कि सीता राम के तुल्य है और राम सीता के तुल्य। शील, आयु, आचार और कुल के लक्षणों के आधार पर सीता का जो चरित्र चित्रण हुआ है, वह भारतीय सभ्यता के लिए एक मील का पत्थर है। रामायण में ऐसे कई जगह है जहां सीता ने राम से अपना मतभेद प्रकट किया, लेकिन कभी भी उन्होंन पति के धर्म पर सवाल नहीं किया। इसका कारण है कि धर्म भी श्रीराम के रूप में मूर्त होता है। वे प्राणियों के रक्षक और धर्म के परिरक्षक है। वह मनुष्यों के दुख देखकर सामान्य जन की तरह दुखी होते हैं और सुख में एक पिता की तरह प्रसन्न होते हैं। उनकी सबसे उत्कृष्ट गुण है कि राम एक बार कोई बात कहकर उससे पलटते नहीं है। ये ऐसे गुण है जो हरेक देश और काल के सापेक्ष है। अब हम इन गुणों एवं चरित्र को छोड़कर कुछ चंद शब्द और अक्षरों के विश्लेषण में ही रह जाते हैं। ऐसे ही समय के लिए कहा गया है कि जाकि रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तीन तैसी।

**जीवन में चरित्र और जगत में चरित्रवान व्यक्ति को खोजना बहुत कठिन है। त्रेता में श्रीराम और द्वापर में युधिष्ठिर जैसे चंद नाम ही इतिहास के पन्नों पर है। वाल्मीकि ने चरित्र को धर्म का पर्यायवाची माना है।**

## टेक वर्ल्ड

# गायब हुई तस्वीरों को रिकवर करने का तरीका

एंड्रॉयट डिवाइस खुद भी डिफॉल्ट वेब ब्राउजर्स के साथ आते हैं। ये सामान्यतः क्रोम होता है या कभी-कभी कंपनी के खुद के भी ब्राउजर देखने को मिलते हैं। लेकिन अगर आप क्रोमा या फिर अन्य से बोर हो गये हैं तो प्राइवेसी को लेकर परेशान रहते हैं तो हम आपके लिए DuckDuckGo जो एक अच्छा विकल्प हो सकता है।



**DuckDuckGo प्राइवेसी ब्राउजर**

प्राइवेसी पर फोकस करते हुए DuckDuckGo इस लिस्ट में फिट बैठता है। इस ब्राउजर में मिनिमल इंटरफेस मिलता है और इसमें किसी भी एक टैप से डेटा को हटाया जा सकता है। इसके लिए केवल एड्रेस बार से राइट से एक बटन पर टैप करना होता है। वहीं इस ब्राउजर की सबसे खास बात ये है कि ये वेब में किसी भी ट्रैकर को आपकी एक्टिविटीज को फॉलो करने नहीं देता। एक अलग तरह का ब्राउजर है। ये बाकी सर्च इंजन से अलग है ये सभी यूजर्स को किसी भी सर्च टर्म के लिए एक जैसा ही सर्च रिजल्ट दिखाता है। जो कि एक तरह से काफी इंप्रेसिव है। इसमें कई प्राइवेसी और सिक्योरिटी रिलेटेड फीचर्स मिलते हैं। जैसे- इसमें बिल्ट इन पासवर्ड मैनेजर और ब्लॉकर मिलता है। साथ ही इसमें एक नेटिव वीडियो प्लेयर भी मिलता है जो कि ट्रैकिंस कोकीज को ब्लॉक करता है। **(समाप्त)**

**5 जी इस्तेमाल के आधार पर भारत टॉप 3 देशों में शामिल**

नोकिया की 6जी रिसर्च लैब के उद्घाटन के दौरान नोकिया के अध्यक्ष और सीईओ पेक्का लुंडमार्क में भारत में 5जी कनेक्टिविटी नेटवर्क के डेप्लॉयमेंट के बारे में बात की। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# डीपफेक को रोकना प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी, 7-8 दिनों में लाएंगे नया आईटी नियम : राजीव चंद्रशेखर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने डीपफेक के मामले में तमाम प्लेटफॉर्म्स को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि इसे रोकना पूरी तरह से उनकी जिम्मेदारी है और ऐसा नहीं करने वाले प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सरकार ऐसे प्लेटफॉर्म्स को देश में ब्लॉक भी कर सकती है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने यह भी बताया कि सरकार अगले 7-8 दिनों में नए आईटी नियम भी जारी करने जा रही है। भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करने के दौरान डीपफेक को लेकर पूछे गए कई सवालों का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि संबंधित पक्षों के साथ दो राउंड की बैठकें हो चुकी है, जिसमें सरकार ने उनका ध्यान वर्तमान नियमों की तरफ आकर्षित किया, जिसमें पहले से ही डीपफेक और गलत सूचना पर कार्रवाई का प्रावधान है, जिसका पालन करना अनिवार्य है, उन्हें यह भी बताया गया कि इन नियमों का पालन नहीं करने पर क्या कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि हमने (सरकार) इसके लिए एक एडवाइजरी भी जारी की है और अगर सरकार को लगता है कि इस एडवाइजरी का पालन नहीं किया जा रहा है तो एक बहुत ही स्पष्ट प्रावधानों के साथ संशोधित नया आईटी नियम भी लाया जाएगा। उन्होंने अपनी बात पर आगे जोर देते हुए कहा कि सरकार अगले 7-8 दिनों में नया आईटी नियम जारी कर सकती है, जिसमें डीपफेक और गलत सूचना से जुड़े प्रावधानों को और सख्ती के साथ स्पष्ट किया जाएगा।

## अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने नड्डा से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निमंत्रण पर दक्षिण अफ्रीका की सत्ताधारी पार्टी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को दिल्ली पहुंचा। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल और भाजपा नेता संबंधित दलों की विचारधारा और कार्यप्रणाली पर जानकारी का आदान-प्रदान करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में फिकिले मबालुला (एएनसी के महासचिव), एल्विन बोट्स (आईआर और सहयोग के उप मंत्री और एएनसी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य), चेसलिन एडवर्ड मोस्टर, फिलिप मुसेकवा (कार्यालय प्रमुख, महासचिव का कार्यालय, एएनसी) शामिल हैं।

# नुसरत को फ्लैट धोखाधड़ी मामले में होना होगा अदालत में पेश



**एजेंसी। कोलकाता**

एक्ट्रेस से तृणमूल कांग्रेस की सांसद बनीं नुसरत जहां की मुसीबतें बढ़ रही हैं। कोलकाता की एक अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि नुसरत जहां को एक रियल स्टेट कंपनी के निदेशक के रूप में अपने जुड़ाव से संबंधित मामले में अदालत में पेश होना होगा, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उचित दरों पर फ्लैट देने का वादा करके कई करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। पिछले साल सितंबर में एक अदालत ने इस मामले में नुसरत जहां को पेश होने का आदेश दिया था। हालांकि, उन्होंने इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी, लेकिन, अदालत ने मंगलवार को आदेश को बरकरार रखा। नुसरत जहां पहले रियल स्टेट कंपनी सेवेन सेंस इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक थीं। पिछले साल सितंबर में, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धोखाधड़ी मामले में नुसरत जहां से पूछताछ की थी। आरोप है कि फर्म ने वरिष्ठ नागरिकों को आकर्षक दरों पर आवासीय फ्लैट देने का वादा करके उनसे कई करोड़ रुपये इकट्ठा किए। शिकायत के अनुसार, उन्हें फ्लैट उपलब्ध कराने के बजाय, उनके पैसे का इस्तेमाल नुसरत जहां सहित निदेशकों द्वारा निजी आवासीय आवास खरीदने के लिए किया गया था।

## इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में लाए गये सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में कड़ी सुरक्षा वाली तिहाड़ जेल में बंद आप नेता मनीष सिसोदिया को आर्थोपेडिक इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया है। जेल के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि सिसोदिया को जेल अस्पताल के डॉक्टर ने आर्थोपेडिक इलाज पर परामर्श के लिए अस्पताल रेफर किया था। मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे उन्हें एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया। 10 जनवरी को दिल्ली की एक अदालत ने आप सांसद संजय सिंह और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 20 जनवरी तक बढ़ा दी थी। शराब घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार में कथित संलिप्तता के लिए सिसोदिया को पिछले साल 26 फरवरी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

## एक नजर

### किश्तवाड़ में भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 3.6 मापी गई तीव्रता

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मंगलवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 3.6 मापी गई। भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। इसके चलते किसी तरह के जानमाल के नुकसान की फिलहाल सूचना नहीं मिली है।

### यात्रियों के रनवे पर खाना खाने के मामले में इंडिगो को नोटिस

**मुंबई/नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में कोहरे के कारण कई फ्लाइट की नियमित उड़ानें विलंब से चल रही है। इस बीच बजट एयरलाइन कंपनी इंडिगो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) ने इंडिगो और मुंबई एयरपोर्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने मंगलवार को इंडिगो और मुंबई एयरपोर्ट को ये नोटिस यात्रियों के हवाई अड्डा रनवे पर बैठकर खाना खाते वीडियो वायरल होने के बाद जारी किया है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद ही केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंत्रालय के सभी अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसके बाद ही आज बीसीएएस ने इंडिगो के साथ-साथ मुंबई एयरपोर्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### ग्वालियर में नौकरी के बदले आबरू की मांग करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल/ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में नौकरी के बदले आबरू की मांग करने वाले को ग्वालियर पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की सेवाएं पहले ही खत्म की जा चुकी हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों ग्वालियर में बीज विकास निगम में भर्ती के लिए कृषि विश्वविद्यालय में साक्षात्कार हुआ था। साक्षात्कार लेने वाले दल में शामिल बीज निगम के प्रोडक्शन असिस्टेंट संजीव कुमार ने एक छात्रा को फोन कर नौकरी के बदले आबरू की मांग की थी। छात्रा की शिकायत पर ग्वालियर अपराध शाखा ने प्रकरण दर्ज किया।
वहीं बीज निगम ने आरोपी संजीव को बर्खास्त कर दिया।

# बीजेपी सांसद ने सिद्धारमैया को दी खुली बहस की चुनौती



**एजेंसी। कारवार (कर्नाटक)**

भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनंत कुमार हेगड़े ने मंगलवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को शालीनता पर खुली बहस की चुनौती दी। हेगड़े ने अयोध्या के राम मंदिर के संबंध में बयान जारी करने के लिए सिद्धारमैया की आलोचना करते हुए उन्हें अपने बेटे के रूप में संबोधित करके विवाद खड़ा कर दिया था। कर्नाटक बीजेपी ने सांसद के भड़काऊ भाषण से खुद को अलग कर लिया है। सिद्धारमैया के खिलाफ अपने अपमानजनक बयान का बचाव करते हुए हेगड़े ने कहा, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को शालीनता और संस्कृति के मामलों पर खुली सार्वजनिक बहस के लिए आमने-सामने आने दें। उन्होंने कहा,ह्लयह स्वाभाविक है कि पार्टी के नेता मेरे बयान का समर्थन नहीं करेंगे और मेरी टिप्पणियां व्यक्तिगत थीं। शालीनता के मामले में, सीएम सिद्धारमैया को मेरे साथ खुली बहस में शामिल होना चाहिए और लोगों को इसे देखना चाहिए। आखिरी बार उन्होंने शालीनता से कब बात की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ अभद्र बातें की हैं। कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करते समय शालीनता और संस्कृति की सीमाएं लांघ दी हैं।" हेगड़े ने सिद्धारमैया की उस टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी,कि वह राम मंदिर उद्घाटन उसके बाद अयोध्या जाएंगे।
बीजेपी सांसद ने कहा था, "आप (सिद्धारमैया) चुन सकते हैं कि आएं या न आएं, राम मंदिर का उद्घाटन नहीं रुकेगा बेटा." हेगड़े ने कन्नड़ बोलचाल की भाषा मगने का इस्तेमाल किया था, जो बेटे के लिए इस्तेमाल की जाती है। सिद्धारमैया ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था, एक सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री के रूप में हेगड़े का योगदान शून्य है। वह तीन साल से फरार थे और वह इस तरह के बयान जारी करके ध्यान आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं।

### 'हम भाजपा की मांगों को पूरा करते रहे तो शासन नहीं कर सकते'

**बेंगलुरु।** सनसनीखेज हंगल सामूहिक बलात्कार मामले की जांच के लिए एसआईटी के गठन की भाजपा की मांग पर राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा, "अगर हम भाजपा की मांगों को पूरा करते रहेंगे तो हम राज्य पर शासन नहीं कर सकते। गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने पत्रकारों से कहा, "भाजपा नेता एसआईटी, सीबीआई, सीआईडी तथा अन्य एजेंसियों से जांच की मांग करेंगे। अगर हम भाजपा की सभी मांगों को पूरा करते रहे तो हम शासन नहीं कर पाएंगे।
उन्होंने कहा, हमने वादा किया है कि हम एक जन-समर्थक सरकार होंगे और हम अपनी बात रखेंगे। सामूहिक बलात्कार मामले की जांच जारी है।

## जनकपुरधाम का जानकी मंदिर परिसर 22 को सवा लाख दीपों से होगा जगमग



**एजेंसी। काठमांडू**

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी हो रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उनके ससुराल नेपाल के जनकपुरधाम स्थित जानकी मंदिर परिसर में सवा लाख दीप जलाए जाने की तैयारी है।
जानकी मंदिर के उत्तराधिकारी महंथ रामरोशन दास ने मंगलवार को बताया कि जानकी मंदिर परिसर में सवा लाख दीप जलाने की तैयारी है। विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से जानकी मंदिर में सवा लाख दीप जलाए जाएंगे। मंदिर प्रबंधन की तरफ से 22 जनवरी को विशेष पकवान बनाया जाएगा जिसे प्रसाद के रूप में सम्पूर्ण जनकपुरवासियों के घर वितरण किया जाएगा।

जानकी मंदिर के महंथ रामरोशन दास ने समाज के सभी लोगों से अपील की है कि वो 22 जनवरी की शाम को अपने-अपने घरों को दीपों से रौशन करें। महंथ ने कहा है कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होना ना सिर्फ जनकपुरवासियों के लिए बल्कि सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र के लिए विशेष आनंद का विषय है। उन्होंने कहा कि उत्सव ऐसा होना चाहिए जैसे कि दीपावली के समय करते हैं।

### ग्रेटर नोएडा में घने कोहरे की वजह से टकराए 10 वाहन

**ग्रेटर नोएडा।** घने कोहरे के कारण लगातार एक्सीडेंट बढ़ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा के दादरी बाईपास पर भी मंलगवार सुबह घने कोहरे के कारण एक के बाद एक 10 गाड़ियां आपस में टकरा गई। इस घटना में चार लोग घायल हुए हैं। मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने घायलों को गाड़ियों से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत बाईपास पर सुबह लगभग 8.45 बजे अंडरपास से उतरते ही गाड़ी आईसर कैंटर ने लेफ्ट टर्न ली जिसके पीछे एक ट्रक टकराया और उसके पीछे आईसर कैंटर रूक गया। इस प्रकार घना कोहरा होने के कारण करीब 10 वाहन आपस में टकरा गये। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई है। चार व्यक्ति घायल हुए। प्राथमिक उपचार के उपरान्त तीन को छुट्टी दे दी गई है। एक का इलाज अभी भी चल रहा है। सभी गाड़ियों को साइड कर यातायात सुचारू रूप से चालू कराया जा चुका है। वाहनों को घटना स्थल से पुलिस बल द्वारा सुरक्षित स्थान पर लाया गया।

# नवनिर्वाचित विधायकों के लिए उपराष्ट्रपति धनखड़ की क्लास



**एजेंसी। जयपुर**

राजस्थान के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत के संविधान की पहली कॉपी में हमारी पांच हजार साल पुरानी सभ्यता के चित्र हैं। यह कॉपी सबको उपलब्ध होनी चाहिए। दुनिया के लिए भारत प्रजातंत्र की दृष्टि से आदर्शवादी है, क्योंकि हमारी सांस्कृतिक विरासत पांच हजार साल की है, किसी और देश की नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आसन पर बैठने वाले को सबका ध्यान रखना होता है। कई हल्की-फुल्की बातें ऐसी हो जाती हैं कि उन्हें लेकर नहीं बैठ सकते। मेरे बारे में खरगे साहब ने कहा था कि आने वाला मौसम कैसा रहेगा, यह कितना सताएगा। मेरे बारे में राजस्थान में भी टिप्पणी हुई लेकिन क्या गांठ बांध लूं, यह ठीक नहीं है। हर सदस्य का आचरण मर्यादित होना चाहिए। गांठ बांधकर नहीं रखें। कई सांसद अफसरों के बारे में शिकायत करते हैं। मैंने गहन अध्ययन किया है। हो सकता है कि कोई विशेष परिस्थिति हो और दिक्कत हो। अफसर सत्ता पक्ष के ही अंग नहीं, आपके भी हैं। मेरे पास भी अफसरों की शिकायत लेकर सांसद आते हैं। अफसर का दायित्व है कि वह जनप्रतिनिधि को सम्मान दे। उन्होंने कहा कि आज किसी भी सदस्य के बारे में सोशल मीडिया पर ऐसी भ्रांति फैलाई जा सकती है, जो एक बड़ी आग का रूप ले लेगी। इस सदन को तय करना है कि ऐसी चीजों पर अंकुश कैसे लगाया जाए ताकि सार्थकता से हमारा जीवन चलता रहे, हमारे चरित्र हनन का प्रयास न हो।

**हर सदस्य का आचरण मर्यादित होना चाहिए। गांठ बांधकर नहीं रखें।**

**अफसर सत्ता पक्ष के ही अंग नहीं, आपके भी हैं।**

**सोशल मीडिया पर ऐसी भ्रांति फैलाई जा सकती है, सावधान रहें।**

# श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद में कमिश्नर नियुक्ति पर रोक



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर का निरीक्षण करने के लिए आयुक्त की नियुक्ति की अनुमति दी गई थी। सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, स्थानीय आयुक्त की नियुक्ति के लिए आवेदन बहुत अस्पष्ट है, आदेश को अगली तारीख तक लागू न करें। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा,आयोग को क्रियान्वित न होने दें। अपने आवेदन की प्रार्थना को देखो. 'मुकदमे में दिए गए कथन के आलोक में' एक आयोग नियुक्त करने की प्रार्थना बहुत अस्पष्ट है। आपको एक बहुत विशिष्ट प्रार्थना करनी होगी। आपको यह स्पष्ट होना होगा कि आप स्थानीय कमीशन किस लिए चाहते हैं। आप सर्वव्यापी आवेदन नहीं कर सकते।"। अपने अंतरिम आदेश में, पीठ, जिसमें दीपांकर दत्ता भी शामिल थे, ने कहा कि आयोग को क्रियान्वित नहीं किया जाएगा, लेकिन उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित मुकदमे की कार्यवाही जारी रह सकती है। शाही ईदगाह मस्जिद प्रबंधन समिति द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर नोटिस जारी करते हुए शीर्ष अदालत ने दूसरे पक्ष से 23 जनवरी तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा। मामले की सुनवाई सूचीबद्ध होने की अगली तारीख पर मस्जिद समिति द्वारा दायर एक अन्य याचिका के साथ की जाएगी, इसमें उच्च न्यायालय द्वारा मामलों को अपने पास स्थानांतरित करने को चुनौती दी गई है। 14 दिसंबर, 2023 को, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने विवादित परिसर के निरीक्षण के लिए आयुक्त की नियुक्ति के लिए हिंदू भक्तों द्वारा दायर आवेदन को स्वीकार कर लिया। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने कहा था, जहां तक आयोग के तौर-तरीकों और संरचना का सवाल है, यह न्यायालय ऐसे उद्देश्यों के लिए पक्षों के विद्वान वकील को सुनना उचित समझता है।

## हर खबर पर...कैमरे की नजर

### एसएचजी की महिलाओं से मिलीं राष्ट्रपति




तुरा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को तुरा, मेघालय में राज्य में विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास समारोह के दौरान स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के साथ बातचीत करती हुईं।




लेपाक्षी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी में वीरभद्र मंदिर में प्रार्थना करते हुए।




कोहिमा । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कोहिमा में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान वार सिमेटरी में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।




लखनऊ । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार, 16 जनवरी, 2024 को लखनऊ में हनुमान मंदिर में सफाई अभियान में भाग लिया।





नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को नई दिल्ली में हनुमान मंदिर के सफाई अभियान में हिस्सा लिया और लोगों को सफाई के लिए प्रेरित किया।

### गंगासागर से लौट रहे 182 तीर्थयात्रियों को भारतीय तटरक्षक बल ने बचाया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के गंगासागर से वापस आ रहे 182 से अधिक तीर्थयात्रियों की मंगलवार तड़के भारतीय तटरक्षक बल ने जान बचाई। मकर संक्रांति पर पवित्र स्नान के बाद उन्हें नामखाना ले जा रही नौका घने कोहरे में फंस गई तो अलार्म बज उठा। तटरक्षक बल के जवान होवरक्राफ्ट में सवार होकर घटनास्थल पर पहुंचे जो तीर्थयात्रा के दौरान सागर द्वीप के आसपास गश्त पर थे।

## गडकरी बोले सड़क सुरक्षा के हितधारक करें सहयोग


# दुर्घटना से मौत 50%तक कम करना लक्ष्य




**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और 2030 तक दुर्घटना से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य है। गडकरी ने सड़क सुरक्षा - भारतीय सड़कें@2030 - सुरक्षा के स्तर को ऊपर उठाना विषय पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि 'सड़क सुरक्षा के 4ई' -इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन इंजीनियरिंग) - प्रवर्तन - शिक्षा और आपातकालीन चिकित्सा सेवा को मजबूत करने पर ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटना 2022 पर नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, 1.68 लाख मौतें हुईं और 4 लाख गंभीर घायल हुए। उन्होंने कहा कि हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 19 मौतें होती हैं। गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप सकल घरेलू उत्पाद को 3.14 प्रतिशत का सामाजिक-आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत मौतें 18 से 35 वर्ष की युवा आयु वर्ग में होती हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में मृत्यु एक परिवार में कमाने वाले की हानि, नियोक्ता के लिए पेशेवर क्षति और अर्थव्यवस्था के लिए समग्र क्षति है। गडकरी ने कहा कि नागरिकों के बीच अच्छे यातायात व्यवहार के लिए पुरस्कार की प्रणाली से नागपुर में सकारात्मक परिणाम मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने ड्राइवरों की नियमित आंखों की जांच पर जोर दिया और संगठनों से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत इसके लिए मुफ्त शिविर आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेजों के बीच शिक्षा और जागरूकता, एनजीओ, स्टार्ट-अप, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, आईआईटी, विश्वविद्यालयों, यातायात और राजमार्ग प्राधिकरणों के साथ सहयोग सड़क सुरक्षा के लिए अच्छी प्रथाओं को फैलाने का रास्ता है।

# चंद्रबाबू नायडू की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का खंडित फैसला



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को तेलुगु देशम पार्टी सुप्रीमो और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू द्वारा कथित कौशल विकास निगम घोटाला मामले में उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका पर खंडित फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने इस सवाल पर खंडित निर्णय दिया था कि क्या पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ कार्यवाही राज्य के राज्यपाल से मंजूरी प्राप्त किए बिना शुरू की जा सकती थी। अपनी राय में, न्यायमूर्ति बोस ने कहा कि अधिनियम की धारा 17-ए के तहत पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत शुरू की गई कोई भी कार्रवाई अवैध होगी। लेकिन उन्होंने राज्य सरकार को टीडीपी नेता पर मुकदमा चलाने के लिए नई मंजूरी प्राप्त करने की छूट दी। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने कहा कि मंजूरी प्राप्त न करना दंड संहिता के तहत एक लोक सेवक के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आधार नहीं हो सकता है। उन्होंने सितंबर 2023 में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश को बरकरार रखा, जिसमें नायडू की उनके खिलाफ शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने और उनकी न्यायिक हिरासत को रद्द करने की याचिका खारिज कर दी गई थी।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के विजेताओं के नाम की हुई घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस को हाल ही में दिसंबर महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के अवॉर्ड से नवाजा गया है। पैट कमिंस को पाकिस्तान के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद उन्हें ये अवॉर्ड दिया गया है।

दिसंबर महीने में पाकिस्तान पर ऑस्ट्रेलिया की सफलता में पैट कमिंस का अहम हाथ रहा। पैट कमिंस के लिए साल 2023 काफी बेमिसाल रहा, जहां पहले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीती और टीम को विश्व कप का खिताब जिताया। पैट कमिंस ने ही नहीं, बल्कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने भी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता है।



**पैट कमिंस ने जीता दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का खास अवॉर्ड :** दरअसल, पैट कमिंस ने दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता। पैट कमिंस ये अवॉर्ड जीतने वाले तीसरे कंगारू खिलाड़ी बने। नवंबर महीने में ट्रैविस हेड ने ये पुरस्कार जीता था। बता दें कि पाकिस्तान के खिलाफ हाल ही में खेली गई टेस्ट सीरीज में पैट कमिंस ने कुल 19 विकेट झटके थे। दूसरे टेस्ट में उन्होंने दोनों पारियों में फाइव विकेट हॉल लेकर पाकिस्तानी बल्लेबाजों की जमकर खबर ली। इस परफॉर्मेंस के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला था। वहीं, तीसरे टेस्ट में भी उन्होंने शानदार परफॉर्म किया और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीतने के बाद पैट कमिंस ने कहा कि यह सभी फॉर्मेट में ग्रुप के लिए एक शानदार साल रहा है और चुनौतीपूर्ण पाकिस्तान टीम के खिलाफ एक मजबूत प्रदर्शन के साथ सफलता के साथ 2023 को समाप्त करने का एक अच्छा तरीका था। कुल मिलाकर हम अब तक बहुत खुश हैं और वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड सीरीज की तरफ अब हमारा फोकस है।

**दीप्ति शर्मा ने जीता आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड :** भारतीय टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीत लिया है। इस अवॉर्ड के लिए दीप्ति के अलावा उनकी साथी जेमिमा रोड्रिगस और जिम्बाब्वे के 41 साल की स्पिनर प्रशियस मारंगे को अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट किया था, लेकिन दीप्ति ने इन दोनों खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए आईसीसी का ये खास अवॉर्ड जीत लिया। बता दें कि दीप्ति ने घरेलू सीरीज में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट सीरीज खेली। इंग्लैंड के खिलाफ 347 रन की जीत में दीप्ति ने पहली पारी में 67 रन बनाए थे। इसके साथ ही उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर 5/7 का रहा। उनके शानदार परफॉर्मेंस के दम पर भारत को शानदार जीत दिलाई।




## लियोनेल मेसी ने फीफा के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार बरकरार रखा

**एजेंसी। लंदन**

अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने बैलन डी'ओर का ताज पहनने के दो महीने बाद सोमवार को यहां सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार बरकरार रखा है। 36 वर्षीय मेसी लंदन में आयोजित समारोह से अनुपस्थित थे जबकि पेप गार्डियोला, जिन्होंने बार्सिलोना में मेसी को प्रशिक्षित किया था, सर्वश्रेष्ठ कोच की ट्रॉफी लेने के लिए आए थे। स्पेन के गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सीजन में प्रीमियर लीग खिताब, एफए कप और पहली चैंपियंस लीग दिलाई।

इसके अलावा, इंग्लैंड की मैनेजर सरीना विगमैन को महिला सर्वश्रेष्ठ कोच का ताज पहनाया गया, जबकि स्पेन और बार्सिलोना की मिडफील्डर एताना बोनमती को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार मिला। बोनमती महिला बैलन डी'ओर का पुरस्कार भी जीत चुकी हैं।



मार्टा को उनके उत्कृष्ट करियर उपलब्धियों के लिए फीफा विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 37 वर्षीय ब्राजीलियाई ने छह विश्व कप टूनामेंटों में 23 मैचों में 17 गोल किए हैं। उन्हें छह बार दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार भी मिल चुका है।

# जर्मनी ने चेक गणराज्य को दी करारी शिकस्त, 10-0 से जीता मैच

**एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर मैच में मंगलवार का दिन काफी अहम रहा है। पहला मैच जर्मनी और चेक गणराज्य के बीच खेला गया। मैच में जर्मनी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जर्मनी ने एकतरफा मुकाबले में चेक रिपब्लिक को हरा दिया। जर्मनी के तरफ से 10 गोल दागे गए जबकि चेक गणराज्य की टीम एक गोल भी नहीं कर सकी। जर्मनी और चेक पब्लिक के बीच खेले गए मैच में जर्मनी लगातार चेक रिपब्लिक पर भारी रहा। जर्मनी ने पहला गोल मैच शुरू होते ही दाग दिया। पूरे मैच में जर्मनी चेक रिपब्लिक पर भारी रहा। पहले



गोल के तुरंत बाद तुरंत दूसरा गोल भी जर्मनी ने दाग दिया। हाफ टाइम से पहले ही जर्मनी 2-0 की बढ़त चेक रिपब्लिक से लिए हुए था। हाफ टाइम के बाद जब मैच शुरू हुआ उसके बाद जर्मनी को पेनाल्टी कार्नर भी मिल गया मिला, जिसके बाद जर्मनी ने तीसरा गोल दाग दिया। चेक गणराज्य से जर्मनी लगातार आगे रहा और जर्मनी ने अपना पांचवां गोल भी कर दिया। चेक गणराज्य को संभालने का भी मौका जर्मनी ने नहीं दिया, उसके बाद छठा गोल भी जर्मनी ने दाग दिया। इसी तरह एक के बाद एक कुल दस गोल जर्मनी ने किए और मैच को जीत लिया।

### जापान ने चिली को 2-0 से हराया

**रांची।** एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर में मंगलवार को जापान ने चिली को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना लिया। पूल ए में जर्मनी के बाद जापान सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली दूसरी टीम बनी। जापान और चिली के खिलाफ मुकाबला खेला गया। जापान ने आक्रामक खेल दिखाते हुए मुकाबले के एक मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर जीतकर चिली पर दबाव बना दिया। जापान की काना उराता ने पेनाल्टी को गोल में बदलकर जापान 1-0 से लीड दिला दी। जापान के लिए दूसरा गोल मियु हसेगवा ने किया।

**ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर गोल्फ**

## अवनी प्रशांत 7वें स्थान पर संदीप यादव टॉप-10 में शामिल



**मेलबर्न।** अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए, प्रतिभाशाली भारतीय गोल्फ खिलाड़ी अवनी प्रशांत ने प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर चैम्पियनशिप के पहले दौर के बाद एक अंडर 72 स्कोर के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं, जबकि लड़कों में, संदीप यादव एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर हैं। यह इवेंट मेलबर्न के दो जगहों कीसबोरो गोल्फ क्लब और यारा यारा गोल्फ क्लब में खेला जा रहा है।

## सीके नायडू क्रिकेट में झारखंड के 'क्रिस गेल' की आतिशी बल्लेबाजी

**केवल चौके-छक्के से जुटाए**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स टीम की ओर से हायर किये गये झारखंड के पहले आदिवासी क्रिकेटर रॉबिन मिंज ने सीके नायडू ट्रॉफी में अपनी आतिशी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया है। उन्होंने ओडिशा के संबलपुर स्थित वीर सुरेंद्र साई स्टेडियम में खेले जा रहे मैच में मंगलवार को दोहरा शतक (201) ठोका।

सबसे खास बात यह है कि इस दोहरे शतक में 146 रन उन्होंने केवल चौके-छक्कों के जरिए जुटाए। रॉबिन मिंज ने 199 गेंद की अपनी पारी में 101.01 के स्ट्राइक रेट से 201 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 23 चौके और 9 छक्के लगाए।

ओडिशा के खिलाफ खेले जा रहे टूनामेंट के इस मैच में झारखंड ने अपनी पकड़ मजबूत



बना ली है। झारखंड ने 3 विकेट पर 287 रन बनाकर पहली पारी घोषित कर दी। ओडिशा की टीम पहली पारी में 168 रन पर ही आउट हो गई थी। बता दें कि रॉबिन मिंज झारखंड के नक्सलवाद प्रभावित गुमला जिले के एक छोटे से गांव के एक आदिवासी परिवार से आते हैं। वह झारखंड के पहले आदिवासी प्लेयर हैं, जिसे इंटरनेशनल लेवल क्रिकेट लीग खेलने का मौका मिला है।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन**

## सुमित नागल ने वर्ल्ड नंबर 27 अलेक्जेंडर बलबिक को हराया

**मेलबर्न।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में पहले दौर में अलेक्जेंडर बलबिक पर शानदार जीत हासिल करके अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। 26 वर्षीय भारतीय टेनिस खिलाड़ी, जिन्हें तीन साल पहले मेलबर्न पार्क में निराशा का सामना करना पड़ा था, ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। अलेक्जेंडर बलबिक का सामना करते हुए, दुनिया के 137वें नंबर के खिलाड़ी ने सटीकता और कौशल के साथ चुनौती का सामना किया और बलबिक को 6-4, 6-2, 7-6 (6-1) से शिकस्त दी। इस जीत ने न केवल नागल को अगले दौर में पहुंचा दिया, बल्कि ग्रैंड स्लैम में दूसरी बार, दूसरे दौर में प्रवेश किया।

## पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में ग्रीन की वापसी

**वेस्टइंडीज टीम में तीन नए खिलाड़ियों को मौका**

**एजेंसी। एडिलेड**

ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज ने एडिलेड में होने वाले टेस्ट सीरीज के शुरूआती मैच के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने पुष्टि की है कि कैमरून ग्रीन वापसी करेंगे और स्टीव स्मिथ अपने करियर में एक नया अध्याय शुरू करते हुए बल्लेबाजी की शुरूआत करेंगे। स्मिथ की भूमिका में बदलाव तब आया जब उन्होंने ओपनिंग करने की इच्छा जाहिर की। जिससे वापसी करने वाले कैमरून ग्रीन नंबर 4 पर आ गए, जो पहले नंबर 6 स्थान पर थे। ग्रीन ने स्वीकार किया कि नंबर 6 पर थोड़ी सी जल्दबाजी महसूस हो रही है और अब वह नंबर 4 की स्थिति को पुनः प्राप्त करने के लिए तैयार हैं।

**दोनों टीमों की प्लेइंग XI इस प्रकार हैं**

**ऑस्ट्रेलिया :** उस्मान ख्वाजा, स्टीवन स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिशेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस (कप्तान), नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

**वेस्टइंडीज :** क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), तेगनारायन चंद्रपॉल, किर्क मैकेंजी, एलिक अथानाजे, केवम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ दा सिल्वा (विकेटकीपर), अल्जारी जोसेफ, केमर रोच, गुडाकेश मोटी, शमर जोसेफ।

# राष्ट्रीय खेल आज से मंत्री हफीजुल हसन करेंगे उद्घाटन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2023-24 का उद्घाटन 17 जनवरी को राज्य सरकार के खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन करेंगे। उद्घाटन समारोह में खेल निदेशक सुशांत गौरव, खेल सचिव मनोज कुमार, शिक्षा सचिव के रवि कुमार, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी भी शामिल होंगी।

इस बाबत रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में मंगलवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मुख्य प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा, राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, झारखंड ओलिंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष शिवेंदु दुबे, एसजीएफआई की क्षेत्र समन्वयक कनक चक्रधर, झारखंड फुटबॉल संघ के तकनीकी निदेशक नवीन सुंडी ने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा उदघाटन समारोह :** राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर होगा। समारोह में झारखंड के छऊ नृत्य और संथाली नृत्य की प्रस्तुति होगी। साथ ही ढोल वादन होगा। स्कूली बच्चे मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां देंगे। योगासन के माध्यम से भारत की योग शक्ति का प्रदर्शन होगा। टीमों का स्वागत राज्य शिक्षा परियोजना परिषद के पदाधिकारियों द्वारा पारंपरिक तरीके से किया जा रहा है। राज्य शिक्षा परियोजना परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने बताया कि खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के लिए विभाग कृतसंकल्पित है।




### कब कौन सी प्रतियोगिता होगी

खेल प्रतियोगिता 2023-24 के तहत 17 जनवरी से 21 जनवरी तक अंदर 14 बालक-बालिका वर्ग फुटबॉल, 8 से 12 फरवरी तक अंदर 14, 17, 19 बालक-बालिका वर्ग साइकिलिंग, 31 जनवरी से 4 फरवरी तक अंदर 14 बालक-बालिका वर्ग खो-खो, 15 से 19 फरवरी तक अंदर 11, 14, 17, 19 बालक-बालिका वर्ग स्केटिंग, 24 से 28 जनवरी तक अंदर 17, 19 बालक बालिका वर्ग वुशु और अंदर 14 बालक वर्ग कबड्डी होगी।

### प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम घोषित

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड के टीमों की घोषणा कर दी गई है। बालक टीम में बादल उरांव, सुजीत मुर्मू, सुरेश उरांव, शीतल विक्टर कंडुलना, मोहित हेंब्रम, अजय उरांव, निखिल कुमार महतो, आशीष कुजूर, शुभम कुमार, सेंगल शुकुल मुंडा, सत्यम महतो, विकास मुर्मू, रिदम राज, विजय मुर्मू , अनिकेश उरांव, ऋषि कुमार, रणधीर कुमार सोरेन, प्रवीण उरांव एवं दीपक कुमार यादव शामिल हैं।

बालिका टीम में माउटुशी मंडल, दीपिका कुमारी, बीना कुमारी, गौरी सिंह, सुनीता टुडू, सोनल मुंडा, उषा उरांव, रंजीता हेमब्रेम, मेरी हंसदा, आयुषी कुमारी, सूचिता ओरांव, प्रीती कुमारी, रीमा कुमारी, सिमरन कुमारी, अनुष्का कुमारी एवं राजनंदनी कुमारी शामिल हैं।

**ऑस्ट्रेलियन ओपन**

## इगा स्विएटेक ने जीत के साथ की शुरूआत



**मेलबर्न।** विश्व की नंबर 1 महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने मंगलवार को रॉड लेवर एरेना में ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुरूआती दौर में पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन को 7-6(2) 6-2 से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की।

## प्रणय दूसरे दौर में, चोउ चेन को दी शिकस्त

**इंडिया ओपन**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मंगलवार को यहां केडी जाधव इंडोर हॉल में असाधारण बैडमिंटन कौशल का प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे के चोउ टीएन चेन पर सीधे गेम में शानदार जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है। प्रणय ने 13वें स्थान पर मौजूद चेन को 42 मिनट तक चले मुकाबले में 21-6, 21-19 के स्कोर से हराया।



प्रणय ने मैच के बाद कहा पहले गेम में योजना बिल्कुल सही थी। मैं कोर्ट के पीछे से अच्छे शॉट लगा रहा था।

# जीएमआर समूह ने योद्धाज जिम के साथ फिटनेस की दुनिया में रखा कदम

**एजेंसी। हैदराबाद**

जीएमआर ग्रुप के स्पोर्ट्स वर्टिकल जीएमआर स्पोर्ट्स ने मंगलवार को हैदराबाद में एक अद्वितीय अत्याधुनिक जिम, योद्धाज जिम के लॉन्च की घोषणा की। जीएमआर समूह, जो क्रिकेट, कबड्डी और खो-खो में अपनी विभिन्न टीमों के साथ-साथ अकादमियों के माध्यम से भारत में एक खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में अग्रणी है, ने अब योद्धाज जिम के साथ फिटनेस की दुनिया में कदम रखा है।

योद्धाज जिम के पीछे की प्रेरक शक्ति विश्व स्तरीय एथलीटों के प्रशिक्षण अनुभव को लोकतांत्रिक बनाने की आकांक्षा है, जिससे फिटनेस के प्रति उत्साही




और इच्छुक एथलीटों को उन समान स्तर की सुविधाओं और विशेषज्ञता तक पहुंचने का मौका मिले जिसने जीएमआर की खेल फ्रेंचाइजी को सबसे बड़े प्लेटफार्मों पर सफलता दिलायी है। योद्धाज जिम के लॉन्च पर जीएमआर लीग गेम्स के सीईओ पीकेएसवी सागर ने कहा हमें योद्धाज जिम की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है, जो सभी खेल और फिटनेस प्रेमियों को 360 डिग्री खेल पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हैदराबाद में खुलने वाला पहला योद्धाज जिम आने वाले महीनों में शहर और देश भर में कई और जिमों की शुरूआत है, और हमें उम्मीद है कि हम बिना किसी पूर्वाग्रह के सभी एथलीट और फिटनेस उत्साही लोगों को एक समग्र अनुभव प्रदान करेंगे।

## खबरें व्यापार जगत की

### बिल्डर अग्रिम राशि 10 प्रतिशत से अधिक नहीं ले सकते : रेरा

**एजेंसी। गुरुग्राम**

रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) ने मंगलवार को कहा कि किसी भी प्रमोटर को अग्रिम भुगतान या आवेदन शुल्क के रूप में फ्लैट, प्लॉट या भवन की लागत का 10 प्रतिशत से ज्यादा स्वीकार नहीं करना चाहिए।

रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 13(1) और हरियाणा रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) नियम, 2017 के नियम 8(1) का पालन करते हुए प्राधिकरण द्वारा सभी संभावित और मौजूदा आवंटियों को रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए अग्रिम भुगतान या आवेदन शुल्क को नियंत्रित करने वाले नियमों के बारे में सूचित किया जाता है।

रेरा अधिनियम, 2016 के अनुसार, किसी भी प्रमोटर को किसी अपार्टमेंट, प्लॉट या भवन की बिक्री के लिए लिखित समझौते और उक्त समझौते के पंजीकरण के बिना उसकी लागत का 10 प्रतिशत से अधिक राशि




स्वीकार नहीं करनी चाहिए।

बिक्री के समझौते में अधिनियम के तहत निर्धारित विभिन्न परियोजना विवरण, भुगतान विवरण, कब्जे की तारीखें और अन्य प्रासंगिक जानकारी निर्दिष्ट होनी चाहिए।

इसके अलावा, हरियाणा रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) नियम, 2017 के नियम 8(1) के अनुसार, बिक्री के लिए समझौता अनुबंध ए के मुताबिक होगा, जिसे इस लिंक के माध्यम से देखा जा सकता है : हरियाणा रेरा नियम 2017।

इसमें कहा गया है कि सभी आवंटियों को आवासीय/वाणिज्यिक/औद्योगिक/आईटी/किसी अन्य उपयोग के लिए कोई इकाई/भूखंड/अपार्टमेंट खरीदते समय उपरोक्त नियमों का ध्यान रखने की सलाह दी जाती है।

### क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मिला-जुला कारोबार 43 हजार डॉलर के करीब पहुंचा बिटकॉइन



**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से आज 5 बढ़त के साथ ग्रीन जोन में और 4 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं। एक क्रिप्टो करेंसी की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में पिछले एक सप्ताह से जारी गिरावट पर आज ब्रेक लगा है, जिसके कारण ये आभासी मुद्रा आज एक बार फिर 43 हजार डॉलर के करीब पहुंच गई है। भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 42,821.26 डॉलर यानी 35.59 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ उछल कर 2,529.22 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 0.36 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.69 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 140.47 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 5,498 करोड़ डॉलर यानी 4.57 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 3.88 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.07 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 49.76 प्रतिशत हो गई है।

### स्टार्टअप परिस्थितिकी तंत्र के मामले में गुजरात, केरल और कर्नाटक अव्वल



**नई दिल्ली।** देश में उभरते उद्यमियों के लिए स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के मामले में गुजरात, केरल तथा कर्नाटक सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्य बनकर उभरे हैं। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की ओर से जारी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की रैंकिंग में यह बात सामने आई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को यहां राज्यों की स्टार्टअप रैंकिंग 2022 जारी की। इस अवसर पर गोयल ने कहा कि स्टार्टअप 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। स्टार्टअप और राज्य रैंकिंग पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए वाणिज्य मंत्री ने पिछले आठ वर्षों में स्टार्टअप क्षेत्र में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि जो चीज कभी नवीनता थी, वह अब राष्ट्रीय मुख्यधारा का अभिन्न अंग बन गई है। डीपीआईआईटी की जारी इस रैंकिंग का मकसद राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनके स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने और एक-दूसरे की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं से सीखने में सहायता करना है। इसमें कुल 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। इन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले, शीर्ष प्रदर्शन करने वाले, नेतृत्व करने वाले, महत्वाकांक्षी नेतृत्व करने वाले और उभरते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने वालों की पांच श्रेणियों में बांटा गया है। इसके अलावा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी जनसंख्या के आकार के आधार पर मोटे तौर पर दो वर्गों में विभाजित किया गया है। इनमें एक करोड़ से अधिक आबादी वाले और एक करोड़ से कम जनसंख्या वाले राज्य शामिल हैं।

### शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक

**पांच दिन बाद लाल निशान में बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी**

**नई दिल्ली।** लगातार 5 कारोबारी दिनों से जारी तेजी के सिलसिले पर मंगलवार को ब्रेक लग गया। आज शेयर बाजार सपाट स्तर पर खुला था। शुरूआती कारोबार में मामूली उतार-चढ़ाव के बाद खरीदारों ने कुछ देर तक लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, लेकिन दोपहर 12 बजे के कुछ देर पहले से बिकवाल के हावी होने पर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक में गिरावट आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.27 प्रतिशत और निफ्टी 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों पर लगातार दबाव बना रहा। इसी तरह हेल्थ केयर, रियल्टी और आईटी इंडेक्स में भी गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर मेटल, पीएसयू बैंक और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.43 प्रतिशत टूट कर आज के कारोबार का अंत किया।

## एक नजर

### 'विकसित भारत बनने के लिए आत्मनिर्भर होना होगा सभी को'

**गढ़वा।** प्रखंड के करुआ कला पंचायत भवन के परिसर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय इसमें शामिल हुए। मौके पर पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सबों को मिल रहा है। गढ़वा को 2047 तक विकसित बनने के लिए सभी गढ़वा वासियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। मौके पर गरबा बीडीओ नरेंद्र नारायण, पंचायत सचिव चंद्र देव तिवारी, मुखिया नारद तिवारी, बलराम पांडे, विनोद तिवारी, रामशरीख चंद्रा, शिवनारायण चंद्रा, विजय चौबे, मुरली श्याम तिवारी, बृजेश तिवारी, अजय साहू, कामेश्वर उपाध्याय, रौशन दुबे उपस्थित थे।

### वनभोज का आयोजन

**केतार।** बलिगढ़ पंचायत के मुखिया ललिता कुमारी के द्वारा मंगलवार को खोनहर गांव के पंडा नदी तट पर वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन कुमार गुप्ता] सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राम भजन गुप्ता, परशुराम गुप्ता, श्रवण साह,छोटन सिंह, रमेश राम, लालेश्वर राम, शुशिल यादव, महेंद्र गुप्ता, मनीष गुप्ता, मृत्युंजय यादव, बसंत जयसवाल, रामाधार यादव, ललू राम आदि मौजूद थे।

### दुर्घटना में युवक घायल

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के राजघाटी-सिंहपुर मुख्य पथ में कस्तूरबा विद्यालय के समीप सोमवार की रात्रि में बाइक एक्सीडेंट में चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पालनगर गांव निवासी राजेंद्र पाल के पुत्र पंकज कुमार (18) नावाडीह गांव के समीप अपने नाना को खाना खिलाकर घर लौट रहा था। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के समीप बाईक अनियंत्रित होकर पलट गई। इस रास्ते से गुजर रहे लोगों की नजर करीब 2 बजे रात्रि में पड़ी। इसके बाद उसके परिजनों को सूचना दी गई।

### राम की झांकी 20 को

**मझिआंव।** हिंदू एकता मंच के पदाधिकारी द्वारा राधा कृष्ण मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई जिसमें निर्णय लिया गया कि अयोध्या में राम मंदिर 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत राधा कृष्ण प्राचीन मंदिर परिसर से 20 जनवरी को श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में हिंदू एकता मंच के बैनर तले भव्य राम जी की झांकी निकल जाएगी। हिंदू एकता मंच के अध्यक्ष बिबेक सोनी, उपाध्यक्ष टुकू कमलापुरी, सचिव दीपक माली, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, संरक्षक पुष्प रंजन मेहता, अशोक साहू भारत कुशवाहा निशांत सिंह प्रमोद पाल चंदन कमलापुरी दीपक राज, अमित वर्मा, बिरेंद्र कुमार, चिंटू चंद्रवंशी, जितेंद्र साहू, शाहिद काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### किसान रथ रवाना

**चिनिया।** प्रखंड कार्यालय से मंगलवार को प्रखंड प्रमुख सुनैना देवी व प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुंडा ने कहा कि इसके माध्यम से झारखंड सरकार की ओर से संचालित कृषि और उससे संबंधित विषयों और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। मौके पर प्रमुख सुनैना देवी, उप प्रमुख मोहम्मद फारूक, पंचायत सेवक पवन कुमार आदि मौजूद थे।

नामधारी मवि प्रशासन के मनमाने रवैये एवं एनसीसी में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप

# अभाविप का धरना, पुतला फूंका

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा द्वारा स्थानीय नामधारी महाविद्यालय में एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। साथ ही पुतला फूंका। धरना का आयोजन महाविद्यालय प्रशासन के मनमाने रवैये एवं एनसीसी में हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध कैडेटों के आरोप पर कार्रवाई नहीं होने के खिलाफ किया गया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने यह मांग की कि 8 जनवरी को प्राचार्य द्वारा बनाई गई 7 सदस्यीय जांच कमेटी द्वारा जब तक जांच जारी है व रिपोर्ट नहीं सौंप दी जाती है तब तक के लिए केयरटेकर डॉ. शोभा कुमारी को तत्काल पद से हटाया जाए। साथ ही कमेटी 12 घंटे के अंदर अपना निर्णय महाविद्यालय प्रशासन को सौंपे। यह भी मांग की कि महाविद्यालय के किसी भी मामले में महाविद्यालय प्रशासन शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी व छात्र प्रतिनिधि के साथ समन्वय स्थापित कर निर्णय ले। इसमें किसी बाहरी संस्थाओं व इकाइयों को शामिल न करें।



ज्ञात हो की श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट लगातार कई दिनों से डॉ. शोभा कुमारी द्वारा कैडेट के साथ किए गए दुर्व्यवहार व भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन कर रहे थे। महाविद्यालय प्रशासन ने उनके आंदोलन को नजर अंदाज करने का प्रयत्न किया तब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एनसीसी कैडेट को न्याय दिलाने व एनसीसी में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आंदोलन की शुरुआत की। धरने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अभाविप के प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने बताया कि एनसीसी कैडेट लगातार केयरटेकर डॉ. शोभा कुमारी द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की शिकायत महाविद्यालय प्राचार्य से कर रहे थे, लेकिन इस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। परिषद ने महाविद्यालय प्रशासन को साफ-साफ चेतावनी दी है कि यदि डॉ. शोभा कुमारी को जल्द से जल्द पद मुक्त नहीं किया जाता है तो यह आंदोलन आगे जारी रहेगा। अभाविप के विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ला ने कहा कि प्राचार्य के साथ आज सभी विषयों पर वार्ता विफल रहा, अभी यह आंदोलन एनसीसी कैडेट को न्याय मिलने तक और महाविद्यालय परिसर से भ्रष्ट पदाधिकारी को उखाड़ फेंकने तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मत बिल्कुल स्पष्ट है। परिसर में किसी भी प्रकार के भ्रष्ट पदाधिकारी को फलने फूलने नहीं दिया जाएगा। जिला संयोजक विकास चंद्रवंशी ने कहा कि अभाविप ने सभी विषयों पर स्पष्ट रूप से महाविद्यालय प्राचार्य को चेतावनी देते हुए 12 घंटे का समय दिया है। यदि 12 घंटे के अंदर जांच कमेटी अपना निर्णय प्राचार्य को नहीं सौंपता है और कार्रवाई नहीं होती है तो यह आंदोलन और बड़े स्तर पर एनसीसी कैडेट को न्याय दिलाने के लिए जारी रहेगा। महाविद्यालय में वार्ता विफल होने के पश्चात बालिका उच्च विद्यालय से रंका मोड़ तक पैदल मार्च उपरांत महाविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया गया। मौके पर विभाग सह संयोजक शशांक चौबे, जिला सह संयोजक शुभम कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुमार शुभेंद्र, पंकज चौबे, नगर सह मंत्री सुगंध बघेल, सचिन चौबे, शेखर गुप्ता, एनसीसी के सूरज तिवारी, रोहित कुमार, मनु कुमार, प्रमोद कुमार, अनुज कुमार, संहंसा चंद्रवंशी, सरोज कुमारी, सानिया कुमारी, सोनम कुमारी, रश्मि कुमारी, पूनम कुमारी, अमृता सिंह, मधु कुमारी, निशा कुमारी, किरण कुमारी, सीमा कुमारी, पवन सिंह, मुकेश कुमार मेहता, आशीष पाल, अमरेश, अजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## जनप्रतिनिधियों को विकास योजनाओं की जानकारी दी गई

**श्री बंशीधर नगर।** उपायुक्त के निर्देश पर सबकी योजना, सबका विकास अभियान 2023 के सफल संचालन एवं बाल सभा एवं महिला सभा के मार्गदर्शिका को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सभी पंचायत के मुखिया व पंचायत सचिवों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी विकास जायसवाल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ग्राम पंचायत विकास योजना के निर्माण हेतु सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर, सभी संबंधित विभागों की उपस्थिति सुनिश्चित करने संबंधित विभागों की योजनाओं एवं राशि के संबंध में, ग्राम पंचायत विकास योजना निर्माण हेतु बाल सभा, महिला सभा का आयोजन क्यों आवश्यक है कि जानकारी दी। कार्यशाला में प्रधान कार्यालय सहायक अनिल सिंह, मुखिया उषा देवी, रेखा कुमारी, सुशीला देवी, विवेक कुमार, ओम प्रकाश उरांव, मनोज ठाकुर, सुनीता देवी, फिरदोस अंसारी, पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, नंद मेहता, सीमा, सरोति कुमारी, अमन कुमार केशरी व सभी मुखिया एवं पंचायत सचिव उपस्थित थे।

# कांग्रेस के ओबीसी जिला अध्यक्ष ने दिया त्यागपत्र



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी से प्राथमिक सदस्य एवं संगठन के सभी पदों से मारुतनंदन सोनी ने तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दिया। वहीं सोनी ने कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी के संगठन विस्तार में जैसे जिला अध्यक्ष, प्रदेश समिति एवं सदस्यों की नियुक्ति में जिस प्रकार समर्पित ओबीसी जाति, अनुसूचित जाति, दलित कार्यकर्ताओं को पार्टी में सांगठनिक पदों पर उचित सम्मान एवम उचित स्थान नहीं दिया गया। वहीं सोनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सनातन धर्म विरोधी, देवी देवताओं पर ऊलजुल बयान एवं मर्यादा पुरुषोत्तम राम को काल्पनिक बताया। कांग्रेस पार्टी असंवैधानिक किस्म का राजनीति करती है। कांग्रेस पार्टी ने श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का में निमंत्रण निमंत्रण ठुकराया। इससे मैं काफी आहत हुआ। इसको लेकर मैंने कांग्रेस पार्टी के सभी सभी पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दिया। मौके पर अरविंद तूफानी, धर्मेंद्र पांडे, अंकित मिश्रा, त्रिपुरारी सिंह, धनजय सोनी उपस्थित थे।

### कांग्रेस छोड़ने वालों से पार्टी पर फर्क नहीं पड़ेगा : जिलाध्यक्ष

**गढ़वा।** कांग्रेस पार्टी 14 जनवरी से भारत जोड़ो न्याय यात्रा कर रही है। इसकी शुरुआत मणिपुर के इंफाल से की गई है। उक्त बाते पार्टी के जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान कही। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा 66 दिनों में 6713 किमी दूरी तय करेगी। इसका समापन 20 मार्च को मुंबई में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज देश में नफरत की सरकार चल रही है। घर- घर जाकर राहुल गांधी ने न्याय दिलाने का काम कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में जिलाध्यक्ष ने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़कर गये उससे पार्टी पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

# आदिम जनजाति के पीड़ितों ने लगाई हाथियों से सुरक्षा की गुहार, वन दफ्तर में सौंपा आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड की हेताड़ कला पंचायत के तांडिल गांव के दर्जनों लोग मंगलवार को वन कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कर्मियों को आवेदन देकर हाथियों से सुरक्षा की गुहार लगाई है। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र में विगत 4 महीनों से हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। हाथी पहले तो खेतों में लगी फसलों को बर्बाद कर रहे थे लेकिन अब घरों को पूरी तरीके से छतिग्रस्त कर घर के अंदर रखें अनाज को खाने के साथ-साथ घर में रखी लाखों रुपये की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिसका खामियाजा अभी तक सैकड़ों ग्रामीण उठा चुके हैं।



वहीं तांडिल गांव के दर्जनों आदिम जनजाति परिवार के लोगों ने कहा कि हम लोग इस कड़ाके की ठंड में पूरी रात जग कर आग जलाकर व लुकवारी दिखाकर हल्ला गुला कर के हाथियों को किसी तरीके से भागाने का काम कर रहे हैं, जबकि हम लोगों के घर से एक किलोमीटर दूर बहेरवा गांव में जहां आदिम जनजाति परिवार के लोग निवास करते हैं हाथियों के द्वारा सभी घर के परिवारों को बेघर कर दिया गया है। अंत में वहां के लोगों को दूसरे गांव में जाकर रहना पड़ रहा है। विभाग हाथियों से सुरक्षा के लिए विभाग कोई उचित मार्ग निकाले क्योंकि हाथी अभी भी हम लोगों के जंगल में ही विचरण कर रहे हैं। वहीं आदिम जनजाति के जिला अध्यक्ष नागेश्वर कोरवा ने वन विभाग से अपील करते हुए कहा है कि हाथियों को क्षेत्र से जल्द से जल्द भगाएं और सभी पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा की राशि दी जाए। वही आदिम जनजाति के नेता सुरेंद्र परहिया ने भी विभाग से हाथियों को जल्द से जल्द भगाने सहित पीड़ितों को जल्द मुआवजा देने को कहा। पूछे जाने पर चिनिया प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि सभी को हमारे आस्वस्थ किया गया है कि विभाग से जो भी होगा सुरक्षा जरूर मिलेगी। हाथियों को क्षेत्र से भगाने के लिए भी वरीय अधिकारियों को कहा गया है। हाथी भागने वाली टीम से भी बात हुई है। जल्द ही प्रखंड क्षेत्र से हाथी को भगाया जाएगा। जब तक हाथी क्षेत्र से भाग न जाए तब तक लोग पूरी तरीके से सतर्क रहें।

## अबुआ के लाभुकों के चयन में अनियमितता का लगाया आरोप

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के चितविश्राम पंचायत की बीडीसी मृदुला द्विवेदी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अबुआ आवास के लाभुक चयन हेतु की गई ग्राम सभा में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। बीडीओ को दिये आवेदन में उन्होंने लिखा है कि अबुआ आवास के लिये गरीब, असहाय, विधवा, दिव्यांग व जरूरतमंद लाभुकों का चयन ग्राम सभा के माध्यम से ग्राम सभा में ही करना था, लेकिन प्रखंड कर्मी एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा केवल अबुआ आवास के नामित सूची को पढ़वा कर एवं ग्राम सभा में उपस्थित सभी लोगों का हस्ताक्षर एवं अंगूठे का निशान लगवा कर ग्राम सभा रजिस्टर को अपने कब्जे में ले लिया गया। उन्होंने कहा है कि मनमानी तरीके से लाभुकों का चयन किया जा रहा है जो चितविश्राम पंचायत के गरीब, असहाय, विधवाओं एवं दिव्यांगों के साथ सरासर अन्याय हुआ है। उन्होंने पुनः ग्राम सभा कराकर जरूरतमंद लाभुकों का चयन ग्राम सभा में ही करने का अनुरोध किया है।

# पचोर के लाभुकों को 3 महीने से नहीं मिला खाद्यान्न, प्रखंड कार्यालय पर किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड के पचोर गांव के पीडीएस लाभकों को 3 महीने से खाद्यान्न नहीं मिला। मामले को लेकर नारेबाजी करते लाभुक मंगलवार को अपने घर से प्रखंड कार्यालय पहुंच गए।



वहीं घंटों तक प्रखंड कार्यालय परिसर में हो हंगामा कर डीलर और विभागीय पदाधिकारियों के खिलाफ भड़ास निकालते रहे। इसी बीच उक्त लोगों की आवाज सुन बीडीओ राहुल कुमार सानू उनके पास पहुंच गए। वहीं समस्या के बारे में उनसे लंबी पूछ ताछ किया। साथ ही एम ओ को कार्यालय में नहीं होने की जानकारी देकर कार्रवाई का आश्वासन दिया और उन्हें घर वापस भेज दिया। इस बीच उक्त लाभुकों की संख्या 200 से 300 के बीच आंकी गई। प्रखंड कार्यालय पहुंचे लाभुक अपने अपने हाथ में इपॉश मशीन से निकला पर्ची को दिखाते हुवे सिर्फ विभागीय पदाधिकारीयों को कोसने का काम कर रहे थे। उनका कहना था कि 3 महीने का खाद्यान्न नहीं मिलने की जानकारी देते हुए हम सभी एम ओ चुनाराम हेंब्रम को दूसरे दुकान के पास अपना अपना आवंटन टैग कराने को लेकर लिखित आवेदन दिए थे। बावजूद हम सभी के आवंटन को उनके द्वारा दूसरे डीलर के पास टैग नहीं किया गया। नतीजा हुवा की उक्त डीलर के द्वारा पुनः जनवरी माह का भी हमसभी का खाद्यान्न उठा लिया गया।

लाभुक उपेंद्र पासवान, लाल बहादुर सिंह, धर्मेंद्र राम, उदय राम, अनीता देवी, सिमा देवी, बुधन सिंह, नीरा देवी, परिखा भुइयां इत्यादि लोगों ने बताया कि ईपॉश मशीन से पर्ची निकालने के बाद भी डीलर रामचंद्र सिंह के द्वारा हम सभी को 3 माह का खाद्यान्न नहीं दिया गया। वहीं मांगने पर आज दे देंगे तो कल दे देंगे का आश्वासन उनके द्वारा हम लोगों को दिया जाता रहा लेकिन आज तक खाद्यान्न हम लोगों को नसीब नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि उक्त डीलर के पास से दूसरे डीलर के पास हम सभी अपने-अपने आवंटन को करने के लिए एमओ को आवेदन भी दिए लेकिन आज तक उसका भी कोई असर नहीं हुआ। इसी बीच उनके द्वारा जनवरी माह का भी हम सभी के खाद्यान्न को उठा लिया गया। लाभुकों ने कहा कि तीन माह का खाद्यान्न नहीं दिया गया तो क्या जनवरी माह में खाद्यान्न दिया जाएगा ऐसा नहीं लगता हैं। उसी से बचने के लिए हम सभी दूसरे डीलर के पास आवंटन ट्रैग करने को लेकर के एमओ चुनाराम हेमराम को लिखित आवेदन दिए थे।

## किराना दुकान में अपराधियों ने तीन राउंड फायरिंग की, खोखा बरामद



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**

पाटन प्रखंड के राजहरा गांव स्थित एक किराना दुकान में बीती रात अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की है. जानकारी के अनुसार, अपराधियों ने कंचन दुबे के दुकान में तीन राउंड फायरिंग की. गोली स्टर को छेदते हुए काउंटर में लगे शीशा को तोड़ते हुए रजिस्टर में फंस गयी. घटना की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीन गोली का खोखा बरामद किया है. दुकान मालिक कंचन दुबे के अनुसार, कल रात सात बजे दुकान बंद कर बगल वाले कमरा में सो गये थे. देर रात करीब 12 बजे किसी ने दुकान खोलने को कहा. शटर नहीं खोलने पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ तीन राउंड गोली चलायी. वहीं दुकान में रखी चौकी को भी जला दिया. बताया कि पाटन पुलिस और किशनपुर ओपी पुलिस को घटना की जानकारी दी है. साथ ही पाटन थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ आवेदन दिया है.

# दोना-पत्तल के सहारे गुजर रही आदिवासियों-गरीबों की जिंदगी

**ओपी प्रजापति**

**मेदिनीनगर।** दशकों से पलामू प्रमंडल के सुदूरवर्ती अंचलों में रहने वाले आदिवासियों-गरीबों की जिंदगी दोना-पत्तल के सहारे गुजर रही है। पलामू सहित सीमावर्ती गढ़वा व लातेहार जिलों के दर्जनों परिवारों का डालटनगंज रेलवे स्टेशन आशियान बना हुआ है। इस पेशे में उनका पूरा परिवार लगा हुआ है। शहर के रेड़मा चौक, रेलवे स्टेशन, अम्बेडकर पार्क सहित तमाम चौक-चौराहे पर घूम-घूम कर भी दोना-पत्तल बेचते आदिवासी-गिरवासी सहजता से देखे जा सकते हैं। पलामू के जंगल में विभिन्न प्रजाति के पेड़ों के पत्ते तोड़कर तथा उनके पत्तल तैयार कर उन्हें बाजार में बेचना गरीबों के जीवन का अंग बन चुका है। दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले लगभग प्रत्येक परिवार की महिला सदस्य इस पेशे में लिप्त है।



पत्तल और दोना बेचते आदिवासी समाज के लोग

**मिले कुटीर उद्योग का दर्जा :** शहर में दोना-पत्तल बेच रही महिलाओं का कहना है कि सरकार की तरफ से घोषणायें तो खूब की जाती हैं, किंतु उन्हें धरातल पर नहीं उतारा जाता। यदि दोना-पत्तल निर्माण को कुटीर उद्योग का दर्जा दे दिया जाये तो काफी हद तक उनकी समस्याओं का निराकरण संभव हो सकेगा। ऊपर से सिंगल यूज प्लास्टिक के बढ़ते चलन से उनका धंधा भी मंदा होता जा रहा है।

### उद्योग नहीं लगने से नहीं मिला रोजगार

पलामू का 78 प्रतिशत भू-भाग वन आच्छादित है। यहां प्राकृतिक संसाधन तो भरपूर हैं। उनका दोहन भी हो रहा है, किंतु एक भी उद्योग-धंधा स्थापित न होने से रोजगार का हाल बदहाल है। परिणाम स्वरूप यहां के युवक जहां काम की तलाश में पलायन करने को विवश हैं।

# सहायक समाहर्ता ने की आपूर्ति विभाग की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने मंगलवार को जिले के एमओ व एजीएम के साथ बैठक कर खाद्य आपूर्ति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने एनएफएसए, ग्रीन कार्ड, आदिम जनजाति परिवार कल्याण योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, किरासन, चीनी, नमक वितरण आदि की प्रखंडवार समीक्षा की और शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। पीटीजीवी परिवारों को डाकिया योजना के तहत उपलब्ध कराए जा रहे खाद्यान्नों की समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्राथमिकता के तहत पीटीजीवी परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके अलावे उन्होंने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में राशन कार्ड में नाम सुधार करवाने हेतु आये आवेदनों की समीक्षा की। उन्हें बताया गया कि सभी आवेदनों का निपटारा कर दिया गया है। उन्होंने आधार व मोबाइल सीडिंग को प्राथमिकता देते हुए शत- प्रतिशत पूर्ण करने की बात कही। मौके पर विभिन्न प्रखंडो के आपूर्ति पदाधिकारी, एजीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

# सूर्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में हुआ अन्नाधिवास संस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के करीवाडीह में चल रहे सूर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन श्री सूर्य नारायण भगवान का अन्नाधिवास संस्कार कराया गया। मौके पर काशी के कर्मकांड के विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर में भगवान सूर्यनारायण और उनके सातो संतानों का अन्नाधिवास काराया गया। इस दौरान मंदिर में अन्य देवी- देवताओं का भी अन्नाधिवास संस्कार कराया गया।



इस अवसर पर काशी के विद्वान कथावाचक पंडित सौरभ भारद्वाज द्वारा भगवान श्रीराम का संगीतमय कथा का प्रवचन किया गया। मौके पर दिल्ली के पूर्व मेयर सह मंदिर कमेटी के संरक्षक बिपिन बिहारी सिंह, सुंडी मुखिया प्रतिनिधि सह मंदिर कमेटी के सदस्य राजा सिंह, टाइगर सुरेंद्र सिंह, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, विनोद सिंह, अरुण सिंह, रामचंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, बबलू सिंह, मंटू सिंह आदि सहित काफी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु-श्रोता उपस्थित थे।

**मौसम** सार्वजनिक स्थलों पर अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं

# हाड़ कंपाती ठंड से आमजन परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

गिरते तापमान के कारण ठंड बढ़ने लगी है। वहीं सार्वजनिक स्थलों बस व टेंपो स्टैंड, रेलवे स्टेशन में अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे शाम और रात के समय राहगीरों, यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



लोगों को रात के अलावा सुबह और शाम के समय गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह के समय धूप से कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है वैसे-वैसे तापमान गिरने लगता है और ठंड बढ़ता जाता है। इस हाड़ कंपाती ठंड से आम लोगों को ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रतिवर्ष ठंड बढ़ते ही प्रशासन की ओर से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की जाती है, लेकिन इस वर्ष अब तक प्रखंड प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण रात के समय लोगों को खुले में ठंड से बचने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा है। क्षेत्र के रेलवे स्टेशन में देर रात और भोर में यात्री ट्रेनें पहुंचती हैं। ज्यादातर यात्री सुबह होने के इंतजार में घंटों तक स्टेशन में रुकते हैं, लेकिन रेलवे प्रबंधन की ओर से और न ही प्रसाशन या किसी सामाजिक संगठन की ओर से स्टेशन परिसर में अलाव की व्यवस्था की जा रही है।

### गांवों में जलने लगे अलाव

ठंड का असर ग्रामीण क्षेत्र में भी हो रहा है, जहां शाम होते ही ग्रामीण अपने- अपने घरों में अलाव जला रहे हैं। इसके अलावा घरों में बोरसी गोबर के गोयठा, लकड़ी जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया जा रहा है।

## पेज एक के शेष

### ईडी ने चेतावनी समझने में ...

छत्तीसगढ़ में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद ईडी की कार्रवाई चलती रही, जिसका फायद बीजेपी को मिला।

**ईडी की कार्रवाई राज्य सरकार को परेशान करने के लिए की जा रही है** :उन्होंने कहा कि ईडी के माध्यम से झारखंड में भी ऐसा ही करने का प्रयास चल रहा है, मगर यहां यह सब नहीं चलेगा। हम लड़नेवाले लोग हैं। जनता को सब पता है। ईडी के समन और नोटिस की जानकारी कैसे सार्वजनिक हो जाती है, जबकि किसी माध्यम से यह जानकारी पब्लिक डोमेन में नहीं डाली जाती है। इससे तो यही जाहिर होता है कि ईडी की कार्रवाई राज्य सरकार को परेशान करने के लिए की जा रही है। सुप्रियो ने कहा कि ईडी के खिलाफ राजनीतिक लड़ाई लड़ने को विवश किया जा रहा है।

### देश में व्यापार को ...

सारे सुधारों के कारण आज देश में रिकॉर्ड कर संग्रह हो रहा है। प्रधानमंत्री ने अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मेरा 11 दिवसीय उपवास अनुष्ठान चल रहा है। ऐसे शुभ समय में यहां आकर भगवान का आशीर्वाद लेने से धन्य हो गया हूं।




## एक नजर

### प्रधानमंत्री ने संत तिरुवल्लुवर को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तिरुवल्लुवर दिवस पर संत तिरुवल्लुवर को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि आज हम तिरुवल्लुवर दिवस मनाते हैं, उस महान तमिल संत की याद में, जिनका तिरुक्कुरल में गहन ज्ञान हमें जीवन के कई पहलुओं में मार्गदर्शन करता है। उनकी शाश्वत शिक्षाएं समाज को सद्गुण और अखंडता पर ध्यान केंद्रित करने, सद्भाव और समझ की दुनिया को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करती हैं।

### ट्रम्प आयोवा कॉकस जीतने को तैयार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के दो बार महाभियोग झेल चुके पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आयोवा राज्य में आयोजित पहली प्राइमरी में भारी जीत के साथ रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के नामांकन को जीतने के लिए कदम बढ़ाने को तैयार हैं। आशा के अनुरूप ट्रम्प को आयोवा कॉकस जीतने का अनुमान है। सीएनएन ने एक सर्वेक्षण में उनकी जीत का अनुमान लगाया है। आयोवा कॉकस अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया की एक अनूठी विशेषता है। राज्य इस प्रक्रिया में मतदान करने वाला पहला राज्य है। ट्रम्प की जीत नामांकन पर उनके दावे को आगे बढ़ाती है, लेकिन इसकी गारंटी नहीं देती है। पूर्व राष्ट्रपति 93 आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं और 2024 में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य ठहराए जाने का जोखिम है। दो राज्यों ने पहले ही उन्हें राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों की सूची से बाहर कर दिया है।

### पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास जंगल की आग से बारूदी सुरंग में विस्फोट

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास जंगल में आग लगने से कई बारूदी सुरंगों में विस्फोट हो गया। रिपोर्टों में कहा गया है कि जिले के मेंढर और बालाकोट इलाकों में जंगल की आग पिछले दो से तीन दिनों से जारी है। एलओसी के करीब इन आग की वजह से इन इलाकों में कई बारूदी सुरंगों में विस्फोट हुआ है।

### आईडीएफ ने गाजा में 100 रॉकेट इंस्टॉलेशन का खुलासा किया

**तेल अवीव।** इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को कहा कि उसने गाजा में हमास के गढ़ से लगभग 100 रॉकेट इंस्टॉलेशन का खुलासा किया है। आईडीएफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तरी गाजा के बेत लाहिया शहर में 401वीं ब्रिगेड कॉम्बैट टीम को रॉकेट इंस्टॉलेशन और 60 रेडी-टू-यूज रॉकेट मिले, जहां सैनिकों ने परिचालन गतिविधि के दौरान दर्जनों आतंकवादी गुर्गों को ढेर किया।

### निजामुद्दीन दरगाह के पास अनधिकृत निर्माण पर लगी रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को संबंधित अधिकारियों को केंद्र संरक्षित निजामुद्दीन दरगाह और बावली के पास एक अनधिकृत गेस्ट हाउस में किसी भी निर्माण को रोकने का निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने अनधिकृत निर्माण पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि इसकी जांच सीबीआई से भी कराई जा सकती है। अदालत का निर्देश जामिया अरबिया निजामिया वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी द्वारा दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान आया।

# अब भव्य मंदिर के साथ ही नव्य अयोध्या के भी दर्शन कराएगी रामनगरी

**एजेंसी। अयोध्या**

भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। साथ ही अयोध्या भी सजकर तैयार हो रही है। जिन लोगों ने कई वर्ष पूर्व अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए होंगे, वो जब नव्य दिव्य मंदिर में भगवान के नए विग्रह के दर्शन करने को आएंगे तो नव्य अयोध्या को देखकर विस्मित हो जाएंगे। सुंदर प्रवेश द्वार, रोड पर चमचमाते सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग, साफ सुथरी और चौड़ी सड़कें, स्वच्छ और निर्मल सरयू, सुंदर तट, राम की पैड़ी की अलौकिक आभा, एक ही पैटर्न पर बनाई गई दुकानें नई अयोध्या के दर्शन कराएंगी।

हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं को यहां धरातल पर उतारा गया है, जिसके बाद यह नगरी श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार है। अयोध्या नगरी में घुसते ही साफ सुथरी पक्की सड़क श्रद्धालुओं का स्वागत कर रही है। सड़क के बीच में लगे सूर्य स्तंभ, रात के अंधेरे में रामनगरी की सुंदरता को दुगुना बढ़ा रहे हैं। प्रवेश द्वार देखकर ही इस बात का एहसास हो जाता है कि आप किसी दिव्य नगरी में प्रवेश कर रहे हैं। पूरे रास्ते आपको दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी अदभुत वॉल पेंटिंग देखने को मिलेगी जो आपको श्रद्धा से सराबोर कर देगी। सरयू नदी और यहां के घाटों का कायाकल्प कर दिया गया है। करोड़ों रुपए खर्च कर योगी सरकार ने यहां नदी की स्वच्छता के साथ ही साफ सुथरे घाटों का निर्माण करवाया है। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि 12 महीने सरयू का जल घाटों पर बना रहे। इसके लिए एक्सपर्ट की टीम लगी हुई है। नदी की स्वच्छता और निर्मलता इतनी है कि किसी भी घाट पर स्नान किया जा सकता है। प्रतिदिन होने वाली सरयू आरती ने घाटों की पवित्रता को भी सुनिश्चित करने का काम किया है। अब सरकार इस पर क्रूज और बोट भी चलाने जा रही है जो श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी अलौकिक बना देगा।

एक अधिकारी ने बताया कि सरयू घाट से राम लला के मंदिर जाने वाले चौराहे में बड़ी सी वीणा लगी हुई है। इसे लता मंगेशकर चौक या वीणा चौक भी कहा जाता है। अयोध्या के विकास के क्रम में डबल इंजन की सरकार ने इसकी स्थापना की है। आजकल ये चौक अयोध्या का केंद्र बिंदु बना हुआ है। यहां शासन और प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ नेशनल और इंटरनेशनल मीडिया का भारी जमावड़ा है।

सैंकड़ों यूट्यूबर, रील्स मेकर यहां अपने कैमरों के साथ शूट करते दिख जाएंगे। विशिष्ट अतिथियों के साथ ही आम लोग भी यहां वीणा के साथ सेल्फी लेने के लिए आतुर दिखाई देते हैं।

इसके अलावा इस समय यहां विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। जैसे ललित कला विभाग के छात्र यहां से लेकर राम मंदिर तक सड़क पर रंगोली बना रहे हैं। चौराहे के आस पास चाय-नाश्ते की दुकानों के कारण यहां भारी चहल पहल है।

अयोध्या निवासी रमेश कश्यप कहते हैं कि राम की पैड़ी पुरातन अयोध्या के साथ ही नव्य अयोध्या के वैभव का भी सबसे अहम पड़ाव है। यह श्रद्धा का केंद्र तो है ही, साथ ही नदी किनारे सुकून से परिवार संग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते हुए वक्त बिताने का मनोरम स्पॉट भी है। यहां आर्टिफिशियल चैनल के जरिए सरयू नदी का पानी लाया गया है तथा यह हेरिटेज सिटी के तौर पर अयोध्या के खोए वैभव को साकार करने की दिशा में सकारात्मक माध्यम बनकर उभरी है।

यूपी सरकार ने 105.65 करोड़ रुपए के विभिन्न जीर्णोद्धार और विकास कार्यों को पूरा कर नव्य आभा और भव्य स्वरूप से राम की पैड़ी को सुशोभित किया है। राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है।



### कन्नड़ में शिवश्री स्कंदप्रसाद की प्रस्तुति प्रभु राम के प्रति समर्पण की भावना को व्यक्त करती है : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कन्नड़ में शिवश्री स्कंदप्रसाद की प्रस्तुति प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति की भावना को आकर्षक रूप से व्यक्त करती है। मोदी ने शिवश्री स्कंदप्रसाद द्वारा कन्नड़ में गाए गए प्रभु श्रीराम के भजन वीडियो को एक्स पोस्ट में साझा करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में काफी सहायता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि कन्नड़ में शिवश्री स्कंदप्रसाद की यह प्रस्तुति प्रभु श्रीराम के प्रति भक्ति की भावना को आकर्षक रूप से व्यक्त करती है।

## काशी के शिल्पकार ने सोने, चांदी और हीरे से बनाई श्रीराम मंदिर की अनुकृति

**एजेंसी। वाराणसी**

22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश पूरा राममय होने लगा है। ऐसे में भोले की नगरी कहे जाने वाली काशी भला कैसे पीछे रह सकती है। यहां के गुलाबी मीनाकारी के राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित हस्तशिल्पी वाराणसी के कुंज बिहारी ने सोने, चांदी और डायमंड से 108 दिनों की मेहनत से श्री राम मंदिर की रेप्लिका बनाई है। जीआई और ओडीओपी उत्पादों में शुमार गुलाबी मीनाकारी की चमक पूरी दुनिया में है। वाराणसी के गाय घाट निवासी नेशनल अवॉर्डी शिल्पकार कुंज बिहारी का दावा है कि पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्रीराम मंदिर की अनुकृति बनाई गई है। इसको बनाने में 108 दिन का समय लगा है। गुलाबी मीनाकारी में सोने और चांदी का प्रयोग किया जाता है। राम मंदिर की अनुकृति लगभग 2.5 किलो की है जो 12 इंच ऊंची, 8 इंच चौड़ी और 12 इंच लम्बी है। इसमें सोना, करीब डेढ़ किलो चांदी और अनकट डायमंड शिखर पर लगाया गया है। प्रभु राम के मंदिर की अनुकृति 108 पार्ट्स से निर्मित किया गया है। मंदिर की रेप्लिका में रामलला की सोने की मूर्ति भी है। उन्होंने बताया कि इस अनुकृति को बनाने में श्री राम की कृपा रही है। पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्री राम मंदिर बनाने की जब कोशिश की जा रही थी, तब वह पहले तो आकार ही नहीं ले पा रही थी, मगर जब प्रभु श्रीराम का नाम लेकर तथा उनके भजन सुनते हुए काम शुरू किया गया तो देखते ही देखते गुलाबी मीनाकारी से मंदिर ने अपना स्वरूप ले लिया। उन्होंने बताया कि मोदी व योगी के प्रयासों से आज गुलाबी मीनाकारी को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल गई है। इसलिए इस नायब हुनर को मोदी और योगी के माध्यम से श्री राम मंदिर को समर्पित करना चाहते हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी के शिल्पियों के हुनर का बेजोड़ नमूना गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद उपहार में देते रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरीस, ऑस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन, जापान के प्रधानमंत्री और फ्रांस के मैनुअल माइक्रोन की पत्नी को भी जीआई प्रोडक्ट के अनोखे तोहफे दे चुके हैं। मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की गुलाबी मीनाकारी को योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से पंख लग गया है। अब ये उत्पाद लोकल टू ग्लोबल हो गया है। गुलाबी मीनाकारी की चमक विदेशों में चमकने लगी है।



# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एक पॉलिटिकल इवेंट कांग्रेस नहीं होगी शामिल : राहुल

**एजेंसी। कोहिमा**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 'एक चुनावी और राजनीतिक समारोह' है, इसीलिए कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा (बीजेएनवाई) अब नागालैंड पहुंच गई है। इसमें हिस्सा ले रहे कांग्रेस नेता ने कहा कि अयोध्या में कार्यक्रम राजनीतिक है। यह आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, "हमारे (कांग्रेस) लिए 22 जनवरी के समारोह में शामिल होना मुश्किल है। यह मोदी का कार्यक्रम है। वे (भाजपा) धार्मिक कार्यक्रमों को हमेशा चुनावी बना देते हैं। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और हमारे लिए सभी धर्म एक समान हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष हिंदू धार्मिक नेता भी 22 जनवरी के समारोह पर सवाल उठा रहे हैं। इसे राजनीति और आगामी लोकसभा चुनाव के साथ जोड़ दिया गया है। इंडिया ब्लॉक की विचारधारा के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने कहा, हम विभाजित भारत नहीं चाहते। हम बिना नफरत वाला अखंड भारत चाहते हैं। दलित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग की भी उपेक्षा नहीं की जाएगी। शासन में उनकी भूमिका को उचित महत्व मिलेगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में, कांग्रेस नेता ने कहा कि इंडिया ब्लॉक के साझेदारों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अच्छी तरीके से चल रही है। इंडिया ब्लॉक की स्थिति बहुत अच्छी है। मेरा मानना है कि सब कुछ आसानी से सुलझ जाएगा। कुछ मुद्दे हैं लेकिन ज्यादातर जगहों पर समस्या नहीं हैं। मीडिया कुछ मुद्दों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहा है। इंडिया गुट के साझेदारों के बीच परस्पर सम्मान है।" राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन तैयार हो रहा है और यह 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी से मुकाबला करने के लिए अच्छी तरह से काम करेगा। लंबे समय से लंबित नागा राजनीतिक मुद्दे के बारे में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नौ साल पहले कुछ प्रतिबद्धताएं दी थीं लेकिन वे अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। एक सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा कि अगर आगामी चुनावों में इंडिया ब्लॉक सत्ता में आता है, तो वह ठोस बातचीत और आपसी समझ के जरिए नागा राजनीतिक मुद्दे को सुलझाने की कोशिश करेगा।



### बीते पांच वर्ष में कृषि बजट के एक लाख करोड़ रुपये नहीं हुए खर्च : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि बीते पांच वर्षों में कृषि बजट का एक लाख करोड़ रुपये केन्द्र सरकार ने खर्च ही नहीं किया गया जबकि इस राशि से किसानों के हित में अनेक कार्य किए जा सकते थे। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दीपेन्द्र हुड्डा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया है कि मोदी सरकार ने 5 साल में कृषि बजट का एक लाख करोड़ रुपये से अधिक सरेंडर कर दिया है। यह पैसा किसानों के हित में खर्च ही नहीं किया गया।

### शर्मिला आंध्र प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष नियुक्त




**अमरावती।** कांग्रेस ने मंगलवार को वाई.एस. शर्मिला को पार्टी की आंध्र प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। उनके लिए गिदुगु रुद्र राजू ने पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इस्तीफे के ठीक एक दिन बाद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शर्मिला को आंध्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया। खड़गे ने रुद्र राजू को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी की बहन और पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी हैं। उन्होंने 4 जनवरी को वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) का कांग्रेस पार्टी में विलय किया था। शर्मिला ने एपीसीसी के अध्यक्ष पद पर भरोसा करने के लिए खड़गे, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और के.सी. वेणुगोपाल को धन्यवाद दिया।

## 'जनता के दरवाजे तक पहुंच रहा सरकारी योजनाओं का लाभ'



**एजेंसी। लखनऊ**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि जनता के दरवाजे तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। कोई परिवार ऐसा नहीं होगा जिसे किसी न किसी योजना का लाभ ना मिला हो। राजनाथ सिंह लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित मान लॉन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पहले भारत को कमजोर माना जाता था। कहा जाता था कि ये गरीबों का देश है। अब भारत को मजबूत और ताकतवर देश माना जाता है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाना चाहिए। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के लोगों से प्रश्न करते हुए राजनाथ ने कहा कि मैं जो कुछ कर सकता था, उसे लखनऊ के लोगों के लिए किया है। मेरे काम से आप लोग संतुष्ट हैं या नहीं हैं। आप सभी लोग मुझे बताइये। ये देश मजबूत रहेगा और देशवासी मजबूत रहेंगे तो हम भी मजबूत रहेंगे। रक्षामंत्री ने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे तब अर्थव्यवस्था के मामले में भारत 10वें स्थान पर था। अर्थव्यवस्था के मामले में भारत अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। राजनाथ ने कहा कि देश-दुनिया के अर्थशास्त्री पूछते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी क्या करिश्मा करते हैं। वो दिन दूर नहीं है, जब भारत टॉप थ्री देशों की सूची में भी शामिल हो जाएगा।

### हिंसा के बीच इक्वाडोर की जेल से 48 कैदी भागे

**क्विटो।** इक्वाडोर में 8 जनवरी को घोषित आंतरिक सशस्त्र संघर्ष के बीच देश के उत्तरी शहर एस्मेराल्डास की एक जेल से कम से कम 48 कैदी भाग गए। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने सोमवार को नेशनल सर्विस ऑफ इंटीग्रल अटेंशन टू एडल्ट्स डिप्राइव्ड ऑफ लिबर्टी एंड एडोलसेंट ऑफेंडर्स (एसएनएआई) के हवाले से कहा, "भागने के सबूत रविवार को तब मिले जब राष्ट्रीय पुलिस और सशस्त्र बलों ने जेल में तलाशी अभियान चलाया।" एसएनएआई ने बताया कि पांच कैदियों को फिर से पकड़ लिया गया।

## आरएसएस, भाजपा की विचारधारा पर चल रही है 'आप' : औवैसी

**एजेंसी। हैदराबाद**

एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने दिल्ली के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा आयोजित करने के निर्णय के लिए 'आप' की आलोचना की है और कहा है कि वह आरएसएस और भाजपा की विचारधारा का पालन कर रही है। हर महीने के पहले मंगलवार को दिल्ली के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करने के 'आप' के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, हैदराबाद के सांसद ने दिल्ली की सत्तारूढ़ पार्टी को 'आरएसएस का छोटा रिचार्ज' करार दिया। 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में, ओवैसी ने हैरानी जतायी कि क्या 'आप' ने 22 जनवरी के कार्यक्रम के चलते यह निर्णय लिया है। वह अयोध्या में राम मंदिर के निर्धारित उद्घाटन का जिक्र कर रहे थे। ओवैसी ने याद दिलाया कि 'आप' नेताओं ने बिलकिस बानो के मुद्दे पर चुप्पी साध ली थी और कहा था कि वे केवल शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर बात करना चाहते हैं। उन्होंने पूछा, "सुंदरकांड पाठ शिक्षा का पाठ है या स्वास्थ्य का?" उन्होंने आरोप लगाया कि 'आप' संघ के एजेंडे को पूरा समर्थन दे रही है। ओवैसी ने लिखा, "वे नहीं चाहते कि हम बाबरी (मस्जिद) के बारे में बात करें लेकिन वे न्याय, प्रेम, फलां-फलां का ढोल पीटते रहते हैं और साथ ही हिंदुत्व को मजबूत करते रहते हैं।'



## दावोस में महाराष्ट्र को प्रदर्शित करने का एक बड़ा मौका : एकनाथ शिंदे

**एजेंसी। मुंबई**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मंगलवार को कहा कि दावोस विश्व आर्थिक मंच की बैठक दुनिया भर की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में वैश्विक स्तर पर 'महाराष्ट्र को प्रदर्शित करने का एक बड़ा मौका' होगा। दावोस की अपनी तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले मीडिया से बातचीत करते हुए शिंदे ने कहा, यह एक बड़ा अवसर है, महाराष्ट्र को डब्ल्यूईएफ में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग और प्रदर्शन का मौका मिलेगा, जहां दुनिया भर के प्रमुख लोग और सरकारों के प्रमुख आएंगे। महाराष्ट्र में निवेश करने वालों की इच्छा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि राज्य बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और कुशल जनशक्ति के रूप में एक बड़ी क्षमता प्रदान करता है। शिंदे ने कहा, इस बार समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे और उनका रूपांतरण भी होगा। पिछले साल, राज्य ने 1.37 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए और लगभग 76 प्रतिशत कार्यान्वित किए गए हैं, और 2024 में, मुख्यमंत्री की नजर महाराष्ट्र के सभी क्षेत्रों और जिलों में 3.10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर है। शिंदे ने दावा किया कि उनके शासन संभालने से पहले, राज्य देश में तीसरे या चौथे स्थान पर आ गया था, लेकिन उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद, राज्य ने एफडीआई को आकर्षित करने में अपना नंबर एक स्थान फिर से हासिल कर लिया। प्रधानमंत्री का 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना महाराष्ट्र से होकर गुजरता है। हमने राज्य के लिए 1 ट्रिलियन रुपये का लक्ष्य रखा है। दावोस मीट में, शिंदे ने विभिन्न डब्ल्यूईएफ कार्यक्रमों के अलावा शीर्ष भारतीय और वैश्विक कॉर्पोरेट दिग्गजों, राजनयिकों, विश्व नेताओं और सेमिनार में भाग लेने वाले अन्य लोगों के साथ बैठकों का एक प्रभावशाली कार्यक्रम तैयार किया है।



फिल्म जगत

### राष्ट्रीय पुरस्कार मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा : पंकज त्रिपाठी

**बॉलीवुड** में पंकज त्रिपाठी को एक बहुमुखी अभिनेता के रूप में जाना जाता है। पंकज त्रिपाठी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों के मन में खास जगह बनाई है। हाल ही में एक इंटरव्यू में पंकज त्रिपाठी ने अपनी मां को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पंकज त्रिपाठी ने कहा, मेरी मां को इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी कि मैं क्या करता हूं। एक दिन वह मुझे बता रही थी कि घर पर कोई मेरे बारे में पूछने आया था। उन्हें नहीं पता था कि मैं इतना लोकप्रिय हूं। मेरी मां पिछले कुछ दिनों से मेरे साथ मुंबई में रह रही थीं, लेकिन वह हर दिन मुझसे गांव वापस जाने के लिए जिद करती रहती थी। वह सादा जीवन जीने की आदी हैं और उन्हें ऐसा ही रहना पसंद है। फिल्म मिमी के लिए पंकज त्रिपाठी को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इस अवॉर्ड को पाने के बाद उन्होंने अपनी भावनाओं के बारे में खुलासा किया है। पंकज त्रिपाठी ने कहा, राष्ट्रीय पुरस्कार मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा था। यह एकमात्र सफलता थी जिसे मैं हमेशा हासिल करना चाहता था। जब मैं नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में था तब आशीष विद्यार्थी ने यह पुरस्कार जीता था। इसके बाद पिंजरा के लिए मनोज ने ये अवॉर्ड जीता। तब से मैं सोच रहा था कि मैं यह पुरस्कार कब जीतूंगा।

